RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 345
नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




अपनी पारी से खुश नहीं भारतीय कप्तान
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# एफटीए को जल्द अंतिम रूप देंगे भारत-ब्रिटेन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए पीएम ऋषि सुनक से फोन पर की बात और दी बधाई
- दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते को नतीजे तक पहुंचाने पर प्रतिबद्धता जताई

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/लंदन




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से फोन पर बात की। उन्होंने सुनक को पीएम बनने की बधाई दी। इस दौरान मोदी ने भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय रिश्तों और व्यापार समझौते को लेकर चर्चा की।

पीएमओ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द नतीजे तक पहुंचाने पर प्रतिबद्धता जताई है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, आज ऋषि सुनक से बात करके खुशी हुई। ब्रिटेन के पीएम के रूप में कार्यभार संभालने पर उन्हें बधाई दी। हम अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम एक व्यापक और संतुलित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के शीघ्र निष्कर्ष के महत्व पर भी सहमत हुए। वहीं ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी को उनकी नई भूमिका के लिए बधाई देने के वास्ते धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह इस बात से उत्साहित हैं कि दो महान लोकतांत्रिक देश क्या हासिल कर सकते हैं क्योंकि हम अपने सुरक्षा, रक्षा एवं आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में लगे हैं।

मोदी ने कहा कि एक व्यापक और संतुलित मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र समापन के महत्व पर भी वह और सुनक सहमत हुए। इसके बाद सुनक ने कहा, मैं अपनी नई भूमिका शुरू करने के लिए बधाई देने के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त करता हूं। ब्रिटेन और भारत में बहुत कुछ है। मैं इस बात से उत्साहित हूं कि हमारे दो महान लोकतंत्र क्या हासिल कर सकते हैं क्योंकि हम आने वाले महीनों और वर्षों में अपनी सुरक्षा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। ऋषि सुनक (42) ने मंगलवार को भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें दिवाली के दिन कंजर्वेटिव पार्टी का निर्विरोध नया नेता चुना गया था। ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री सुनक हिंदू हैं और वह पिछले 210 साल में ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं।

भारत और ब्रिटेन ने जनवरी में मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की थी और दिवाली तक वार्ता समाप्त किए जाने का उद्देश्य था, लेकिन मुद्दों पर आम सहमति की कमी के कारण समय सीमा चूक गई। सुनक के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में जाने के साथ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार सौदे को बहुत जरूरी गति मिलने की संभावना है। सुनक हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते यानि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के समर्थक रहे हैं। इस समझौते का उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देने के ( शेष पेज 8 )

# एलएसी पर गरजेंगे देश में बने सी-295 विमान

## सीमा पर तैनात सैनिकों को जरूरी मदद पहुंचाकर वायुसेना की क्षमता को बढ़ाएंगे ये अत्याधुनिक परिवहन विमान

- आईएएफ ने एयरबस और टाटा के संयुक्त उपक्रम के तहत बनने वाले ऐसे 56 विमानों की खरीदने का किया ऐलान
- प्रधानमंत्री 30 अक्टूबर को गुजरात के वडोदरा में विमान निर्माण से जुड़ी फैक्टरी का करेंगे शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सी-295 एमडब्ल्यू परिवहन विमान की फाइल फोटो। गुजरात के वडोदरा में भारतीय वायुसेना के लिए इन विमानों का निर्माण होगा।

**भारत** पहली बार अत्याधुनिक सी-295 परिवहन विमानों का निर्माण करेगा। यह पहला उदाहरण होगा, जब इन विमानों का निर्माण यूरोप से बाहर होगा। इस विमान के भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल होने के बाद चीन से लगी सीमाओं की सुरक्षा में तैनात सैनिकों को जरूरी मदद मुहैया कराने की उसकी क्षमताओं में भारी इजाफा होगा।

एयरबस और टाटा के संयुक्त उपक्रम के तहत इन विमानों का निर्माण होगा तथा भारतीय वायुसेना इनसे 56 विमान खरीदेगी। यह भी पहली बार होगा जब निजी क्षेत्र में सैन्य विमानों का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात के वडोदरा में विमान निर्माण फैक्टरी की आधारशिला रखेंगे। यह परियोजना कुल 21,935 करोड़ रुपये की है। रक्षा सचिव अजय कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल तथा भारतीय उद्योग की प्रमुख हस्तियां इस मौके पर उपस्थित रहेंगी। इस परियोजना से स्थानीय एयरोस्पेस इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा तथा सी-295 के निर्माण में इस्तेमाल करीब 96 फीसदी सामग्री स्वदेशी होंगी। पिछले साल सितंबर में भारत ने वायुसेना के पुराने एवरो-748 विमानों के स्थान पर 56 सी-295 परिवहन विमान की खरीद के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ करीब 21,000 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत, एयरबस चार साल के भीतर सेविले, स्पेन में अपनी अंतिम असेंबली लाइन से उड़ान की स्थिति में तैयार पहले 16 विमान की आपूर्ति करेगी और बाद में 40 विमान भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) द्वारा निर्मित और असेंबल किए जाएंगे।

यह निर्माण दोनों कंपनियों के बीच एक औद्योगिक साझेदारी के हिस्से के रूप में होगा। इस परियोजना के तहत पहली बार निजी कंपनी द्वारा सैन्य विमान का निर्माण भारत में किया जाना है। परियोजना की कुल लागत 21,935 करोड़ रुपए है। विमान का इस्तेमाल नागरिक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है। अजय कुमार ने कहा कि विमान में स्वदेशी सामग्री 96 प्रतिशत तक होगी, एयरबस स्पेन में अपनी विनिर्माण सुविधा में जैसा करती है वही भारत में किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने जोड़ा कि इसमें विमान का इंजन शामिल नहीं होगा। कुमार ने केरल से वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा, उड़ान भरने के लिए तैयार पहले 16 विमान सितंबर 2023 और अगस्त 2025 के बीच प्राप्त होने वाले हैं। पहला मेड-इन-इंडिया विमान सितंबर 2026 में मिलने की उम्मीद है।

वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल संदीप सिंह ने कहा कि विमान एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स (एएलजी) और यहां तक कि बिना तैयार रनवे से भी संचालित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विमान लगभग 40-45 पैराट्रूपर्स या लगभग 70 यात्रियों को ले जा सकता है। कुमार ने कहा, यह पहली बार है जब सी-295 विमान का निर्माण यूरोप के बाहर किया जाएगा। यह घरेलू एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी 56 विमानों को सरकार संचालित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किए जाने वाले स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना को 56 विमानों की आपूर्ति पूरी होने के बाद, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस को भारत में निर्मित विमानों को नागरिक ऑपरेटर को बेचने और उन देशों को निर्यात करने की ( शेष पेज 8 )

# सफाई के मुद्दे पर आप-भाजपा में संग्राम

- एमसीडी चुनाव कूड़े के मुद्दे पर लड़ा जाएगा, पांच साल में दिल्ली को बनाएंगे स्वच्छ शहर : केजरीवाल
- मुख्यमंत्री ने निगम में सत्तासीन पार्टी पर लगाया 15 साल में दो लाख करोड़ गबन का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजधानी** दिल्ली में नगर निगम चुनाव का बिगुल बच चुका है। राजनीतिक दलों ने विपक्षियों के खिलाफ तरकश से अपने-अपने तीर निकालने शुरू कर दिए हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि इस बार नगर निगम चुनाव साफ-सफाई के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। निगम में सत्तासीन भाजपा को पिछले 15 सालों का हिसाब देना होगा। उन्होंने यह भी वादा किया कि यदि जनता निगम का संचालन आम आदमी पार्टी को सौंपती है तो वह पांच साल के अंदर दिल्ली को स्वच्छ शहर बना देंगे। केजरीवाल बृहस्पतिवार को गाजीपुर स्थित लैंडफिल पर पहुंचे थे।

यहां उन्होंने वादा किया कि अगर आम आदमी पार्टी (आप) एमसीडी चुनाव जीतती है तो पांच वर्ष में दिल्ली को स्वच्छ बना दिया जाएगा। केजरीवाल के दौरे से पहले गाजीपुर लैंडफिल और इस इलाके की सड़कों पर हंगामा देखने को मिला। भाजपा समर्थकों ने केजरीवाल को काले झंडे दिखाए। आप कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के ( शेष पेज 8 )

### भाजपा सांसदों ने दिखाई झागों से भरी यमुना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने जहां लैंडफिल साइट को लेकर भाजपा पर हमला बोला तो भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और मनोज तिवारी ने यमुना में फैले जहरीले झाग दिखाए और सरकार पर नदी को साफ करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। वर्मा ने केजरीवाल को यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती दी और कहा कि नदी में फैले प्रदूषण के मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए मुख्यमंत्री गाजीपुर पर पहुंचे हैं। मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि जहरीले झाग खत्म करने के लिए यमुना में खतरनाक रसायन छिड़का जा रहा है।

( विस्तृत पेज 3 )

# गृह मंत्रालय के चिंतन शिविर से दूर रहे ममता और नीतीश

- आतंकवाद व अपराध से लड़ने को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिया केंद्र व राज्यों के एक साथ मिलकर काम करने पर जोर
- सम्मेलन में गैर भाजपा शासित राज्यों में से पंजाब के सीएम मान व केरल के विजयन ही शामिल हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार की ओर से आयोजित राज्यों के गृहमंत्रियों की बैठक में अपने प्रदेशों में गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे ज्यादातर गैर भाजपा मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। इस चिंतन शिविर की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 के बाद आतंकी हमलों में 74 प्रतिशत और इनमें मरने वालों की संख्या में 90 फीसदी की कमी बहुत बड़ी उपलब्धि है। हालांकि उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि देश की रक्षा करते हुए पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 35,000 जवानों ने अपनी जान गंवाई है।

गृहमंत्री ने कहा कि देश में नक्सल हमलों में भी 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है और इन हमलों में मरने वालों की संख्या में पिछले आठ सालों में 87 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि कभी पशुपतिनाथ से तिरुपति तक का लाल गलियारा बहुत कुख्यात था। केंद्र और राज्यों ने मिलकर लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की है। वर्ष 2014 में 113 जिले नक्सल प्रभावित थे, अब यह आंकड़ा ( शेष पेज 8 )

# कोयंबटूर विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने बृहस्पतिवार को कोयंबटूर में हाल ही में एक मंदिर के पास हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) को सौंपने का निर्णय लिया और इस मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर विस्फोट की घटना को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया, जबकि भगवा दल ने सवाल किया कि केंद्रीय खुफिया विभाग ने राज्य सरकार को पहले ही आगाह कर दिया था तो तमिलनाडु सरकार क्यों सो रही थी। दिल्ली में एक अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने कोयंबटूर विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया है। तमिलननाडु के पुलिस महानिदेशक सीएस बाबू ने कोयंबटूर में संवाददाताओं से कहा कि इस घटना से संबंधित सबूत जल्द ही एनआईए को ( शेष पेज 8 )

# भड़काऊ भाषण मामले में आजम खां को तीन साल कैद

- सपा विधायक की समाप्त हो सकती है विधानसभा सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** बरेली



**उत्तर** प्रदेश में रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक आजम खां को भड़काऊ भाषण देने के मामले में बृहस्पतिवार को दोषी करार देते हुए तीन साल कैद और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। मामला जमानती होने के कारण अदालत ने फैसला सुनाने के बाद खां को जमानत दे दी और फैसले के खिलाफ उच्च अदालतों में अपील करने के लिए वक्त भी दिया है।

अदालत के इस फैसले के कारण खां की विधानसभा सदस्यता समाप्त हो सकती है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा जुलाई 2013 में जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में दो साल से ज्यादा की सजा होती है तो (संसद और विधानसभा से) उनकी सदस्यता अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के दिन से समाप्त हो जाएगी। हालांकि, अगर खां उच्च अदालत में इस फैसले के खिलाफ अपील करते हैं और अदालत उनकी दोषसिद्धि को निलंबित कर देती है तो ऐसी स्थिति में उनकी विधानसभा सदस्यता बरकरार रहेगी।

सरकारी वकील अजय तिवारी ने बताया कि भड़काऊ भाषण देने के मामले में रामपुर से सपा विधायक आजम खां के खिलाफ दर्ज मुकदमे में विशेष एमपी एमएलए अदालत ने उन्हें भारतीय दण्ड संहिता (आईपीसी) की धारा 153क (धार्मिक भावनाएं भड़काना), 505क (विभिन्न समुदायों ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,756 | ↑ | 212 | |
| निफ्टी | 17,736 | ↑ | 80 | |
| सोना | 51,024 | ↓ | 101 | /10g |
| चांदी | 58,323 | ↓ | 334 | /kg |

## क्विक न्यूज

### केरल में एवियन इन्फ्लूएंजा जांच के लिए टीम तैनात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केरल में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप का जायजा लेने के लिए केरल में एक उच्च स्तरीय टीम तैनात की है। मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि टीम जांच और सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट पेश करेगी। केरल की सात सदस्यीय केंद्रीय टीम में राष्ट्रीय क्षय रोग और श्वसन रोग संस्थान, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, नई दिल्ली, राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान, चेन्नई और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के विशेषज्ञ शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि टीम राज्य द्वारा बताए जा रहे एवियन इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए जन स्वास्थ्य उपायों, प्रबंधन दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के संदर्भ में राज्य के स्वास्थ्य विभागों की भी सहायता करेगी।

# महिला और पुरुष क्रिकेटरों को मिलेगी अब समान मैच फीस



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का ऐतिहासिक फैसला, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है उद्देश्य

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश के सबसे लोकप्रिय खेल में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय अनुबंधित महिला और पुरुष क्रिकेटरों को समान मैच फीस देने का फैसला किया है।

नई व्यवस्था के तहत बीसीसीआई महिला क्रिकेटरों को भी अब पुरुष क्रिकेटरों के समान प्रत्येक टेस्ट के लिए 15 लाख रुपए, वनडे के लिए छह लाख और टी20 के लिए तीन लाख रुपए मैच फीस देगा। इससे पहले महिला खिलाड़ियों को प्रत्येक एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए एक लाख रुपए दिए जाते थे जबकि टेस्ट मैच की फीस चार लाख रुपए थी।

बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की आपात बैठक में यह फैसला किया गया। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, इस फैसले से क्रिकेट की प्रगति और विकास का मंच तैयार होगा। मेरा मानना है कि यह महिला क्रिकेट और कुल मिलाकर खेल के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, यह एक ( शेष पेज 8 )

# मास्को में रूसी विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगे एस जयशंकर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर अगले महीने मॉस्को की यात्रा करेंगे और आठ नवंबर को वहां अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे। रूस के विदेश मंत्रालय की एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रूस और यूक्रेन में बढ़ते टकराव के बीच यह घोषणा की गई है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव आठ नवंबर को मॉस्को में भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ( शेष पेज 8 )

# भारत में प्रति व्यक्ति ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन वैश्विक औसत से कम

- संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय समुदाय पेरिस लक्ष्यों से अब भी बहुत पीछे
- वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लिए कोई विश्वसनीय मार्ग नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**संयुक्त** राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार 2020 में भारत में प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन वैश्विक औसत से काफी नीचे था। रिपोर्ट के अनुसार भारत में यह 2.4 टीसीओ2ई (टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य) था जबकि वैश्विक औसत 6.3 टीसीओ2ई था।

'उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट 2022' अगले महीने मिस्र में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी27) से पहले जारी की गई। इसमें यह भी कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पेरिस लक्ष्यों से अब भी बहुत पीछे है और वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए कोई विश्वसनीय मार्ग नहीं नजर आ रहा है। जलवायु परिवर्तन की समस्या के हल के लिए, विभिन्न देशों ने इस सदी में वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2015 में पेरिस समझौता किया था। रिपोर्ट के अनुसार 2020 में वैश्विक औसत प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (भूमि उपयोग, भूमि-उपयोग में बदलाव और वानिकी सहित) 6.3 टीसीओ2ई रहा। अमेरिका में यह 14 टीसीओ2ई रहा जो वैश्विक औसत से काफी अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद रूस में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन प्रति व्यक्ति 13 टीसीओ2ई, चीन में 9.7 टीसीओ2ई, ब्राजील और इंडोनेशिया में लगभग 7.5 टीसीओ2ई और यूरोपीय संघ में 7.2 टीसीओ2ई रहा। रिपोर्ट के अनुसार 'भारत 2.4 टीसीओ2ई के साथ वैश्विक औसत से काफी नीचे है। औसतन, कम विकसित देश सालाना प्रति व्यक्ति 2.3 टीसीओ2ई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित करते हैं।' इसमें कहा गया है कि जी20 ( शेष पेज 8 )

# आतिशबाजी के दौरान आक्रामक हुए कुत्ते 3 दिन में बच्चों समेत 1167 लोगों को काटा

● सीएचसी डासना और लोनी में एआरवी खत्म, एमएमजी पहुंचकर मरीजों ने लगवाया इंजेक्शन



'आतिशबाजी से कुत्ते डरते हैं और इधर-उधर बचने का प्रयास करते हैं लेकिन बचाव न होने पर भौंकने लगते हैं। जो भी आसपास मिलता है उसे काटने को दौड़ते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को कुत्ते आसानी से काट लेते हैं। कुत्ते के काटने पर तुरंत टिटनेस का टीका और एआरवी लगवानी चाहिए।'
**-डॉ. अनुज कुमार**
**उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी, नगर निगम।**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दीवाली पर आतिशबाजी के चलते कुत्ते आक्रामक हो गए। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विगत तीन दिन में शहरी और देहात क्षेत्रों में 1167 लोगों को कुत्तों ने काटा है।

एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने पहुंचे लोगों में 275 बच्चे भी शामिल हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि सबसे अधिक शहर में 576 लोगों ने कुत्ता काटने पर एआरवी लगवाई है। जिला एमएमजी अस्पताल में तीन दिन में 336 और संयुक्त अस्पताल में 240 लोगों ने एआरवी लगवाई है। इसके अलावा सीएचसी लोनी में 145, मुरादनगर में 136, मोदीनगर में 140 और सीएचसी डासना में 128 लोगों ने एआरवी लगवाई है।

पीएचसी भोजपुर में 32 लोगों ने कुत्ता के काटने पर एआरवी लगवाई है। सीएचसी डासना और लोनी में एआरवी खत्म हो गई है। बृहस्पतिवार को उक्त क्षेत्रों के कई लोगों ने एमएमजी पहुंचकर एआरवी लगवाई।

डा अनिल विश्वकर्मा का कहना है कि दीवाली के अवसर पर पाबंदी के बाद भी लगातार आतिशबाजी होने से कुत्ते आक्रामक हो गए। सोसायटियों के अंदर एओए या मेंटेनेंस एजेंसी की जिम्मेदारी है कि फडिंग प्वाइंट और पालतू कुत्ते को सार्वजनिक स्थान पर मजल लगाने के नियम का कड़ाई से पालन हो। कुत्ते का पंजीकरण कराने के साथ ही कुत्ता पालक अन्य गाइडलाइन का भी पालन करें। जल्द ही सार्वजनिक स्थान पर मजल न लगाने वाले, गंदगी कराने वाले और कुत्ते को खुला छोड़ने वालों पर भी जुर्माना लगाने के नियम बनाएंगे।




गाजियाबाद में ज़िला कारागार में त्योहारों को उत्साह और भावनाओं के साथ मनाने का सिलसिला जारी है। भाई दूज के अवसर पर भी गाजियाबाद जिला जेल में बंदियों की बहनें उन्हें तिलक करने जेल पहुंचीं। जेल प्रशासन के विशेष इंतज़ाम किए। इस दौरान आने वाली बहनों के लिए जेल में खास रियायते दी गईं।

# नोएडा में छठ घाट की बढ़ाई गई सुरक्षा

● भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीसीटीवी का सहारा लेगी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



छठ पूजा को लेकर गुरुवार दोपहर को अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था रवि शंकर छवि ने डीसीपी नोएडा के साथ सेक्टर.126 पूजा पंडाल व बैराज घाट के आस.पास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु यमुना में आसपास लाइफ सेविंग बोट व गोताखोर को तैनात किया गया है। इस मौके पर सेक्टर-94 में प्रस्तावित पूजा पंडाल का भौगोलिक निरीक्षण करते हुए छठ पूजा सेवा समिति के लोगों से वार्तालाप की गई।

उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए समय से तैयारियां पूर्ण करने के लिए बताया गया। संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने हेतु बेहतर व्यवस्था बनाने आसपास सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखने के लिए कहा गया है। यमुना में गहरे पानी वाली जगहों को चिह्नित करके वहां बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को वहां जाने से रोकने हेतु बताया गया।

पूजा पंडाल में पर्याप्त मात्रा में रोशनी की व्यवस्था रखने, बिजली व पानी की बाधित ना होने के लिए भी निर्देशित किया गया। सभी महत्वपूर्ण स्थानों को चिह्नित करते हुए थाना प्रभारी को वहां ड्यूटी लगाने व सभी श्रद्धालुओं को अधिक जल में न जाने के लिये तथा सुरक्षित तरीके से छठ पर्व मनाने के लिए समझाने हेतु निर्देशित किए गया। इस मौके पर डीसीपी नोएडा हरीश चंदर, एसीपी.1 नोएडा रजनीश वर्मा, थाना प्रभारी सेक्टर-126 व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## मोदीनगर में महिला से चाकू के बल पर चेन लूटी

**गाजियाबाद।** नगर की गोविन्दपुरी कॉलोनी में गुरुवार सुबह साढे छह बजे के आसपास मार्निंग वॉक पर निकली महिला के गले पर चाकू रखकर सोने की चेन लूट ली। लूट का विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने थाने में तहरीर दी है।

बुधवार सुबह उनकी पत्नी सविता सिंघल मार्निंग वॉक करने के लिए गई थी। जब वह गोविन्दपुरी कॉलोनी स्थित बिजली सब स्टेशन के पास सुबह साढ़े छह बजे पहुंची तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। इसी बीच एक बदमाश ने महिला के गले पर चाकू रख दिया। इसके बाद दूसरे बदमाशों ने महिला के गले पर सोने की चेन खींच ली।

# यूपी का पहला सिलिकॉन वैली बनेगा नोएडा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● 5 हजार करोड़ की लागत से तैयार पहला डेटा सेंटर पार्क 31 अक्टूबर को हो सकता है शुरू




यूपी में नोएडा में तैयार डेटा सेंटर पार्क अमेरिका के सिलिकॉन वैली को टक्कर देने के लिए तैयार है। 5 हजार करोड़ की लागत से तैयार पहला डेटा सेंटर पार्क 31 अक्टूबर को शुरू हो सकता है।

पीएम नरेंद्र मोदी खुद इसका उद्घाटन कर सकते हैं। उम्मीद है कि डेटा सेंटर पार्क से करीब 50 हजार जॉब्स मिलेंगी। हीरानंदानी समूह ओर से विकसित करीब 3 लाख स्क्वायर फीट परिसर में फैले इस डेटा सेंटर पार्क को सिर्फ24 महीने में तैयार कर लिया गया है। इस डेटा सेंटर की पहली बिल्डिंग को योटा डी.1 नाम दिया गया है। कंपनी योटा इन्फ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश का पहला डेटा सेंटर पार्क है। पार्क में 6 इंटर कनेक्टेड डेटा सेंटर इमारतें बनाई जा रही है। 30000 रैक क्षमता और 200 मेगावॉट पावर वाली होंगी।

डेटा सेंटर पार्क डिजिटल इंडिया की पहल को आगे बढ़ाएगा। यह क्षेत्र भारतीय जीडीपी में 10: से अधिक योगदान देता है। इससे उद्यमों और स्टार्ट.ऐप्स को बढ़ावा मिलेगा। यहां हीरानंदानी ग्रुप के डेटा सेंटर का शुभारंभ पीएम नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। इस दौरान सीएम योगी भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए 31 अक्टूबर को वो ग्रेटर नोएडा पहुंच रहे हैं। ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा में डेटा सेंटर में 9 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश किया है। ये एरिया 3 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में फैला हुआ है। जानकारी के अनुसार, 2025 तक भारत का डेटा एनालिटिक्स उद्योग 16 बिलियन से ज्यादा होने का अनुमान है। एक टावर का निर्माण पूरा हो चुका है। पहले टावर की क्षमता 28.8 मेगावॉट डेटा स्टोर करने की है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन सीईओ नरेंद्र भूषण ने कंपनी को नॉलेज पार्क फाइव में 15 अक्टूबर 2020 को जमीन आवंटित की थी। जिसकी कुल प्रीमियम करीब 116 करोड़ रुपए है। कंपनी ने आवंटन राशि जमा करके फ रवरी 2021 में जमीन की लीज डीड कराकर प्लाट पर पजेशन ले लिया। इस डेटा सेंटर में आगामी 5 सालों में कुल 6 टावर का निर्माण होना है।

## संक्षिप्त समाचार



सचिन पायलट पहुंचे नोएडा, डीएनडी पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

### गाड़ियों से बैटरी-चुराने वाला गैंग दबोचा

**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर में घर के बाहर खड़ी गाड़ियों से बैटरी और इलैक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट चुराने वाला अंतरराज्यीय गिरोह आखिरकार गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार को धर दबोचा। पुलिस ने तीन चोरों और सामान खरीदने वाले दिल्ली के कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से एक ऑटो, 9 बैटरी, 9 ईसीएम आदि सामान बरामद हुआ है। इंदिरापुरम सीओ स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया पकड़े गए आरोपी आसिफ निवासी नगीना बिजनौर, निखिल ग्रोवर निवासी पांडवनगर दिल्ली, सूर्या निवासी पटपड़गंज दिल्ली और कबाड़ी अलीहसन निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली हैं। कबाड़ी की दुकान से तीन ईसीएम और चार बैटरियां बरामद हुई हैं। आरोपियों के विरुद्ध दिल्ली और यूपी में करीब दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। सीओ ने बताया, ये गिरोह ऑटो लेकर रात में निकलता था और घर के बाहर खड़ी गाड़ियों से ईसीएम व बैटरियां चुरा लेता था।

### महिलाओं ने दुकान से चुराई सोने की चार बाली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में ज्वेलरी खरीदने के बहाने दो महिलाओं ने शॉप से सोने की चार बालियां चुरा ली। सामान वापस रखते वक्त दुकानदार ने ज्वेलरी का वजन किया तो वो कम निकली। सीसीटीवी कैमरे में दोनों महिलाएं चोरी करते कैद हो गईं, जिसके बाद उन्हें मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। उनसे चुराई गई बालियां भी मिल गई हैं। विजयनगर थाना क्षेत्र के सैन विहार गली में दीपक ज्वैलरी शॉप है। 26 अक्टूबर की शाम शॉप पर दीपक बैठे हुए थे। इसी दौरान दो महिलाएं आईं और नाक की सोने वाली बाली दिखाने को कहा। दीपक ने बालियों से भरा पूरा डिब्बा उनके सामने रख दिया। डिब्बे में गिनकर 35 बाली रखी थीं। कुछ देर रुकने के बाद महिलाओं ने पसंद नहीं आने की बात कहते हुए बाली लेने से मना कर दिया और जाने लगीं। इसी बीच दीपक ने डिब्बे का वजन किया तो वो कम निकला। इसके बाद उसने शक होने पर दोनों महिलाओं को रोक लिया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो दोनों महिलाएं सोने की बाली चुराते हुए कैद हो गईं।

### पुलिस वाहन को टक्कर मारने वाले पर एफआईआर

**नोएडा।** पुलिस वाहन और जूस के ठेले को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सेक्टर.49 थाने में केस दर्ज कराया गया है। हादसे में ठेला लगाने वाला व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के विजयंत थापर पेट्रोल पंप के पास 18 अक्तूबर को अज्ञात चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पुलिस के वाहन को टक्कर मार दी थी। फिर उसने नजदीक में ही एक जूस का ठेला लगाने वाले अशोक मंडल को टक्कर मार दी थी।

### मूक बधिर से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा।** पुलिस ने मूक बधिर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी अमित कुमार निवासी कासना को सिरसा गोल चक्कर से गिरफ्तार किया। उसने अपने मकान में किराये पर रहने वाले व्यक्ति की मूक बधिर 16 वर्षीय बहन के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के परिजनों ने कासना थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।

# विदेशी दूल्हे के चक्कर में गंवाए पौने सात लाख रुपए

● खुद को डॉक्टर बताकर युवती को लगाया चूना

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद की एक युवती ने ऑनलाइन साइट पर दूल्हा ढूंढने के चक्कर में पौने सात लाख रुपए गवां दिए। ठग ने खुद को नाटो में डॉक्टर ने बताया और सबकुछ छोड़कर भारत आने का झांसा देकर युवती से रुपए ठग लिए। युवती ने विदेशी दूल्हा पाने के चक्कर में पहले अपना बैंक अकाउंट खाली किया और फिर लोन लेकर रुपए उसको दिए।

अब रुपए ठगकर कथित विदेशी युवक फरार है। गाजियाबाद पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। महागुण मैस्काट सोसाइटी निवासी युवती ने थाना विजयनगर में आयुसी फानिड्रा, ऋषि ईशान, ओलीवर दीपक, राजरोहन और बहादुर जीत के खिलाफ सेक्शन 420 धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। युवती के अनुसार, उन्हें 25 अगस्त 2022 को जीवनसाथी मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर आयुसी फनिड्रा नाम से रिक्वेस्ट आई। चैटिंग करते हुए दूसरी तरफसे जवाब मिला कि आयुसी फानिड्रा का पिता ऋषि ईशान हूं और मुझे अपने बेटे के लिए आपकी प्रोफ इल एकदम फिट लगी है। इसके बाद कथित आयुसी फानिड्रा के वॉट्सएप नंबर से युवती से चैटिंग शुरू हुई। ठग ने बताया कि मेरे पिता इंडिया और मां मैक्सिको से हैं। मेरा जन्म यूएसए में हुआ है। इस समय नाटो में बतौर सर्जन तैनात हूं। कुछ दिन बाद ठग ने युवती को झांसा दिया कि नाटो से इस्तीफा देकर भारत आना चाहता हूं, इसके लिए आपको मेरी मदद करनी पड़ेगी।



मेरे अकाउंट में जो पैसे हैं, वो एक्सिस नहीं हो पा रहे हैं। मुझे यहां से टर्मिनेटर और आने के लिए आपको कुछ रुपए भेजने पड़ेंगे, तभीभारत आ सकूंगा।

युवती उसकी बातों में आ गई और 78 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

आयुसी ने उन्हें गूगल चैट के जरिये बताया कि वो टर्की एयरपोर्ट पर आ चुका है और कस्टम विभाग ने उसको रोका हुआ है। कस्टम से छुड़ाने के नाम पर फ्रॉड ने युवती से कई बार में करीब 6 लाख रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए।

# श्री साईं उपवन सोसाइटी में दबंगों ने की सुरक्षाकर्मी से मारपीट, केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में दबंगों की दबंगई का एक मामला सामने आया है। जहां पर बिसरख थाना क्षेत्र के श्री साईं उपवन सोसाइटी में आधा दर्जन दबंगों ने सोसाइटी के सुरक्षाकर्मी के साथ जमकर मारपीट की।

मारपीट की ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। बिसरख थाना क्षेत्र के श्री साईं उपवन सोसायटी में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कुछ दबंगों के साथ मिलकर सिक्योरिटी गार्ड के साथ जमकर मारपीट की।

सोसायटी के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि लाइनमैन गौरव अपने साथी विमल के साथ सोसाइटी में आया था। सोसाइटी का नियम है कि कोई व्यक्ति एंट्री करता है तो एक नंबर से घुसता है और दो नंबर से बाहर निकलता है लेकिन लाइनमैन गौरव व उसका साथी सोसाइटी में घुसे और एक नंबर एक से ही वापस जाने लगे। इसका सिक्योरिटी गार्ड ने विरोध कर दिया। इसके बाद गौरव ने साथियों के साथ मारपीट की।

# गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर

● एयर क्वालिटी इंडेक्स 370 पहुंचा, जो सबसे खराब श्रेणी में है

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद देश में सबसे प्रदूषित शहर है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गुरुवार की रिपोर्ट के अनुसार, देश के टॉप फाइव प्रदूषित शहर दिल्ली और एनसीआर के हैं।

दोपहर एक बजे की रिपोर्ट देखें तो गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 370 है जो सबसे खराब श्रेणी में है। गाजियाबाद में वसुंधरा स्टेशन का 362, इंदिरापुरम का 365, संजय नगर का 308 और लोनी स्टेशन का 444 है। लोनी देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ इलाका है। यहां का 2.5 लेवल 325 से भी ऊपर पहुंच गया है। रीजनल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने दिवाली वाले दिन डेटा जारी करके कहा था कि इस बार पिछले सालों की तुलना में दिवाली का पॉल्यूशन कम रहा है। अब दिवाली बीत गई है, लेकिन पॉल्यूशन का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। जबकि पिछले सालों की अपेक्षा इस बार पराली जलाने के मामले भी सामने नहीं आ रहे। मौसम के जानकारों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ जल्द ही पहाड़ों पर पहुंचने वाला है।



इससे मैदानी इलाकों में उत्तर पश्चिमी हवाओं का प्रवाह रुक जाएगा और हवाओं की गति भी कम हो जाएगी। इसका सीधा असर हवा की गुणवत्ता पर पड़ सकता है। ऐसे में एयर क्वालिटी इंडेक्स में वेस्ट यूपी के जिलों का प्रदूषण स्तर और बढ़ने के आसार हैं।

# जलापूर्ति के रखरखाव में लापरवाही प्राधिकरण का दो फर्मों पर जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

त्योहारी सीजन में भी जलापूर्ति नेटवर्क से जुड़े रखरखाव कार्यों में लापरवाही करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दो फर्मों पर 4.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम की वसूली दोनों फर्मों को होने वाले भुगतान में से की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने जल विभाग को निर्देश दिया था, कि त्योहारों में पानी की सप्लाई में किसी तरह की दिक्कत न होने पाए, इसके लिए सीईओ ने जल विभाग को जलापूर्ति नेटवर्कों का नियमित जायजा लेने के निर्देश दिए थे। इसके मद्देनजर जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह व उनकी टीम जलापूर्ति से जुड़े नेटवर्कों का लगातार जायजा लेती रही।

कपिल सिंह ने बताया कि सेक्टर फाई फोर में मीडिया विलेज के पास ग्रीन बेल्ट में लगे पंप की मोटर कई दिनों से खराब थी। चाई .4 गोलचक्कर स्थित नलकूप के पास मेन लाइन में लीकेज था। आईटी सिटी स्थित ओवरहेड टैंक कैंपस के पंप की मोटर और ग्रीन बेल्ट स्थित नलकूप की मोटर कई दिनों से खराब मिली। एडब्ल्यूएचओ पुलिस चौकी स्थित नलकूप के पंप का मोटर पानी नहीं उठा रहा था।



ऐसी कई खामियां मिलने पर सर्वेश बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सेक्टर ओमीक्रोन .3 के ग्रीन बेल्ट में लगे नलकूप का मोटर जल गया था, जिसे कई दिनों तक ठीक नहीं कराया गया। इससे निवासियों को जलापूर्ति की दिक्कत हुई।

# परास्नातक में दाखिले की रफ्तार धीमी

● जिले के दो सरकारी कॉलेजों में दूसरी मेरिट जारी होने के बावजूद एमए, एमएससी और एमकॉम में 76 प्रतिशत सीटें खाली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक के बाद अब परा स्नातक में भी दाखिले की रफ्तार बेहद धीमी है।

जिले के दो सरकारी कॉलेजों में दूसरी मेरिट जारी होने के बावजूद एमए, एमएससी और एमकॉम में 76 प्रतिशत सीटें खाली पड़ी है। रोजाना कॉलेजों में 20 से भी कम दाखिले हो रहे हैं। इसका कारण यह है कि कॉलेजों में परास्नातक पाठ्यक्रमों में कई विषयों के कोर्स संचालित नहीं होते हैं। कॉलेजों में पीजी पाठ्यक्रमों में एक सप्ताह से प्रवेश प्रक्रिया जारी है। फिलहाल दूसरी मेरिट के आधार पर दाखिले हो रहे हैंए लेकिन काफी कम छात्र दाखिले के लिए कॉलेजों में पहुंचकर ऑफर लेटर जमा करा रहे हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार सरकारी कॉलेज सेक्टर.39 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और कुमारी मायावती बालिका डिग्री कॉलेज में एमए, एमएससी और एमकॉम में कुल 640 सीटें है। गुरुवार तक इन सीटों पर सिर्फ157 सीटों पर ही दाखिले हो सके। सबसे ज्यादा दाखिले एमए पाठ्यक्रमों में हुए हैं। दोनों कॉलेजों में एमए में अबतक 113ए एमएससी के विभिन्न विषयों में 18 और एमकॉम में 26 सीटों पर ही दाखिले हुए हैं।

शिक्षकों के अनुसार स्नातक में तो पहली मेरिट में काफी छात्रों ने प्रवेश को लेकर उत्साह दिखाया था, लेकिन परा स्नातक पाठ्यक्रमों में सरकारी से लेकर निजी कॉलेजों में फिलहाल सन्नाटा पसरा हुआ है।

संभावना जताई जा रही है कि सोमवार से दाखिला प्रक्रिया की रफ्तार बढ़ेगी। दीवाली की छुट्टियों के कारण छात्र कॉलेज नहीं पहुंच रहे थे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय से जारी मेरिट में दाखिला न ले पाने वालों को ओपन मेरिट से दाखिला पाने का भी मौका मिलेगा।

# जीडीए की जमीन पर बनवाया था धार्मिक स्थल, मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पुराने गांधीनगर में खाली पड़े प्लॉट में धार्मिक स्थल बनाने के मामले में नया मोड़ आया है। यह धार्मिक स्थल जीडीए की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनवाया गया था, जिसे स्थानीय लोगों तथा हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार तो तोड़ दिया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अब अवैध कब्जा करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। दयानंदनगर निवासी संजीव शर्मा का कहना है कि पुराने गांधीनगर में प्लॉट नंबर-398 तथा पंचायती धर्मशाला के बीच में जीडीए की खाली जगह पड़ी है। गगन एनक्लेव निवासी रघुनंदन भारद्वाज तथा बालूपुरा निवासी राकेश पंडित और उनके भाई बिल्लू पंडित ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर इस जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। संजीव शर्मा का कहना है कि इस जमीन पर उक्त लोगों ने रातोंरात दूसरे संप्रदाय का धार्मिक स्थल बनवा लिया। आरोपियों का मकसद भविष्य में दूसरे संप्रदाय के लोगों को जमीन बेचने का था। स्थानीय लोगों को पता लगने पर आक्रोश पैदा हो गया और लोगों ने बुधवार को धार्मिक स्थल तोड़ दिया।

एसएचओ नरेश कुमार शर्मा का कहना है कि शिकायत के आधार पर घुनंदन भारद्वाज, राकेश पंडित तथा बिल्लू पंडित के खिलाफकेस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022



# छठ से पहले फिर गरमाया प्रदूषित यमुना का मुद्दा

## भाजपा का आरोप, सरकार नहीं दिला सकी प्रदूषण से निजात, अब करा रही खतरनाक रसायन का छिड़काव

## सांसद प्रवेश वर्मा, मनोज तिवारी ने नाव में बैठ दिखाए नदी में फैले झाग, आदेश गुप्ता ने लगाए गंभीर आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

यमुना में जहरीले झाग का मुद्द प्रति वर्ष छठ पर्व से पहले ही उठता है, इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता इसे भूल जाते हैं। छठ महापर्व से पहले राजधानी में यमुना के प्रदूषण (झाग) को लेकर फिर राजनीति तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के सांसदों मनोज तिवारी और प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने जहां नाव से घूम-घूम कर नदी में फैले प्रदूषण को दिखाकर सरकार पर निशाना साधा और त्योहार से पहले झाग खत्म करने के लिए नदी में खतरनाक रसायन के छिड़काव का आरोप लगाया, वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि 15 साल से कूड़े का समधान नहीं खोजने वाले निगम में सत्तासीन भाजपा नेता असली मुद्दे से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

जैसे ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को गाजीपुर स्थित लैंडफिल साइट पहुंचे, भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और मनोज तिवारी नाव में बैठ कालिंदी कुंज बैराज पहुंच गए। यहां नदी में फैले झाग दिखाते हुए मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि आप सरकार सात-आठ सालों में यमुना में घुल रहे प्रदूषण से निजात नहीं दिला सकी। अब छठ पूजा से पहले यमुना से झाग हटाने के लिए उसमें जहरीले रसायन का छिड़काव किया जा रहा है। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालु नदी में पूजा करते हैं और डुबकी लगाते हैं। छठ का त्योहार 30 और 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। वहीं पश्चिमी दिल्ली के सांसद परवेश साहिब सिंह वर्मा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती दी और आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख का गाजीपुर ढलाव घर का दौरा नदी में प्रदूषण के मुद्दे से ध्यान हटाने की एक चाल है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से सासंद तिवारी ने दावा किया कि हमने प्रदूषण की स्थिति का जायजा लेने के लिए यमुना का दौरा किया। हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि झाग को छुपाने के लिए बहुत ही जहरीला रसायन का छिड़काव किया जा रहा था। पिछले साल, ऐसी वीडियो और तस्वीरें सामने आई थीं जिनमें दिख रहा था कि छठ के दौरान श्रद्धालु झाग से भरी यमुना में पूजा कर रहे थे। इसके बाद आप और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई थी। फिर दिल्ली सरकार ने झाग को दूर करने के लिए बांस की जाली लगाने और पानी के छिड़काव जैसे उपाय किए।

सत्ता में आने के बाद से ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यमुना को साफ सुथरा कर नहाने लायक बनाने का वादा करते रहे हैं, परंतु प्रत्येक वर्ष सर्दियों की शुरुआत में उनके यमुना में तैरते झाग उनके दावों की पोल खोल देते हैं। इसी को लेकर वर्मा ने केजरीवाल को यमुना नदी में डुबकी लगाने की चुनौती देते हुए कहा कि केजरीवाल कहते हैं कि उन्होंने यमुना को साफ कर दिया है और वह उसमें डुबकी लगाएंगे।

मैं उनसे अब से दो दिन बाद नदी में डुबकी लगाने का आह्वान करता हूं। गाजीपुर ढलाव घर पर केजरीवाल के दौरे को लेकर उन पर हमला करते हुए वर्मा ने कहा कि क्या इस समय कूड़ा मुद्दा नहीं है। यमुना नदी में फैले प्रदूषण के मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए, मुख्यमंत्री गाजीपुर ढलाव घर पर पहुंचे। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता कहा कि 8 साल में 8 बार केजरीवाल कह चुके हैं कि हम यमुना को इतना साफ कर देंगे कि लोग उसमें बेखटके डुबकी लगा सकेंगे, परंतु नाकाम रहे। आज भी यमुना मैली की मैली ही है। केंद्र सरकार के 2500 करोड़ रुपये दिए, लकिन आप सरकार ने यमुना की सफाई करवाने से हाथ खड़े कर दिए।

दूसरी ओर, पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने पूछा कि पिछले सात-आठ सालों में केजरीवाल कितनी बार गाजीपुर लैंडफिल साइट गए। मैं बीते तीन साल में आठ बार वहां जा चुका हूं। उन्होंने कहा कि चुनावी मेंढक आसमान देख कर निकलते हैं, तकलीफ देख कर नहीं।

केंद्र ने इस महीने की शुरुआत में एनएमसीजी, ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी), उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अधिकारियों की एक संयुक्त समिति का गठन किया था। इसका काम छठ पूजा के दौरान यमुना में ओखला बैराज के बाद झाग को नियंत्रित और न्यूनतम करने के लिए समन्वित प्रयास करना है।



यमुना नदी में नाव पर सवार सांसद प्रवेश वर्मा और मनोज तिवारी जहरीलें झाग दिखाते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

### ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही भाजपा : सीएम



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राजधानी दिल्ली में कूड़े से ध्यान भटकाने के लिए यमुना के प्रदूषण का मुद्दा उठा रही है। भारतीय जनता पार्टी के सांसदों मनोज तिवारी, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और पार्टी अध्यक्ष आदेश गुप्ता के यमुना के प्रदूषण का मुद्दा उठाने पर पलटवार करते हुए ट्वीट किया कि दिल्ली वालों ने हमें यमुना की सफाई के लिए पांच साल दिए हैं। दिल्ली नगर निगम का चुनाव दिल्ली की सफाई और कूड़े का चुनाव है। भाजपा वाले मुद्दा न भटकाएं। अपने 15 वर्षों का हिसाब दें।

# जहरीले झाग खत्म करने को नहीं उठाए गए पर्याप्त कदम

- पर्यावरणविदों ने यमुना नदी मे बार-बार उभरने वाली विषैले झाग की समस्या के लिए आप सरकार पर मढ़ा दोष



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

छठ पूजा से पहले पर्यावरणविदों ने दिल्ली सरकार पर यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पर्याप्त कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

यह मुद्दा बृहस्पतिवार को फिर चर्चा में आ गया जब भाजपा नेता नाव से नदी में उतरे और कालिंदी कुंज के पास नदी में फिर पिछले साल की तरह झाग नजर आए। छठ पूजा 30 और 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दौरान श्रद्धालु नदियों में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यमुना किनारे निर्दिष्ट घाटों पर छठ पूजा आयोजित करने की अनुमति दी है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से श्रद्धालुओं के लिए साफ सुरक्षित घाट और पर्याप्त पानी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

पर्यावरणविद विमलेन्दु झा ने कहा कि नदी में लगातार झाग बनने का मुख्य कारण राजनीतिक मंशा की कमी, यमुना को साफ करने में तत्परता और ठोस कार्रवाई का अभाव जिम्मेदार है। झा ने एजेंसी से कहा कि पर्यावरण सरकार के लिए प्राथमिकता वाला मुद्दा नहीं लगता है।

उन्होंने हर साल प्रदूषण के पीछे की वजह नदी में न्यूनतम प्रवाह बरकरार रहने की कमी का भी हवाला दिया। झा ने कहा कि दिल्ली नदी में 3,50 करोड़ लीटर से अधिक निगमीय गंदे जल को प्रवाहित करती है और दावों के बावजूद, 50 प्रतिशत से अधिक गंदा जल या तो अनुपचारित रहता है या समुचित निस्तारण नहीं किया जाता और सीधे यमुना में बहा दिया जाता है।

यह पूछे जाने पर कि जहरीले झाग को हटाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि नदी की सफाई शुरू हो गई है।

पर्यावरणविद झा ने कहा कि दिल्ली सरकार को नदी में प्रदूषित पानी को प्रवाहित करने से पहले सीवेज के हर बूंद का उपचार करने की जरूरत है।

एक अन्य पर्यावरणविद भावरीन कंधारी ने आरोप लगाया कि लापरवाही और ठोस कार्रवाई नहीं होने से हर साल जहरीले झाग की समस्या उभरती है। कंधारी ने कहा कि यमुना और हिंडन किनारों पर सैकड़ों फार्महाउस और उद्योग प्रदूषकों को नदी में छोड़ रहे हैं।

लगभग 92 नाले हैं जो सीधे यमुना में खुलते हैं, जिनमें से 62 पर कोई शोधन नहीं होता हैं। इसलिए, लापरवाही और वास्तविक कार्रवाई की कमी के कारण यमुना में हर साल जहरीला झाग पैदा होता है।

# पारा गिरा तो बढ़ने लगा प्रदूषण

- वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में, न्यूनतम तापमान दो डिग्री में गिरावट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को सुबह बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई और शहर का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों दिल्ली में बृहस्पतिवार को सुबह 8.10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 333 था, जो बुधवार को सुबह दर्ज एक्यूआई 262 से काफी अधिक है।

आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार की शाम चार बजे दिल्ली का एक्यूआई 303 था, जबकि सोमवार को दिवाली के दिन शाम चार बजे यह 312 दर्ज किया गया था।

दिल्ली के आनंद विहार निगरानी केंद्र ने बृहस्पतिवार को सुबह 8.10 बजे क्षेत्र में 405 एक्यूआई दर्ज किया, वहीं शाम को एक्यूआई 432 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं, सुबह प्रदूषण का स्तर वजीरपुर में (386), पटपड़गंज (360), विवेक विहार (316), पंजाबी बाग (328) और जहांगीरपुरी (380) बहुत खराब वायु गुणवत्ता वाले स्थानों में शामिल हैं।

दिल्ली के पड़ोसी शहरों गाजियाबाद (338), नोएडा (331), ग्रेटर नोएडा (328) और गुरुग्राम (334) में भी हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रही। वहीं, फरीदाबाद में एक्यूआई 300 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। मालूम हो कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है।मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब होने की मुख्य वजह ठंडा मौसम और हवाएं न चलना है, जो प्रदूषकों के जमा होने के लिए अनुकूल माना जाता है।

# बदमाशों ने चेन झपटी, ई-रिक्शा से गिरने से महिला की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ग्रेटर कैलाश इलाके में भाई दूज की शाम को एक भाई अपनी बहन के आने का इंतजार करता रह गया। उसके पास चैन झपटमार के चलते बहन की सडक़ हादसे में मौत की खबर आई। वारदात प्रशांत विहार इलाके में बुधवार शाम हुई। जब ई-रिक्शा से अपनी बहन के घर जा रही महिला को स्कूटी सवार बदमाशों ने चलते ई रिक्शा में उसकी सोने की चैन पर झपटा मार लिया। जिसके साथ साथ चलते ई रिक्शा से महिला भी सडक़ पर गिर गई। जिसके सिर से काफी ज्यादा खून बहने से अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों में कैद स्कूटी सवार तीनों बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक ई रिक्शा सवार महिला से स्कूटी सवार बदमाशों द्वारा सोने की चैन लूटने और वारदात में महिला के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली थी। महिला को खून से लथपथ हालत में देखकर तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया।

# महापर्व: नहाय खाय के साथ आज से छठ की शुरुआत

- चार दिवसीय पर्व की घरों में तैयारियां पूरी
- इस वर्ष दिल्ली में 1100 घाट छठ पूजा के लिए तैयार हो रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुरुआत शुक्रवार से पूरे देश में हो जाएगा। शांति और तपस्या के साथ 36 घंटे निर्जला उपवास वाले त्योहार की शुरुआत छठ व्रती के स्नान करने के साथ होगी।

लोक आस्था का महापर्व छठ आज (शुक्रवार) से शुरू हो जाएगा। पहले दिन नहाय-खाय को लेकर घरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को गीता कॉलोनी, नेहरू बाजार सहित दूसरे इलाकों में छठ पूजन सामग्री की खरीदारी करते हुए लोग नजर आए। वहीं, यमुना घाटों पर छठ पूजन को लेकर तैयारियां जोरों पर थीं।

चार दिवसीय पर्व की शुरुआत छठ व्रती घर से बेहद नजदीक की किसी नदी में स्नान करते हैं। फिर इसके बाद सिर्फ सुबह खाना खाते हैं। आमतौर पर सुबह चावल-दाल खाया जाता है। नहाय खाय के दूसरे दिन खरना होता है। जिसमें शाम के समय मीठा भात या लौकी की खिचड़ी खाने का नियम है। इसके बाद व्रत का तीसरा दिन दूसरे दिन के ठीक बाद ही शुरू हो जाता है। छठ पूजा में तीसरा दिन सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इस दिन शाम के समय डूबते सूर्य को अर्ध्य देने की परंपरा है। पूर्वांचल विकास संगठन छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने बताया कि छठ महापर्व के पहले दिन नहाए खाए होगा। छठ पूजा समिति दिल्ली प्रदेश आईटीओ के सचिव बृजेश पांडेय ने बताया कि इस बार घाटों पर धूमधाम से छठ पूजा का आयोजन होगा।

इस वर्ष दिल्ली में 1100 घाट छठ पूजा के लिए तैयार हो रहे हैं, जिनमें यमुना के छठ घाट भी शामिल हैं। मगर, यमुना के अंदर खड़े होकर अर्ध्य देने की अभी तक अनुमति नहीं मिली है। यमुना किनारे बने कृत्रिम घाट पर अर्ध्य देने का निर्देश हुआ है, क्योंकि अभी तक यमुना किनारे सुरक्षा को लेकर बांस भी नहीं लगाए गए हैं।

### छठ पूजा की तारीखें

- 28 को नहाए-खाए
- 29 को खरना
- 30 को डूबते सूर्य को अर्घ्य
- 31 को उगते सूर्य को अर्घ्य

### कनाडा उच्चायुक्त ने देखी कोविड चिकित्सा सुविधाएं

**नई दिल्ली।** भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके दिल्ली स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब गए और वहां की सुविधाओं को देखा। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने यह जानकारी दी।

मैके और नई दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग के अन्य अधिकारियों ने लंगर कक्ष का भी दौरा किया और गुरुद्वारा में कोविड-19 सुविधाओं की जानकारी ली। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके और अन्य अधिकारियों ने गुरुद्वारा बंगला साहिब का शिष्टाचारवश दौरा किया। गुरुद्वारा में मौजूद सुविधाओं से प्रभावित हुए, खासतौर पर लंगर कक्ष को देखकर। यहां प्रदान की जा रही सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की।

# रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान टला

- पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, उपराज्यपाल से नहीं मिली मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार से शुरू होने वाले रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान को निलंबित किया जा रहा है क्योंकि उपराज्यपाल से अभी तक इसकी मंजूरी नहीं मिली है।

गोपाल राय ने कहा कि रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान पिछले कुछ वर्षों में सफल रहा है। महीने भर चलने वाला यह अभियान इस साल के लिए कल से शुरू होना था लेकिन अभी तक कोई मंजूरी नहीं मिली है। उपराज्यपाल के पास 21 अक्टूबर को फाइल भेजी गई थी। सबसे पहले 16 अक्टूबर 2020 को शुरू किए गए इस अभियान का मकसद शहर में वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण कम करना है।




### केजरीवाल का एलजी पर हमला

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बीजेपी पर हमला करते हुए लिखा कि गाड़ियों के प्रदूषण को कम करने के लिए 28 तारीख से शुरू होने वाले रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान को एलजी द्वारा फ़ाइल रोकने की वजह से स्थगित करना पड़ रहा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। केजरीवाल ने ट्वीट में कहा कि यह वाकई बहुत निराशाजनक है कि प्रदूषण पर अंकुश लगाने की कोशिश गंदी राजनीति की वजह से रोकी जा रही है।

# पहाड़ों पर जाने की जरूरत नहीं, अब राजधानी में देखें झरने

## उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने असोला भाटी स्थित नीली झील में चार कृत्रिम झरनों का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के लोगों की पहाड़ों में हसरत हिमाचल या उत्तरखंड में जाकर पूरी होती है, लेकिन अब दिल्ली के अंदर ही झरना, झील और पहाड़ों का लुफ्त लोग उठा सकेंगे। इस बाबात उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने असोला भाटी माइंस में बनी नीली झील पर चार आर्टिफिशियल झरनों का उद्घाटन किया है।

असोला भाटी पहुंचे दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा राजधानी के लोगों के लिए आज नया इतिहास लिखा गया है। कुछ दिनों पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि दिल्ली में बड़े झरनें देखने को मिलेंगे। चार कृत्रिम झरनों को उद्घाटन करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि अब दिल्ली के लोगों को नैनीताल या अरुणाचल प्रदेश जाने की जरूरत नहीं है। वो दिल्ली में भी इसका लुफ्त उठा सकते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना था कि दिल्ली के अंदर कुछ ऐसी जगह बनाई जाए जहां लोगों को एंटरटेनमेंट के लिए एक स्थान मिल सके। आज हमने उस सपने को पूरा करने का काम किया है। सभी डिपार्टमेंट से धन्यवाद करना चाहता हूं।

जल्द ही इसे लोगों के लिए खोल दिया जाएगा और दिल्ली वासियों को एक नई चीज देखने को मिलेगी। ज्ञात हो कि दरअसल पर्यावरण और वन विभाग के साथ मिलकर टेरिटोरियल आर्मी की ओर से इस जगह को विकसित किया जा रहा है। असोला भाटी माइंस को इको-टूरिज्म हॉटस्पॉट के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता के तहत जल्द और विकसित किया जाएगा।



असोला भाटी पहुंचे दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

### सोलर बिजली से चलेगे वॉटरफाल

*4 कृत्रिम झरनों के पंप्स के लिए पूरी तरफ से सोलर पावर का इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ-साथ यहां पर बकायदा सेल्फी प्वाइंट और साइकिल ट्रैक बनाया गया है। और बताया जा रहा है कि आने वाले समय में यहां पर खाने पीने की व्यवस्था भी की जाएगी। जिससे लोग वीकेंड पर पूरा लुफ्त उठा सकेंगे। या 1 दिन का अगर आप कहीं प्लान कर रहे हैं तो दिल्ली का असोला भाटी माइंस भी उसमें शामिल हो सकता है। टिकट लेकर लोग यहां पर आ सकते हैं। झील तक पहुंचने के लिए जल्द ही वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।*

# संक्षिप्त समाचार

### छात्र ने दिखाई बहादुरी, झपटमार दबोचा



**नई दिल्ली।** फोन लूटकर भाग रहे एक छात्र ने बहादुरी दिखा अपने पिता की सहायता से एक झपटमार को दबोच लिया। वहीं दो आरोपी स्कूटी पर सवार होकर वहां से फरार हो गए। आरोपी की पहचान पहचान मोईन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता मो. कैफ परिवार के साथ नरेला इलाके में रहता है। रात करीब आठ बजे जब वह बी-4 नरेला चौक पर उतरकर स्मृति वन के रास्ते सेक्टर ए6 की तरफ पैदल पिता से फोन पर बातें करता हुआ जा रहा था। अचानक से स्कूटी सवार मोईन और उसके दो अन्य साथियों ने उसको जबरन रोक लिया। उसमें से एक ने उसका गला दबा दिया। विरोध करने पर उसकी बुरी तरह से पिटाई की। चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके पिता ने मौके पर पहुंचकर मोईन को दबोच लिया। जबकि उसके दोनों साथी अंधेरे का फायदा उठाकर स्कूटी और फोन लेकर फरार हो गए।

### बस ने रेहड़ी में मारी टक्कर, दर्जनों हेलमेट टूटे

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में एक बेलगाम बस ने रेहड़ी में टक्कर मार दी। जिसमें हजारों रुपये के हेलमेट टूट गए। जबकि युवक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने पब्लिक की सहायता से बस चालक रतन सिंह को पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता अभिषेक उर्फ हन्नी कैंप नंबर-चार लाल बत्ती ज्वालापुरी में रेहड़ी पर हेलमेट बेचता है। रात करीब नौ बजे जब वह परिवार के साथ रेहड़ी पर था। उसी वक्त सफेद रंग की प्राईवेट बस ने रेहड़ी में जोर से टक्कर मार दी, जिससे दर्जनों हेलमेट टूट गए। लोगों ने बस से आरोपी चालक रतन सिंह को उतारा और पुलिस को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रतन सिंह को गिफ्तार कर बस को कब्जे में ले लिया।

### ऑस्ट्रेलिया जाने का झांसा देकर चार लाख ठगे

**नई दिल्ली।** धोखेबाज ने अपने ही दोस्त को ठग लिया। पीड़ित ने पुलिस में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी के फोन नंबर और बैंक खाते की डिटेल लेकर आरोपी को पकडऩे की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता प्रभूकांत वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह नांगलोई इलाके में परिवार के साथ रहता है। 2019 में उसकी मुलाकात एक दोस्त की सहायता से प्रदीप कुमार से हुई थी। जिसने उसको बताया था कि वह नौकरी के लिए वर्क वीजा पर उसे आस्ट्रेलिया भेज सकता है। प्रदीप ने उसको आस्ट्रेलिया की कई खुबसूरत कुछ पिक्च र दिखाई और उसके दस्तावेज मांगे, जिनको देखने के बाद प्रदीप ने उसको ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिये चार लाख रुपये मांगे। एक महीने में उसने साढ़े तीन लाख रुपये सात बार में जमा करवा दिये। प्रदीप ने बाद में पचास हजार रुपये ओर वर्क वीजा और कुछ दस्तावेज के लिए मांगें। रुपये जमा होने के बाद प्रदीप ने उसके फोन करे उठाना बंद कर दिया। वह उसके कोई मैसेज का भी जवाब नहीं दे रहा था।

# ये हरियाणा का गोल्डन पीरियड, इसमें व्यवस्थाओं को बदला : अनिल विज

## हर चीज को पारदर्शी किया, अनेक सेवाओं को ऑनलाइन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के भोंडसी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री अनिल विज को स्मृति चिन्ह देते एचपीएचसी के डीजी डॉ. आरसी मिश्रा।

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि ये हरियाणा का गोल्डन पीरियड है इसमें व्यवस्थाओं को बदला गया है। हमने हर चीज को पारदर्शी किया है और अनेक सेवाओं को ऑनलाईन किया है। कहा कि ये काम करने वाली सरकार है। सरकार काम कर रही है।

वे गुरुवार को भोंडसी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में हरियाणा पुलिस आवास परिसर परियोजना के उद्घाटन अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। करीब 106 करोड़ रुपये की लागत से यह परिसर तैयार किया गया है। इसका उद्घाटन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फरीदाबाद से वर्चुअल माध्यम से किया। लगभग 106 करोड़ रुपये की लागत से बने इस परिसर के निर्माण से पुलिसकर्मियों को आवास सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें 18 एकड़ में 576 मकान बनाए गए हैं। अनिल विज ने कहा कि विकास की दृष्टि से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का उद्घाटन भी किया गया है, जिसमें वंदे भारत ट्रेन की कोच तैयार होंगी। ऐसे ही कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ हरियाणा ऑरबिटल रेल कॉरिडोर बनाया जाएगा। उसके रास्ते में स्टेशन भी बनाए जाएंगे, जिससे भी हरियाणावासियों को बहुत लाभ होगा।

**जेल मैन्युअल में देखेंगे जो पैरोल पर हैं वो गाने गा सकते हैं या नहीं :** संत डा. गुरमीत राम-रहीम द्वारा गाने बनाए जाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में अनिल विज ने कहा जेल प्रशासन द्वारा उनको जेल के नियमों के तहत पैरोल दी गई है। वे उत्तर प्रदेश के आश्रम में हैं। ये जेल मैन्यूअल में देखना होगा कि जो पैरोल पर हैं वो गाने गा सकते हैं या नहीं। मुझे इसका मालूम नहीं है।

**पुलिस को आवास उपलब्ध कराने को प्रयासरत :** इससे पहले गृह मंत्री अनिल विज ने भोंडसी में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हरियाणा प्रदेश में सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र पर बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ सभी को आवास उपलब्ध कराने के लिए हम निरंतर प्रयासरत है। श्री विज ने कहा कि प्रदेश में जो भी पुराने थाने, चौकियां व पुलिस पोस्ट हैं, उनके जीर्णोद्धार के लिए भी हम निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुधा यादव, एचपीएचसी के डीजी डॉ. आरसी मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) संदीप खिरवार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध व पुलिस कॉम्प्लेक्स भोंडसी) चारु बाली, गुरुग्राम पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# चुनाव प्रचार के लिए सीधे आदमपुर कार्यालय पहुंचें कार्यकर्ता : सुधीर सिंगला



विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला शुक्रवार से आदमपुर उप-चुनाव की कमान संभालेंगे। वे कार्यकर्ताओं के साथ वहां चुनाव प्रचार थमने तक प्रचार करेंगे। विधायक सुधीर सिंगला ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे शुक्रवार को सीधे आदमपुर कार्यालय पहुंचे। वहीं से प्रचार की शुरुआत की जाएगी।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आदमपुर उप-चुनाव हर हाल में भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी। जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के सभी नेता जमीनी स्तर पर मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदमपुर की जनता विकास पर वोट करके भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई को विजयश्री दिलाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे हरियाणा में समान विकास करके लोगों का दिल जीता है। वे सदा समान विकास के पक्षधर रहे हैं। हर वर्ग के लिए सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है। सरकार के 8 साल पूरे हो गए हैं। इन 8 वर्षों में प्रदेश सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, उद्योग समेत सभी क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राहत दी है। प्रदेश में मूलभूत ढांचा मजबूत किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हम मजबूत हुए हैं। हरियाणा के खरखोदा में मारुति सुजूकी व सुजूकी का नया प्लांट स्थापित होना इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा में खूब निवेश हो रहा है। प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए उद्योगों में हरियाणवियों को 75 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इससे युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से काफी अहम निर्णय लिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवर्धन पूजा का हिंदू समाज में है विशेष महत्व : बाली पंडित



**गुरुग्राम।** यहां शीतला कॉलोनी में 3, 4 व 5 नंबर गली में श्रीगोवर्धन महाराज का पूजन भव्यता से किया गया। इस दौरान भाजपा नेता बाली पंडित ने अतिथि के रूप में शिरकत की। शीतला कॉलोनी वासियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान बाली पंडित ने गोवर्धन पूजा करने के पीछे के इतिहास की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले सभी ब्रजवासी इंद्र की पूजा करते थे। भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन की पूजा करनी प्रारंभ कर दी, जिसके कारण भगवान इंद्र क्रोधित हो गए और ब्रज में अपने मेघों से घनघोर वर्षा प्रारंभ करा दी। चारों ओर तबाही मचने लगी। ये सब देखकर भगवान श्रीकृष्ण ने सबकी रक्षा करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठा लिया। सभी ब्रजवासियों ने अपने परिवार और पशुओं के साथ गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। सात दिनों तक घनघोर वर्षा होती रही। इससे भी ब्रजवासी विचलित नहीं हुए, तब इंद्र देव को ये आभास हुआ कि ये कोई साधारण बालक नहीं है। उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा याचना की। तभी पूरे देश में गोवर्धन पूजा की जाती है।

### अन्नकूट महोत्सव में 50 हजार से अधिक लोग जुटेंगे : उमेश अग्रवाल



**गुरुग्राम।** रविवार 30 अक्टूबर को लेजरवैली मैदान पर होने वाले अन्नकूट महोत्सव एवं मिलन समारोह में सभी जाति के 50 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। महोत्सव में शामिल होने वाले लोगों का वैश्य समाज की महिलाएं चंदन का तिलक लगाकर स्वागत करेंगी। यह जानकारी गुरुवार को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल ने पत्रकार वार्ता में दी। पत्रकारों को अन्नकूट महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल ने बताया कि यह गुरुग्राम में पहला विशाल अन्नकूट महोत्सव होगा। इस महोत्सव में उच्चकोटि के संतों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव में आनंद पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. बालकानंद गिरी, स्वामीनारायण मंदिर अक्षरधाम मंदिर के साधु मुनि वत्सलदास, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी नरेंद्रानंदजी, जैन संत सौरभसेन भट्टारक पट्टाचार्य के दर्शन एवं आशीर्वचन होंगे। उन्होंने बताया कि संत दर्शन के साथ-साथ भजन सम्राट कन्हैया लाल मित्तल श्याम बाबा के भक्ति भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव उमेश अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि यह विशुद्ध रूप से धार्मिक महोत्सव होगा। इसका राजनीति या किसी पार्टी विशेष से कोई सरोकार नहीं है। महोत्सव में पूर्व सांसद एवं वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार संघी व महासचिव गोपाल मोर, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, सांसद एनडी गुप्ता, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला, मेयर मधु आजाद व वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव जैन अन्नकूट महोत्सव में विशेष रूप से शामिल होंगे। उमेश अग्रवाल एवं डॉ. मंदीप किशोर गोयल ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्जवलन और 1100 ब्राहम्णों के शंखनाद व खरताल के साथ होगी। शंखनाद के बाद सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ और एक बार शंखनाद करने से भोजन-प्रसादी आरंभ होगा।

### आठ साल में पर्यावरण सुधारने पर भी विशेष फोकस रहा : नवीन गोयल



**गुरुग्राम।** हरियाणा में मनोहर सरकार के 8 साल पूरे हो गए हैं। इन वर्षों में हर वर्ग को किसी न किसी रूप में लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हर क्षेत्र को विकास परियोजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ाने का काम किया गया है। पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में भी कई योजनाओं को व्यापक स्तर पर शुरू करके सुधार किया गया है। सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को साझा करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मुख्य तौर पर प्राणवायु देवता पेंशन योजना शुरू की गई। इसके तहत 75 साल से अधिक आयु के वृक्षों के लिए 2500 रुपये वार्षिक का बजट तय किया गया। ऑक्सीवन योजना के तह पंचकूला व करनाल में ऑक्सीवन की स्थापना की गई। इसी तरह से मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत 7000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि, विद्यार्थियों को पर्यावरण के बारे में जागरुक करने के लिए 5250 ईको क्लब की स्थापना की गई। जल शक्ति अभियान चलाकर 68 लाख क्लोनल सफेदा के पौधे लगाए। जल संरक्षण के लिए जल बचाओ-कल बचाओ योजना शुरू की गई, जिसके तहत 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पानी का पावर प्लांट व उद्योगों में उपयोग किया जाता है। सूक्ष्म सिंचाई से हर खेत में पानी योजना के तहत महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी और फतेहाबाद जिलों के 9एसटीपी से उपचारित जल को सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है।

# आदमपुर के हर गांव में पर्यावरणविद् और प्रेमी वोट मांगने जाएंगे : गोयल

## आदमपुर उपचुनाव को लेकर विभाग की हिसार कार्यकारिणी की हुई बैठक

**गुरुग्राम।** आदमपुर उपचुनाव में जीत दर्ज करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने ताकत झोंक दी है। पार्टी का हर कार्यकर्ता इस चुनाव में प्रचार की कमान संभाले हुए है।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा की ओर से भी रणनीति तैयार की गई है। जिसके तहत विभाग के हिसार जिला के कार्यकर्ता आदमपुर क्षेत्र के हर गांव में पर्यावरणविद्ों, पर्यावरण प्रेमियों और नर्सरियों में जाकर प्रचार करते हुए भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाा प्रमुख नवीन गोयल की अध्यक्षता में विभाग की हिसार कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, पर्यावरण संरक्षण विभाग के जिला संयोजक शमशेर सिंह समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आदमपुर उपचुनाव की रणनीति को लेकर सभी के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

नवीन गोयल ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि चुनाव के मद्देनजर आगामी 3 नवम्बर तक पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदमपुर हल्के के हर गांव में सभी पर्यावरणविद्ों, पर्यावरण प्रेमियों और नर्सरियों में मुलाकात करेंगे। उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराने के साथ-साथ प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों से अवगत कराएंगे।

# अदालत ने चाचा के हत्यारोपी को दोस्त के साथ भेजा जेल

## पुलिस को पूछताछ में जितेन्द्र ने मर्डर वैपन बरामद करा दिया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** थाना पुलिस ने गुरुवार को लाखूवास निवासी बिजेन्द्र हत्याकांड में दो दिन की रिमांड पर आए दो आरोपियों को अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भोंडसी स्थित जिला जेल में भेज दिया है। पुलिस ने रिमांड के दौरान हत्यारोपी जितेन्द्र से अवैध हथियार बरामद कर लिया है।

जमीन विवाद में अपने भाई और पडोसी के साथ मिलकर लाखूवास निवासी बिजेन्द्र की हत्या करने वाले भतीजा जितेन्द्र और उसके दोस्त अशोक को शहर थाना पुलिस ने दो दिन की रिमांड के दौरान गहराई से पूछताछ की। पूछताछ में जितेन्द्र ने वह अवैध हथियार पुलिस को बरामद करा दिया। जिससे जितेन्द्र ने चाचा बिजेन्द्र को मौत के घाट उतार दिया था। जिसका जितेन्द्र के पास लाइसेंस नहीं था। जितेन्द्र ने जमीन विवाद होने पर चाचा बिजेन्द्र की हत्या करने की योजना अपने ही मन ही मन में बना ली थी। जिसके बारे में हत्या के दौरान साथ दे रहा अपने भाई धर्मेन्द्र को भी नहीं बताया था। धर्मेन्द्र अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस के हाथ घर से फरार धर्मेन्द्र तक नहीं पहुंचे है। मामले की जांच कर रहे एएसआई शीशराम ने बताया कि जितेन्द्र ने हाल ही में अवैध हथियार को खरीदा था। जितेन्द्र पर अवैध हथियार रखने का जुल्म लग गया है। वहीं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि जल्द ही तीसरे हत्यारोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### क्या था मामला

**रविवार** की रात को गांव लाखूवास में दो भतीजों ने अपने दोस्त के साथ मिलकर खेत में क कर रहा चाचा को गोली मारते हुए हत्या करने का प्रयास किया था। गोली लगने से घायल बिजेन्द्र की दिल्ली के सफदरजंग में मंगलवार की रात उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

# अपराध शाखा पुलिस ने बदमाश को कट्टे समेत पकड़ा

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने बदमाश को देशी कट्टा समेत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कराया है। बुधवार को अपराध शाखा सोहना पांच में तैनात हवलदार प्रवीण शहर के अग्रसैन चौक पर गश्त कर रहा था।

उसी समय हवलदार प्रवीण को सूचना मिली जिला पलवल का गांव घररौट निवासी बदमाश मनोज उर्फ कृष्ण तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड पर देशी कट्टा लेकर खड़ा है। वह किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने मौके पर पहुंच मनोज उर्फ कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी से अवैध कट्टा बरामद कर लिया।

# प्रदेश की भाजपा सरकार गूंगी बहरी : सतबीर पहलवान

## सांसद और प्रदेश सरकार कर कर्मचारियों की मांगों को अनदेखी करने का आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



बुधवार को धरने पर सफाई कर्मियों के बीच बैठकर समर्थन देते कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतबीर पहलवान।

**अपनी** मांगों को लेकर धरना पर बैठे नगर परिषद के सफाई कर्मियों के बीच में पहुंचे कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान ने हड़ताल का समर्थन किया। सतबीर पहलवान ने हल्का विधायक से लेकर सांसद और प्रदेश सरकार कर कर्मचारियों की मांगों को अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

पिछले नौ दिन से अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मियों का हौसला उस समय और बढ़ गया। जब बुधवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश ओबीसी सैल के सलाहकार सतबीर पहलवान ने अपना समर्थन देते हुए धरना में शामिल हो गए। इस अवसर पर सतबीर पहलवान ने इस बहरी गूंगी सरकार के कुशासन काल में हक मांगना भी गुनाह है। सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर त्योहार के दौरान घर से बाहर बैठे रहे, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार आज कर्मचारियों की मांग को अनसुना कर रही है, लेकिन चुनाव के दौरान सभी मांगों को पूरा करने के झूठे वायदे करके सत्ता तो हथिया ली, लेकिन अपने वायदे पर खरी नहीं उतरी। सतबीर पहलवान ने कहा सफाई कर्मियों के साथ उनका पूरा समर्थन रहेगा। कांग्रेस पार्टी ही कर्मचारियों के हित में कार्य करती है। भाजपा का स्थानीय विधायक भी मीडिया कर्मियों को धमकी देने लगा है। वह जनहित की आवाज को कैसे सुन सकता है। उन्होंने ने कहा कि सोहना की जनता आज जनता के प्रतिनिधियों से लेकर राज्य सरकार की हठधर्मिता को देख रही है।

# बाइक की टक्कर से कंपनी कर्मचारी की मौत

**सोहना।** नूंह-सोहना मार्ग पर गांव रायपुर के पास पैदल जा रहा कंपनी कर्मचारी की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। मृतक कंपनी कर्मचारी के साले की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मध्य प्रदेश के मूल निवासी विनोद ने शहर थाना पुलिस को बताया कि वह हाल वक्त नूंह में रहता है। वह रोजका मेव की कंपनी में नौकरी करता है। उसका जीजा दिनेश भाबोर मूल निवासी मध्यप्रदेश भी रोजका मेव की कंपनी में नौकरी करता है। बुधवार को दोपहर एक बजे वे दोनों सोहना से घरेलू सामान लेकर पैदल रोजका मेव जा रहे थे। जब वे रायपुर के निकट चौधरी फार्म के पास जा रहे थे। तभी पीछे आई तेज गति से बाइक ने उसके जीजा दिनेश भाबोर को टक्कर मार दी। दिनेश टक्कर लगने से सामने सड़क पर गिर गया। जिसे हाथ,पैर, मुंह और सिर में गंभीर चोटें लगीं। जिसे तुरन्त सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरूग्राम सेक्टर-10 के लिए रेफर कर दिया।

# दवा लेने क्लीनिक पर गई महिला से डॉक्टर समेत दो ने गैंगरेप किया

## पुलिस 48 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सदर** थाना क्षेत्र में देर रात क्लीनिक पर दवा लेने गई महिला के साथ डॉक्टर समेत दो लोगों द्वारा गैंगरेप करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। लेकिन पुलिस 48 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

सदर थाना सोहना पुलिस को विवाहिता ने बताया कि मंगलवार को उसे सिर में दर्द हो रहा था। वह गांव के निजी क्लीनिक पर दवा लेने रात 8 बजे गई। डॉक्टर से दवा लेने के बाद अपने घर आ गई। लेकिन उसे सिर दर्द में रात 12 बजे तक आराम नहीं हुआ। वह देर रात फिर क्लीनिक पर दवा लेने गई। जहां पर पहले से ही गांव जखोपुर थाना सदर थाना सोहना निवासी सम्मा भी बैठा हुआ था। डॉक्टर सलमान और सम्मा ने देर रात में अंधेरे का फायदा उठाते हुए क्लीनिक में उसके साथ बारी-बारी से गैंगरेप किया। उसके घर न पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश में सलमान के क्लीनिक पर पहुंच गए। जिन्हें देख कर डॉक्टर सलमान और सम्मा मौके से भाग गए।

पीड़िता ने सतलाका निवासी सलमान और जखोपुर निवासी सम्मा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। आरोपी अपने-अपने घर से फरार है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

# समाजसेवा को धर्म मानकर करना रहेगी प्राथमिकता : बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अपने जन्मदिन पर केक काटते पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी।



पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देती महिलाएं।

**गुरुग्राम** में बुधवार का दिन उस शख्सियत के नाम रहा, जो सदैव सकारात्मक सोच के साथ जनसेवा के कार्यों में जुटे रहते हैं। शहर की अनेक संस्थाओं में बतौर पर पदाधिकारी वे काम करते हैं। पंजाबी बिरादरी के साथ मिलकर पंजाबी बिरादरी महा संगठन का गठन करके सर्व समाज की भलाई के लिए काम को गति दी। ऐसी ही सकारात्मक सोच और कार्यों में अग्रणी रहने वाले महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी का जन्मदिन शहर की कई संस्थाओं ने धूमधाम से मनाया।

भाजपा प्रान्त अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ एवं जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने फोन करके बोधराज सीकरी को बधाई दी। इस दौरान बोधराज सीकरी ने कहा कि समाजसेवा को धर्म मानकर करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। बुधवार सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक उनके जन्मदिन के आशीर्वाद और शुभकामनाएं कार्यक्रम चलते रहे। पहला कार्यक्रम जीएवी स्कूल सेक्टर-7 एक्सटेंशन में योग गुरू व योगा अभ्यर्थियों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद सनातन धर्म सभा कृष्णा मंदिर चार-आठ मरला में कार्तिक मास के साधकों द्वारा अभिनंदन किया गया। अर्थ सेवियर फाउंडेशन (स्वर्गीय रवि कालरा की संस्था) बंधवाड़ी में श्रीसीकरी ने वहां पर रह रहे निवासियों से भेंट की। गोशाला कामधेनू पालम विहार में गऊओं के लिए दान दिया। माता चिंतपूर्णी मंदिर में अन्नकूट का भंडारा आयोजित किया गया। श्याम मंदिर न्यू कालोनी में भंडारा, सुशांत लोक मरिओट होट के सामने हरिंदर सिंह होरा द्वारा भंडारा, गीता भवन न्यू कालोनी में विशाल अन्नकूट भंडारा, चोटी पंचायत न्यू कालोनी में बोधराज सीकरी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इसी प्रकार हनुमान मंदिर गली नंबर-3 मदनपुरी में स्वागत समारोह, डेरेवाल भवन में स्वागत समारोह, स्वामी गंगा गिरी कुटिया बसई रोड पर स्वागत समारोह और बालाजी मंदिर शिवाजी नगर में समारोह हुआ। गलेरिया मार्किट में ऑटो रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हृदय की गहराई से अभिनन्दन किया।

**फूलों की वर्षा हुई, केक भी काटा :** कहीं बैंड से स्वागत, कहीं पुष्प वर्षा, कहीं ढोल-नगाड़े और कहीं पगड़ी द्वारा सम्मानित, कहीं अंग वस्त्र, कहीं शाल और सात स्थानों पर केक भी काटा गया। 13 व्यक्तियों का काफिला सुबह 6:00 बजे से 4 गाड़ियों में सारा दिन बोधराज सीकरी के साथ सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहा, जिनमें प्रमोद सलूजा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, गजेन्द्र गोसाई, अनिल यादव, ओपी कालरा, राजकुमार कथूरिया, नरेंद्र कथूरिया, हरीश वर्मा, राजेश वर्मा, नरेश अरोड़ा, गौरी शंकर शामिल थे।

**सीकरी ने किया सभी का धन्यवाद :** अपने जन्मदिन पर संस्थाओं द्वारा आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों के लिए पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने ह्दय की गहराईयों से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे आज शहर के ऋणी हो गए हैं। शहर के लोगों के लिए उनसे जो हो सकेगा, वे जनसेवा के कामों को और अधिक गति देंगे। उनका जीवन समाजसेवा के लिए समर्पित है और रहेगा। श्री सीकरी ने कहा कि मात्र नौ महीने में हमने 52 सामाजिक प्रोजेक्ट शुरू किये है। महा संगठन ने पूरी जिम्मेदारी के साथ काम किया है।

# हाई रिस्क वाले लोगों में स्तन कैंसर की समय पर जांच जरूरी: आरजीसीआई

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**राजीव** गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआई) के सीनियर कंसल्टेंट एवं ब्रेस्ट सर्जिकल ओंकोलॉजी के प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि जिन परिवारों में किसी को स्तन कैंसर हुआ हो, वहां अगली पीढ़ी में भी स्तन कैंसर या गर्भाशय के कैंसर का खतरा रहता है। ऐसे लोगों में निगरानी रखना और समय पर जांच बहुत जरूरी है, ताकि शुरुआती स्तर पर ही कैंसर का पता लगाकर जरूरी कदम उठाये जा सकें। अक्टूबर को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। देखा गया है कि स्तन कैंसर के 5 प्रतिशत मामले जेनेटिक होते हैं और अभिभावकों से बच्चों में पहुंचते हैं। माता और पिता दोनों से बीआरसीए जीन के माध्यम से बच्चों में यह कैंसर पहुंच सकता है। यह जीन एक्स क्रोमोसोम पर होता है। जिन महिलाओं में बीआरसीए जीन होता है, उनमें आगे चलकर स्तन या गर्भाशय कैंसर होने का खतरा 10 गुना ज्यादा रहता है।

सभी हाई रिस्क वाले लोगों को बीआरसीए जीन टेस्टिंग करानी चाहिए, जो कि किफायती दरों पर उपलब्ध है। जिनके परिवार में किसी को स्तन कैंसर हो चुका है, उन्हें हाई रिस्क माना जाता है। बीआरसीए पॉजिटिव महिलाओं में स्तन एवं गर्भाशय के कैंसर सर्वाधिक होने वाले दो कैंसर हैं। बीआरसीए वाली महिलाओं को सुझाव दिया जाता है कि परिवार पूरा हो जाने के बाद गर्भाशय व फेलोपियन ट्यूब हटवा देनी चाहिए। साथ ही प्रोफाइलैक्टिक मास्टेक्टोमी भी करा लेनी चाहिए, जिसमें स्तनों को हटाकर पुन: तैयार किया जाता है। आरजीसीआई ने अब तक 700 से ज्यादा महिलाओं की बीआरसीए टेस्टिंग की है। इनमें 25 प्रतिशत लोग बीआरसीए पॉजिटिव पाए गए। करीब 100 लोगों का गर्भाशय हटाया गया है और 30 महिलाओं ने प्रोफाइलैक्टिक मास्टेक्टोमी कराई। इतनी प्रोफाइलैक्टिक सर्जरी करने वाला आरजीसीआई इस मामले में सबसे बड़े कैंसर केयर सेंटर में से है। मैमोग्राम और स्वयं ही स्तन जांच करते हुए स्तन कैंसर का पता लगाया जा सकता है।

डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि इलाज के नए तरीकों से स्तन कैंसर के मामले में जान जाने की आशंका बहुत कम हुई है और जीवन का स्तर सुधरा है। स्तन कैंसर सर्जरी के अगले दिन ही महिला को डिस्चार्ज कर दिया जाता है और वह कुछ ही दिन में सामान्य तरीके से जीवन जीने में सक्षम हो जाती है।

# शहर में धूमधाम से मनाया गया भैया दौज का त्योहार

कविता। फरीदाबाद

**हिन्दू** धर्म में भैया दौज का विशेष महत्व है। इस पर्व को 'यम द्वितीया' और 'भ्रातृ द्वितीया' भी कहा जाता है। रक्षाबंधन के बाद भैया दूज दूसरा ऐसा त्योहार है। जिसे भाई-बहन बेहद उत्साह और आस्था के साथ मनाते हैं। जहां, रक्षाबंधन में भाई अपनी बहन को सदैव उसकी रक्षा करने का वचन देते हैं। वहीं भाई दूज के मौके पर बहनें अपने भाई की लंबी आयु के लिए प्रार्थना करती हैं। इस त्योहार का संदेश यही है कि भाई-बहन के बीच प्यार हमेशा बना रहना चाहिए। चाहे दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में कितने ही व्यस्त क्यों न हों, लेकिन एक-

## बहनों ने तिलक कर भगवान से उनकी लंबी उम्र और समृद्धि की कामना की

दूसरे के साथ कुछ पल तसल्ली के जरूर गुजारने चाहिए। जानकारी के मुताबिक शहर में बृहस्पतिवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम को समर्पित भाई दूज का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक कर भगवान से उनकी लंबी उम्र, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहन को रक्षा का वचन देते हुए उन्हें भेट के तौर पर पैसे और विभिन्न प्रकार के उपहार दिए। विवाहिता महिलाएं


पुर्वी अपने भाई नक्ष के संग भाईदूज का त्यौहार मनाते हुए।

इस पावन पर्व पर मायके आईं और भाईयों को तिलक किया। भाई दूज के चलते शहर के बाजारों में खासी चहल-पहल रही। लोगों ने जमकर मिठाइयों की खरीदारी की। नारियल की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही। भाईदूज की पूजा में पके हुए नारियल (गोले) का बड़ा महत्व है। सबके घरों पर मेहमानों का आना-जाना लगा रहा। मेहमानों के स्वागत के लिए पकवान बनाए गए। बच्चों ने भी घर में खूब आनंद उठाया। इस खास पर्व पर सुबह से ही तिलक लगवाने के लिए भाई-बहनों का एक दूसरे के घर आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। इस वजह से बुधवार की शाम से बसों एवं ट्रेनों में खासी भीड़भाड़ रही। दिल्ली, मथुरा, वृंदावन, अलीगढ़ एवं आगरा की ओर जाने वाली बसों में लोग चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की करते नजर आए। रोडवेज ने इन सभी रूटों पर पांच-पांच अतिरिक्त बसें चलाई थीं। लेकिन भीड़ के सामने सारे इंतजाम नाकाफी साबित हुए। बल्लभगढ़ एवं एनआईटी बस अड्डे पर सुबह से ही यात्रियों का तांता लगना शुरू हो गया था। जिसे देखते हुए रोडवेज ने एक के बाद एक बसों को निकाला।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली-गुड़गांव रूट पर यात्रियों को सुबह पांच बजे से सिटी बसें मिलनी शुरू हो गईं थीं। भैयादूज भाई-बहनों का बड़ा त्योहार है। यात्रियों की इतनी संख्या रही कि उनके लिए बसें कम पड़ती दिखाई दीं। डीटीसी एवं हरियाणा रोडवेज की बसें भी खचाखच स्थिति में चलीं।

# आपराधिक घटनाएं रोकने को नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल जरूरी : सीएम

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सूरजकुंड में पहुंचे

## चिंतन शिविर में पहुंचने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सूरजकुंड में बीजेपी द्वारा आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करते हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपराधिक घटनाओं पर रोक के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर बल देते हुए कहा कि फेस व बायोमीट्रिक रिकॉग्निशन के साथ-साथ अब वॉयस रिकाग्मिशन पर भी काम करना चाहिए। गुजरात में खुली फोरेंसिक यूनिवर्सिटी का विस्तार हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी होना चाहिए ताकि अपराधियों की गिरफ्तारी व उन्हें सजा दिलाने के कार्य में आसानी हो। उन्होंने यह बात गुरुवार को सूरजकुंड में केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आरंभ दो दिवसीय चिंतन शिविर के पहले दिन अपने संबोधन में कही।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का सूरजकुंड पहुंचने पर मेजबान राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत करते हुए कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते इस्तेमाल से कानून व्यवस्था के समक्ष आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार का यह एक सराहनीय प्रयास है। केंद्र और राज्य आपस में बैठकर दो दिन तक यहां कानून व्यवस्था बनाए रखने व अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर आपसी संवाद करेंगे। उन्होंने दो दिवसीय चिंतन शिविर में विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री व डेलिगेट्स का भी स्वागत किया।

मनोहर लाल ने कहा कि समय के साथ तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल से अपराधी अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए नए-नए तरीके अपनाने लगे है। हरियाणा सरकार ने भी राज्य की पुलिस को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के कार्य किए है। कई बार ऐसा देखने को भी मिला कि अपराधियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार

**चिंतन शिविर**

कराकर दूसरे नाम से पासपोर्ट भी तैयार करवा लिए लेकिन पुलिस ने आगे बढक़र ऐसे 250 लोगों को चिन्हित किया। जिनमें से 126 को गिरफ्तार भी किया गया और शेष मामलों ने तेजी से जांच भी जारी है।

उन्होंने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर रोक व अपराधियों की धरपकड़ के लिए हरियाणा सहित देश के राज्यों को आपस में एक साझा सहमति पत्र (एमओयू) पर काम करने का भी सुझाव दिया। जिससे विभिन्न अपराधों में संलिप्त लोगों की गतिविधियों व अन्य महत्वपूण सूचनाओं का डेटा शेयर हो। जिससे अपराधियों को गिरफ्तार करने व सजा दिलाने में आसानी हो। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा में राज्यों की भूमिका को लेकर नवीनतम तकनीकों, फोरेंसिंक साइंस व आर्टिफिशीयल इंटेलिजेंस को लेकर महत्वपूण सुझाव दिए।

# आठ वर्षों में मनोहर सरकार ने जनता के विश्वास को जीता : पोपली

## कास्ट, करप्शन और क्राइम पर मनोहर सरकार ने किया जबरदस्त प्रहार


पत्रकारों से बात करती वंदना पोपली।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार के आठ साल बेमिसाल रहे हैं। इन 8 सालों में जहां सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का काम किया, वहीं क्राइम पर भी बुल्डोजर चलाकर अपनी मंशा जता दी कि सरकार प्रदेश में कुछ भी गलत सहन करने के मुड़ में नहीं है। वे गुरुवार को यहां पत्रकार वार्ता कर रही थी। इस मौके पर उनके साथ जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, प्रवक्ता यशपाल बत्रा, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल लगातार जनता की सेवा में लगे रहते हैं। सीएम को हर विषय की जानकारी है इसलिए उनका पूरा ध्यान सरकार की परफोर्मेंस पर रहता है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सरकार की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है कि विधानसभा में विपक्षी दल भी मनोहर सरकार को ईमानदार सरकार बताते हैं। वंदना पोपली ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 8 साल प्रदेश को सुशासन के दिए हैं। प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए वंदना पोपली ने कहा 2014 में हम जिस विचारधारा को लेकर सरकार में आए थे, आज उसी विचारधारा को ही आगे बढ़ा रहे हैं। इन आठ सालों में मुख्यमंत्री ने सबके विश्वास को जीता है तथा यह बताया कि राजनीति में जनसेवा और परफार्मेंस किस प्रकार से सरकार द्वारा दी जाती है। उन्होंने बताया कि जनहित में हमने 3 सी अर्थात कास्ट, करप्शन, क्राइम पर प्रहार किया है। हरियाणा में बिना पर्ची, बिना खर्ची की नौकरियां मिलना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नौकरी देते समय ना जाति देखी ना तबका देखा सिर्फ काबलियत देखी।

# पैलिएटिव केयर के महत्व के प्रति जागरुकता जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कैंसर** जैसी बीमारी के इलाज का मतलब केवल दवा, रेडिएशन और सर्जरी तक ही नहीं है, बल्कि मरीज को होने वाले दर्द को कम करना तथा उसके सामाजिक, आध्यात्मिक एवं मानसिक प्रभावों को नियंत्रित करना भी इसका हिस्सा हैं। ये सभी पैलिएटिव केयर के अंतर्गत आने वाली गतिविधियां हैं।

हाल ही में पैलिएटिव केयर के महत्व के प्रति जागरूकता के लिए आरजीसीआई में कैंसर के इलाज के दौरान हीलिंग हार्ट्स एंड कम्युनिटीज को व्यापक लक्ष्य के रूप में स्वीकारने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर करीब 200 मरीजों, केयरगिवर्स, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने हिस्सा लिया। डॉ. किंशुकी जैन, कन्सलटेंट पेन एंड पैलिएटिव केयर, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर ने कहा, 'विगत वर्षों में पैलिएटिव केयर के क्षेत्र में हुई प्रगति से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आया है। अब चुनौतियों एवं अनिश्चितताओं के बावजूद कैंसर के इलाज और इसके बाद की देखभाल का संबंध दर्द से नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण जीवन से जोड़ना है।'

इस दौरान डॉ. उल्लास बत्रा ने कम्युनिकेशन स्किल और डॉ. ए.के. दीवान ने 'एंड ऑफ लाइफ केयर' पर सत्रों को संबोधित किया। डॉ. किंशुकी जैन ने पैलिएटिव केयर को लेकर व्यापक जानकारी दी, जिसमें इस संबंध में फैले भ्रम को दूर करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मरीजों और उनके केयरगिवर्स के अनुभव एवं उनकी भावनात्मक कहानियां व उन पलों को दर्शाती कविताएं अहम आकर्षण रहीं।

# हरियाणा के व्यक्ति ने जीता एलोएलो आइडल रिएल्टी शो

## कुलदीप सिंह ने स्विफ्ट कार जीती और छह सप्ताह तक चली लाईव स्ट्रीमिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों में विजेता रहे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** के अग्रणी लाईव स्ट्रीमिंग ऐप एलोएलो ने आज एलोएलो आइडल: सिंग एण्ड विन अ कार' प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। ऐलोएलो ऐप पर यह प्रतियोगिता छह सप्ताह तक चली, जिसे दर्शकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। देश भर से 3000 से अधिक शौकीन एवं पेशेवर गायकों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 5 मिलियन से अधिक यूजर ऐप पर इसे लाईव देख रहे थे। हरियाणा के आम आदमी और उत्साही गायक कुलदीप सिंह को प्रतियोगिता का फ्रंट रनर घोषित किया गया और प्रतियोगिता के भव्य पुरस्कार के रूप में उन्हें मारुति स्विफ्ट डिजायर दी गई। 55 वर्षीय कुलदीप सिंह पेशे से इलेक्ट्रॉनिक्स इजीनियर हैं, लेकिन गाने का शौक रखते हैं। कुलदीप के लाईव परफोर्मेन्स को खूब सराहना मिली। सिर्फ डेढ़ महीने के अंदर इस गायक को अधिकतम रु 14 लाख के उपहार मिले, जो लीडरबोर्ड पर सबसे आगे रहे। ''मैं पिछले एक महीने से एलोएलो ऐप पर सक्रिय था। लेकिन जब मुझे एलोएलो आइडल के बारे में पता चला, मैंने तुरंत प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला ले लिया। मैं ऐप पर रोज़ाना घण्टों तक गाता था, मुझे अच्छा लग रहा था कि लोग मेरे गाने को खूब पसंद कर रहे थे।' कुलदीप सिंह ने उत्साह के साथ कहा। वे प्रतियोगिता के बाद भी एलोएलो पर गाना जारी रखने की योजना बना रहे हैं। इससे पहले कुलदीप ने टीवी पर भी सिंगिंग रिएल्टी शोज़ पर ऑडिशन दिया था, लेकिन डिजिटल माध्यमों के ज़रिए वे कम्युनिटी बनाने और प्रतियोगिता जीतने में कामयाब हुए। अब ऐप पर उनके 50,000 से अधिक फॉलोवर्स हैं जो हर दिन लाईव स्ट्रीमिंग जारी रखना चाहते हैं। ''मुझे गाना बहुत पसंद है, कार के इस उपहार ने मेरे उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है।' उन्होंने कहा। प्रतियोगिता की सफलता पर बात करते हुए सौरभ पाण्डेय, सह-संस्थापक, एलोएलो ने कहा, ''एलोएलो लाईव टीवी का निर्माण करना चाहता है और मौजूदा रिएल्टी शो (एलोएलो आइडल) के माध्यम से गायकों को लाईव परफोर्मेन्स देने और इंटरैक्टिव तरीके से दर्शकों का डिजिटल एंटरटेनमेन्ट करने का मौका मिला।

# उत्तराखंड के सीएम ने आचार्य से लिया आशीर्वाद

**फरीदाबाद।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी श्रीसिद्ध नारायण धाम में आशीर्वाद लेने पहुंचे। फरीदाबाद में पहुंचकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने श्रीसिद्ध नारायण धाम के संस्थापक स्वामी मधुसूदन आचार्य को शॉल व गंगा जल देकर आशीर्वाद लिया। वही आचार्य ने भी मुख्यमंत्री को शाल, माला पहनाकर भगवान कृष्ण की मूर्ति देकर उत्तराखंड की उन्नति व चहुमुखी विकास का आशीर्वाद प्रदान किया।

आचार्य मधुसूदन महाराज ने मुख्यमंत्री से उत्तराखंड व भारत के विकास व सभी देशवासियों के लिए मंगलकामना हेतु यज्ञ के लिए संकल्प दिलवाकर हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस मौके पर महाराज से आशीर्वाद लेकर मुख्यमंत्री ने आचार्य को उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा की वह पहले में विधायक रहते हुए श्रीसिद्ध नारायण धाम में आकर आचार्य से आशीर्वाद लेते रहे है पर मुख्यमंत्री बनने के बाद आज यहां आए है और आगे भी आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को साथ लेकर यहां दोबारा आएंगे।

# बीके: गरीबों को मिल रहा मात्र डॉक्टरी जांच और बिस्तर

## एक्सीडेंट में घायल दीपक का 17413 रुपये में ऑपरेशन हुआ

## उधार मांगकर प्रेम ने भाई दीपक का करवाया था ऑपरेशन

कविता। फरीदाबाद


ऑपरेशन के बाद घायल दीपक अपने भाई प्रेम के संग बिल दिखाते हुए।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में गरीबों को मुफ्त इलाज और दवाओं के सभी दावें पिछले कुछ समय से खोखले साबित हो रहे हैं। ऐसा ही दुर्घटना ग्रस्त होकर आए एक गरीब व्यक्ति और उसके परिजनों के संग हुआ। उन्हें कर्जा लेकर घायल हुए दीपक का ऑपरेशन करवाया।

**दर्द बयां किया :** सेक्टर-56 निवासी प्रेम मेहतो ने बताया कि बीके अस्पताल में केवल चिकित्सक और बिस्तर की सुविधाएं ही उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दवाईयां, इलाज में लगने वाला सामान और जांच सभी बाहर से करवानी पड़ रही है। जिसके कारण हम जैसे गरीबों को ब्याज पर उधार पैसे लेकर इलाज करवाना पड़ रहा है। प्रेम ने बताया कि गत 18 अक्टूबर की शाम को सेक्टर-85 में उनके भाई दीपक का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें उनकी हथैली में फैक्चर और पैरों की नसें खींच गई थीं।

उन्हें किसी ने खेड़ी गांव में इलाज को पहुंचाया। जहां से उनकी हालत गंभीर बताते हुए बीके के लिए रेफर कर दिया गया। उन्हें बीके में भर्ती कर लिया गया। जहां उनकी सीटी-एमआरआई सेंटर से 2500 रुपये की जांच हुई। इसके बाद उसके हाथ का ऑपरेशन करने के लिए बताया गया, लेकिन ऑपरेशन के वक्त उन्हें बताया गया कि हाथ में प्लेट डलेगी। जिसके लिए 13 हजार रुपये से अधिक का खर्च आएगा। उन्होंने 22 अक्टूबर शनिवार को ऑपरेशन के लिए 13 हजार 100 रुपये बीके के काउंटर पर दे दिए। उन्हें ऑपरेशन के बाद नीलम बाटा रोड के एक मेडिकल स्टोर की पर्ची थमा दी गई।

वहीं अगले दिन उनसे दवाईयां मंगवाई गई। जिसे वह बीके चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर से लेकर आए तो वह 1813 रुपये की निकली। प्रेम ने कहा कि इतने पैसे उनके पास नहीं थे। कुल 17 हजार 413 रुपये उन्होंने कुछ लोगों से उधार लिये और शेष बचे हुए पैसे उन्होंने ब्याज पर लिये, तब जाकर अपने भाई का ऑपरेशन करवाया। उनका कहना है कि आगे किसी गरीब के संग ऐसा न हो। इसलिए वह इस घटना को मीडिया के सामने रख रहे हैं।

# आज सीएम करेंगे एनआईटी बस अड्डे का उद्घाटन

## बस अड्डे का काम दोपहर तक दिखा अधूरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


अधूरा पड़े एनआईटी बस अड्डे पर सीएम के द्वारा उद्घाटन से पहले की गई पेड की छटाई

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज सुबह 10 बजे एनआईटी बस अड्डे को जनता को समर्पित करेंगे। एनआईटी स्थित बस स्टैंड निजी भागीदारी से बनाया गया है। इस बस अड्डे के निर्माण कार्य पर लगभग 130 करोड रूपये की धनराशि की लागत आई है। लेकिन इस बस अड्डे का निर्माण कार्य अभी अधूरा है। इस पर अभी टाइलें नहीं लगाई गई हैं।

**आधुनिक बस अड्डा :** बताया जा रहा है कि यह बस स्टैण्ड अत्याधिक आधुनिक व सभी मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इस बस स्टैण्ड में 17 बस काऊंटर हैं, जहां से दिल्ली, चण्डीगढ़, जयपुर, हरिद्वार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब प्रदेशों के यात्रियों को बस सुविधा उपलब्ध होगी। बस स्टैण्ड में यात्रियों के बैठने के लिए वातानुकूलित गैलरी बनाई गई है। इसमें आराम दायक कुर्सियों का प्रबंध किया है। जहां यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक शौचालय, पीने के लिए आर.ओ. का शीतलजल, समान रखने के लिए क्लॉक रूम तथा जलपान आदि सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। संपूर्ण बस स्टैण्ड सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। बस अड्डे के नीचे वाहनों की पार्किंग के लिए बैसमेंट में 1000 गाड़ियों को खड़ी करने की व्यवस्था की गई है। यह चार एकड़ भूमि पर नए आधुनिक बस अड्डे को निजी सार्वजनिक साझेदारी आधार पर निर्माण करने का निर्णय लिया गया था। इसमें डीआईएमटीएस, नई दिल्ली को सलाहाकार नियुक्त किया गया और सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने उपरांत पैसिफिक रिटेल सेंटर, नई दिल्ली द्वारा विगत 10 फरवरी 2020 से बस अड्डा निर्माण कार्य आरंभ किया गया था। कोविड- 19 महामारी के कार्यकाल में बस अड्डे के निर्माण का कार्य स्थगित रहा।

**अधूरा काम व पेड़ों की छटाई:** बस अड्डे का कार्य अभी अधूरा है, यहां सीएम के द्वारा उद्घाटन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं। जिसके लिए बस अड्डे के बाहर लगे हरे-भरे पेड की छटाई कर दी गई। वहीं बस अड्डे के बाहर पेड़ के निकट ही छोटे-छोटे सैकड़ो पौधों का गार्डन तैयार कर दिया गया। बस अड्डे के साईड में फूटपाथ और सड़क का निर्माण कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया। ताकि यहां आने वाले वाहनों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीवेंस रिड्रेसल मैकेनिज्म का हुआ उल्लेखनीय कार्य : विज



**फरीदाबाद।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अपराधों पर रोक के साथ-साथ ग्रीवेंस रिड्रेसल मैकेनिजम विकसित करना चाहिए। हरियाणा में इस दिशा में पहल करते हुए राज्य के सभी जिलों में पुलिस कप्तानों को प्रति दिन कम से कम एक घण्टा जनसमस्याएं सुनने के निर्देश दिए गए है। वहीं वे स्वयं भी सप्ताह में एक दिन लोगों की समस्याएं सुनते हैं। विज ने ये बात फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय चिंतन शिविर के पहले दिन अपने संबोधन में कही। उन्होंने हरियाणा आगमन पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व अन्य डेलिगेट्स के स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती नशाखोरी पर रोक व नशा तस्करों पर कार्रवाई के लिए हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। नशा तस्करों पर कार्रवाई के साथ धरातल पर नशे से बचाव के लिए भी लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसके लिए सब डिविजन, वार्ड व ग्राम स्तर पर कमेटी भी गठित की गई है। उन्होंने डायल 112 के प्रयोग की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अब कॉल पर आसानी से उपलब्ध होगी। इसके लिए डायल 112 के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया और 600 एमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल शामिल किए गए। हर महीने कंट्रोल रूम को 50 से 55 हजार कॉल मिल रही है। गृह मंत्री ने पुलिस सुधार के लिए किए गए कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन के लिए 30 अवार्ड आरंभ किए गए है। जिनमें 10 मुख्यमंत्री स्तर पर, 10 गृह मंत्री व 10 अवार्ड डीजीपी स्तर पर आरंभ किए गए है। पुलिसकर्मियों के मनोबल बढ़ाने में यह प्रयोग कारगर साबित हुआ है और लोगों का भी कानून के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

### वैश्य विकास मंच ने की गोवर्धन पूजा



**फरीदाबाद।** वैश्य विकास मंच फरीदाबाद पिछले 23 वर्षों से लगातार गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाता रहा है। इस बार 24 वीं गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन महाराजा अग्रसेन मंदिर सेक्टर 21डी मे किया गया। मंच के प्रधान नानक चंद अग्रवाल, महासचिव कैलाश चंद अग्रवाल ने बताया की इस आयोजन में मुख्य रूप से अग्रवाल कॉलेज के प्रधानाचार्य केके गुप्ता, इंदीवर गुप्ता, राजीव नयन, उद्धव गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक दिनेश मित्तल ने कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए आईसी गुप्ता, केदारनाथ अग्रवाल, पवन गोयल, धर्मवीर गुप्ता, अशोक मित्तल, विनेश अग्रवाल, कपिल गर्ग, विकास बंसल, अश्वनी सिंघल, हुकम चंद मित्तल, योगेश मित्तल, शिवकुमार मंगला, अश्वनी गोयल आदि लोगों का आभार प्रकट किया।

### धूमधाम से मनाया बुजुर्ग नरूला का जन्मदिन



**फरीदाबाद।** टीम पर्यावरण संरक्षक के वरिष्ठ सदस्य सरदार जसमेर सिंह नरूला के 66वें जन्म दिवस पर सैनिक कॉलोनी गुरूग्राम रोड के गेट नंबर तीन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने अपनी आयु के अनुसार 66 वृक्ष लगाने का जो संकल्प लिया था। उसके अनुसार गड्ढे तैयार करवाने पर फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव गुरमीत सिंह देओल द्वारा उन्हें यह पेड़ उपलब्ध करवाए जाएंगे। उसी कड़ी में आज एक पीपल का पेड़ और कुछ अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर नरुला परिवार के सदस्य व उनकी पत्नी, शुभचिंतक, मित्रगण और वहां के निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना, रमेश अनिल अरोड़ा उर्फ राजू बलजीत बिश्नोई,गुरमीत देयोल, गुलशन गाबा, गौरव अरोड़ा, भूषण आहूजा, सतीश मिगलानी, विनोद कपूर, अशोक भाटिया,डॉक्टर सत्रुगण, वेद भाई, नितिन शर्मा,दिनेश पंचाल, निधि अरोड़ा, अनु भाटिया, मनोरमा अरोड़ाभी टीम पर्यावरण संरक्षक के साथ मौजूद रहे। सभी ने उनके बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए प्रार्थना की और इसके बाद कड़ाह प्रसाद, चाय, मिष्ठान एवं जलपान का वितरण किया गया। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्लास्टिक के दुरुपयोग को रोकने के लिए टीम पर्यावरण संरक्षक द्वारा एक क्रोकरी बर्तन बैंक का भी गठन करते हुए लगभग तीन सौ के आसपास स्टील की थाली, चम्मच गिलास व अन्य बर्तन खरीदे गये हैं। जिससे छोटे बड़े सभी घरेलू अथवा सार्वजनिक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में प्लास्टिक के स्थान पर इन्हीं बर्तनों का निशुल्क उपयोग किया जाएगा।इस मुहिम में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजेबल का आने वाले दिनों में यूज बंद हो। ऐसे प्रयासों से वातावरण भी शुद्ध होगा सड़कों पर गंदगी भी नहीं फैलेगी और सीवर भी जाम नही होंगे। फीवा महासचिव गुरमीत सिंह देओल द्वारा टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पेड़ों की सुरक्षा हेतु वायर फेंसिंग व अन्य कार्यों जैसे क्रोकरी बर्तन बैंक के लिए अपनी संस्था फीवा द्वारा हर प्रकार के आर्थिक सहयोग का भी आश्वासन दिया गया।

# केजरीवाल की भक्ति

## हिंदुत्व का आकर्षण

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मानना है कि नए करेंसी नोटों पर भगवान गणेश व देवी लक्ष्मी के चित्र होने चाहिए। उनके इस विचार से न केवल उनकी पार्टी की सीमायें, बल्कि हिंदुत्व का बढ़ता आकर्षण भी स्पष्ट होता है। प्रेस से बात करते समय उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर चिन्ता प्रकट की। उन्होंने कहा कि 'अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अनेक प्रयासों' के साथ ही अपने देवी देवताओं का आर्शीवाद प्राप्त करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा, 'भारतीय करेंसी नोटों पर एक ओर गांधीजी का चित्र है, उसे इसी तरह बने रहने देना चाहिए। लेकिन यदि हम दूसरी ओर गणेश जी और लक्ष्मी जी का चित्र छाप दें तो उनका आर्शीवाद पूरे देश को मिलेगा।' आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो ने संकेत किया है कि मुस्लिम बहुसंख्य देश इंडोनेशिया की मुद्रा पर 'श्री गणेश जी का चित्र' छपा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसका अनुसरण करने की अपील की है। आप की वैज्ञानिक सोच पर इससे ज्यादा और क्या कहा जा सकता है। केजरीवाल व आप के लिए समाधान हमेशा आसान होते हैं कि लोगों का जीवन कैसे आसान बनाया जाए। उनको मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी दो और उनको सस्ती तीर्थयात्रा कराओ। लेकिन अर्थव्यवस्था कैसे बहाल होगी? इसके लिए देवी-देवताओं का आर्शीवाद लो। यह भावनाओं व लोकरंजकता के स्टीरायड पर चलने वाली जादुई अर्थव्यवस्था है। यह किसी छात्र से यह कहने के समान है कि कठोर अध्ययन करने के बजाय नियमित प्रार्थना करने से उसे परीक्षाओं में अच्छे नंबर मिल सकते हैं। लेकिन बिना समुचित परिदृश्य, कठोर परिश्रम व प्रतिबद्धता के प्रार्थनायें कभी कारगर नहीं होती हैं, फिर चाहे वह व्यक्तिगत जीवन में हो या राज्य के जीवन में।



लेकिन आम आदमी पार्टी-आप के मामले में 'खैरात' राजनीतिक दर्शन व राजनीतिक विमर्श है। दुर्भाग्य से कमोबेश यह बात दूसरी पार्टियों के लिए भी सही है। मूल रूप से इसके पीछे राजनीतिक परिदृश्य को गंदा करना तथा ज्यादा भावनायें व पवित्रता जैसी चीजें पैदा करना है, भले ही इसके लिए अंधविश्वास व जादुई तत्वों को बढ़ावा ही क्यों न देना पड़े। राजनेता अक्सर वैज्ञानिक सोच की बात करते हैं, पर यदि ऊल-जुलूल बातों से जनता आकर्षित होती है तो इससे शर्माने की क्या जरूरत है। एक प्रकार से यही केजरीवाल की रणनीति बन गई है। केजरीवाल के उपरोक्त बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने फौरन इसे चुनावी रणनीति बता कर हमला बोला। यह वास्तव में चुनावी रणनीति है, लेकिन इसे आप द्वारा बनाए जा रहे विमर्श के परिप्रेक्ष्य में देखना होगा। वह जनता के लिए काम करने वाली हिंदू पार्टी जैसी अपनी छवि पेश करना चाहती है। अक्सर खैरातों को जन-पक्षधर उपायों की तरह पेश किया जाता है। भाजपा आठ साल से अधिक समय से सत्ता में है, अतः उसकी हिंदुत्व विचारधारा ने गैर-भाजपा दलों को महत्वपूर्ण मुद्दो पर अपनी शब्दावली व दृष्टिकोण बदलने पर मजबूर किया है। संभवतः केजरीवाल 'नरम हिंदुत्व' कही जाने वाली विचारधारा से अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं। उन्होंने पहले ही स्वयं को 'हनुमान भक्त' की तरह पेश किया है। लेकिन उनको याद रखना चाहिए कि नरम-हिंदुत्व के रास्ते पर चलने वाली गैर-भाजपा पार्टियों को कभी लाभ नहीं मिला है। राजीव गांधी इसमें बुरी तरह विफल हुए थे और यही स्थिति उनके बेटे राहुल गांधी की है जो स्वयं को 'जनेऊधारी ब्राह्मण' के रूप में पेश कर चुके हैं। इसका कारण सरल है। यदि मतदाताओं को अपना प्रतिनिधि चुनना हो तो वे असली हिंदुत्व पार्टी भाजपा को चुनेंगे। वे भाजपा की नकल करने वालों को क्यों चुनें?

# भारत में तेजी से घटी गरीबी

**भारत में गरीबी लगभग आधी रह गई है क्योंकि 2015 से 2021 के बीच लगभग 140 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकल गए हैं।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं।)



वर्ष 2022 के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक-एमपीआई में अनुमान लगाया गया है कि भारत में 2005 से 2011 के बीच 415 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकल गए थे। भारत में एमपीआई में तेजी से गिरावट आई क्योंकि 2015 से 2021 के बीच 140 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकल गए। इस प्रकार भारत में गरीबी लगभग आधी रह गई है। एमपीआई ने वास्तव में अनेक आयामों पर गौर कर गरीबी का आंकलन किया है, जबकि अन्य बहुपक्षीय एजेंसियां केवल आमदनी को ही आधार बनाती हैं।

विश्व बैंक ने 'पावर्टी एंड शेयर्ड प्रासपैरिटी रिपोर्ट 2022' में दावा किया था कि भारत में वैश्विक रूप से उन 70 मिलियन लोगों का 80 प्रतिशत रहता है जो 2020 में 2.1 डालर प्रतिदिन की वैश्विक गरीबी रेखा से नीचे हैं। वैश्विक बहुआयामी एजेंसियों की दो रिपोर्टों ने गरीबी मापन के अलग-अलग पैमाने अपनाए हैं जिससे वे भारत के बारे में एकदम विपरीत फैसलों पर पहुंची हैं। वास्तव में कहया गया था कि एमपीआई सूचकांक तक पहुंचने के लिए लगभग 70 प्रतिशत डेटा कोविड-19 वैश्विक महामारी आने से पहले एकत्र किया गया था। लेकिन इसके बावजूद वैश्विक अर्थशास्त्रियों ने एकमात्र पैमाना अपनाने पर सवाल उठाए थे क्योंकि इसका अर्थ गरीबों पर डालर मूल्य थोपना था। दूसरी ओर, हालिया महीनों में सभी वैश्विक मुद्राओं की तुलना में डालर तेजी से मजबूत हुआ है, लेकिन इसका भारत के गरीबों व कम आय वाले लोगों की स्थितियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। एमपीआई सूचकांक में दर्ज वंचनाओं को ज्यादा यथार्थपरक ढंग से गरीबी आंकलन के लिए किया जा सकता है। गरीबी का आंकलन किसी प्रकार इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि कोई व्यक्ति रोज 2.1 डालर या कोई अन्य धनराशि कमाने में अक्षम है।

एमपीआई की शुरुआत 2010 में आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के आक्सफोर्ड पावर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनीशियेटिव तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय ने की थी जो टिकाऊ विकास लक्ष्य 1 के अनुसार दुनिया में सभी रूपों में गरीबी उन्मूलन के लिए लक्षित है। एमपीआई के अनुसार, खाना पकाने वाले ईंधन तथा आवास की वंचना गरीबों के लिए सबसे त्रासद हैं, जबकि पोषण की वंचना का भी काफी महत्व है। पोषण को लगभग खाना पकाने के ईंधन तथा आवास के समान महत्व मिला है।

गरीबी में तुलनात्मक कमी से स्पष्ट है कि भारत तेजी से गरीबी उन्मूलन की ओर बढ़ रहा है। 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी में तुलनात्मक कमी काफी तेजी से आई और यह वार्षिक 11.9 प्रतिशत हो गई। यह स्थिति 2005-06 से 2015-16 के बीच 8.1 प्रतिशत थी। इसे एमपीआई मूल्य में अच्छी तरह शामिल किया गया है जो 2005-06 में 0.283 से घट कर 2015-16 में 0.122 तथा 2019-20 में तेजी से घट कर 0.069 रह गई। भारत ने पोषण वंचना घटाने में बड़ी प्रगति की है जो 2005-06 में 38.2 से घट कर 2011-12 में 35.4 रह गई तथा इसके बाद बहुत तेज गति से घटती हुई 2019-20 में केवल 1 रह गई। पोषण वंचना लगभग समाप्त करने में भारत के प्रयास अभूतपूर्व हैं। ये आंकड़े विश्व बैंक या अन्य एजेंसियों ने नोटिस नहीं किए जो विश्व भूख सूचकांक प्रकाशित करती हैं।

पोषण में वंचना को एमपीआई में एक बटा छह स्थान मिला, जबकि अन्य संकेतकों में यह एक बटा आठ है। इससे इस मुद्दे का महत्व समझ में आता है जिसका गरीबी के विमर्श में महत्वपूर्ण स्थान है। लेकिन इसे अन्य एजेंसियों ने पूरी तरह अनदेखा किय है जो केवल डालर-प्रभुत्व वाली आमदनी को आधार बनाती हैं।

भारतीय जनता पार्टी नीत केन्द्र सरकार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी की प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई शुरू की। मोदी सरकार ने अपने ऊपर यह जिम्मेदारी ली कि कठोर लाकडाउन के कारण देश की जनता को कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस योजना के अंतर्गत देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटा गया। केन्द्र सरकार ने अनेक अर्थशास्त्रियों के सुझावों को नहीं माना जो योजना के 6 महीने में 80,000 करोड़ रुपये खर्च पर सवाल उठा रहे थे।

मोदी सरकार अपनी इस प्रतिबद्धता में दृढ़ बनी रही कि जनता व खासकर समाज के संकटग्रस्त लोगों की पोषण आवश्यकतायें पूरी करने में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। इस प्रकार एमपीआई पर पीएमजीकेवाई का आंशिक प्रभाव दिखा, पर इससे विश्व बैंक जैसी संस्थायें संतुष्ट नहीं थीं। पूरे महीने अनाज खरीदना गरीब लोगों के लिए काफी बड़ा बोझ होता है जिससे सरकार ने उनको पूरी तरह सुरक्षित किया। हालांकि, पीएमजीकेवाई असाधारण स्थिति के लिए आपातकालीन उपाय था क्योंकि केन्द्र सरकार ने 2014 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना को पूरी तरह कारगर बनाया था जिसके अंतर्गत 2 रुपया किलो गेंहूं तथा 3 रुपया किलो चावल दिया जा रहा था। इसके साथ ही केन्द्र सरकार ने दुनिया में किसानों से अनाज खरीदने का सबसे बड़ा कार्यक्रम भी चलाया। इसके साथ ही 20 मिलियन टन से अधिक अतिरिक्त भंडार बनाए रखा गया।

इसी प्रकार एमपीआई में बाल मृत्यु को स्थान मिला है जो 2005-06 में 22.5 थी तथा 2011-12 में घट कर 15.5 रह गई। इसमें बाद में तेजी से गिरावट आई और यह 2015-16 में घट कर 2.2 तथा 2019-21 में 0.6 रह गई। इससे एक बार फिर मोदी सरकार द्वारा जनता के कल्याण हेतु उठाए कदमों का महत्व सामने आया। इसमें सार्विक टीकाकरण, माताओं व शिशुओं को पोषण योजना तथा आयुष्मान योजना शामिल है जिनका जनता की स्वास्थ्यरक्षा पर व्यापक प्रभाव पड़ा। इसके साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्यरक्षा का बड़ा विस्तार किया गया तथा इनेक राज्यों में नए एम्स खोले जा रहे हैं।

अर्थशास्त्रियों के अनुसार गरीब लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्यरक्षा पर खर्च करते हैं, जिसे अब लगभग समाप्त कर दिया गया है। हालांकि, एमपीआई ने मोदी सरकार द्वारा गरीबों और कम आय वर्ग वाले लोगों की स्वास्थ्यरक्षा की स्थिति सुधारने में किए प्रयासों को शामिल किया है, लेकिन विश्व बैंक जैसी एजेंसियां गरीबी के लिए केवल आमदनी को ही आधार बनाने पर जड़ हो गई हैं।

इसी प्रकार एमपीआई में वंचनाओं के आधार के रूप में 'स्कूली शिक्षा के वर्ष', 'स्कूल में हाजिरी', 'खाना पकाने के ईंधन', 'स्वच्छता', 'पेयजल', 'आवास', 'बिजली' व 'संपत्ति' को भी उचित स्थान मिला है। यह तथ्य अवश्य उल्लेखनीय है कि केन्द्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार ने देश में स्वच्छता की स्थिति में आमूल परिवर्तन किया है। इसे केन्द्र, राज्यों व स्थानीय संस्थाओं की कार्ययोजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। इससे गरीबी की मारक क्षमता में कमी आई है क्योंकि लोग अब कम बीमार पड़ते हैं और इस प्रकार उनको दवाओं पर कम पैसा खर्च करना पड़ता है। जनौषधि योजना के माध्यम से गरीबों को दवायें अत्यधिक सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ने ग्रामीण व शहरी आवासों में उन लोगों के लिए व्यापक परिवर्तन किया है जिनके पास सिर पर छत नहीं थी। इसके साथ ही 'हर घर जल' योजना ने पिछले

पिछले कुछ सालों में देश का परिदृश्य असाधारण रूप से बदला है। उज्ज्वला योजना ने खाना पकाने के ईंधन की वंचना को समाप्त किया है जो मोदी सरकार का एक और उल्लेखनीय कार्यक्रम रहा है। इस पृष्ठभूमि में देखें तो सरकार ने गरीबों के कल्याण को अपनी कार्ययोजना में केन्द्रीय स्थान प्रदान किया है। ऐसे में वैश्विक एजेंसियों का गरीबी के आंकलन में केवल आमदनी को आधार बनाना वास्तव में पुराना पड़ गया फार्मूला है।

# कांग्रेस में गैर-गांधी अध्यक्ष

**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



खड़गे को पार्टी अध्यक्ष बनाकर गांधी परिवार ने यह सुनिश्चित किया है कि वह पार्टी की विफलताओं की जिम्मेदारी लेते हुए दोषी व्यक्ति बनें। नए कांग्रेस अध्यक्ष के 'निर्वाचित' होने के साथ कांग्रेस की राजनीतिक गहन सफाई लगभग पूरी हो चुकी है। और कांग्रेस पार्टी अपनी मैकियावेलियन चोटी पर है। खड़गे कोई थरूर नहीं हैं, और अगर वे उनके साथ चलते हैं तो अधिकांश भारतीय दुबारा नहीं देखेंगे। लेकिन हो सकता है कि कांग्रेस का ताकतवर अभिजात वर्ग यही चाहता था - विफलताओं की जिम्मेदारी उठाने के लिए एक विनम्र व्यवहारिक चेहरा, गांधी परिवार के उभार के लिए पसरे हुए मातम को साफ करें, तथा सत्ता को और मजबूत करे।

गांधी परिवार के वरिष्ठ नेता और संरक्षक दिग्विजय सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा था "जो कोई भी पार्टी अध्यक्ष बनेगा वह गांधी परिवार के नेतृत्व में काम करेगा।" तो कुल मिलाकर, खड़गे कांग्रेस मशीन में एक और दल हो सकते हैं, सर्वोत्तम रूप में, एक आज्ञाकारी सेनापति (जनरल)।

ईमानदारी से कहूं तो थरूर की तीक्ष्ण कुशाग्रता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और लगातार बढ़ती लोकप्रियता भाजपा का एकदम सही जवाब है। वह उच्च शिक्षित हैं, अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में मोदी के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, और यहां तक कि देश भर में उनके प्रशंसक हैं, खासकर शिक्षित युवाओं में। जब युवा थरूर को देखते हैं, तो उन्हें प्रेरणा और आशा दिखाई देती है, जबकि खड़गे स्वाभाविक रूप से कांग्रेस पार्टी के सबसे पुराने रक्षक और हमेशा की तरह यथास्थिति चीजों का प्रतिनिधित्व करते हैं! और ट्विटर पर श्रीमान गांधी के 'पुश-अप्स' से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

थरूर न केवल आरएसएस के लिए, बल्कि कांग्रेस के नेताओं के लिए भी एक बड़ी चुनौती पेश करते हैं। वह पार्टी के पुनरुद्धार, आशा, विकेंद्रीकरण, आदि के लिए लड़ने वाले जनता के उम्मीदवार थे। लेकिन सामंती व्यवस्था में लोग शायद ही कभी जीतते हैं। इस 'चुनाव' से कांग्रेस पार्टी ने एक पत्थर से दो पक्षियों को मारा -उसने अगले शुद्ध पीड़ितों की पहचान की और अपनी मीडिया छवि में भी सुधार किया। एक सभ्य सोशल मीडिया अभियान और एक अच्छी पीआर रणनीति



के साथ, कांग्रेस सामंती लबादे को छोड़ने और राहुल गांधी को लोगों के नेता के रूप में पुनः स्थापित करने की कोशिश कर रही है। लेकिन कुछ लोग कहेंगे कि भारत जोड़ो लिबास से कुछ ज्यादा है। श्री गांधी को 2029-30 में पीएम के रूप में स्थापित करने के लिए जमीनी कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में थरूर को वोट देने वालों की छंटनी हो सकती है. हो सकता है कि थरूर की उम्मीदवारी का इस्तेमाल कांग्रेसी यथास्थितिवादियों द्वारा अपनी कतारों के भीतर असंतुष्टों को बाहर निकालने और मशीनरी को अधिक केंद्रीकृत करने के लिए किया गया हो।

लेकिन बहुत से लोग सहमत नहीं होंगे, वे 'भारत जोड़ो यात्रा' की ओर इशारा करेंगे और इसके द्वारा किए जा रहे महान कार्यों की प्रशंसा करेंगे। मैं भारत जोड़ो यात्रा को एक चुटकी नमक समझता हूं। यात्रा के दौरान खड़गे की जीत से संकेत मिलता है कि केंद्रीय नेतृत्व ने इन राज्यों में अपने कैडर को मजबूत किया है और उन्हें खड़गे (और खुद भी) के लिए लामबंद किया है। नतीजतन, खड़गे ने 84.14 प्रतिशत वोट शेयर के साथ जीत हासिल की। और भारत के लोग, अब घोटालों, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक हिंसा, उदार आदर्शों, और यहां तक कि एक चरमराती अर्थव्यवस्था और तेज मुद्रास्फीति से अपनी चमक को अपने और समुदाय (जाति) के हित से दूर नहीं कर रहे हैं।

वे सेल्फी के लिए आरजी के पास झुंड में आ सकते हैं, लेकिन यह कोई भी तरीका यह नहीं बताता कि वे वोट कैसे देंगे। साथ ही कांग्रेस की एक और समस्या है, कि खड़गे ऐसी क्या गारंटी दे सकते हैं कि चुनाव परिणाम के बाद दलबदल नहीं होगा? कर्नाटक, गुजरात, गोवा, और अन्य राज्यों में दलबदल की अस्पष्ट कहानियां हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, कांग्रेस की आलोचना करने वाले लोग प्रत्यक्षतया गलत नहीं साबित हुए हैं, लेकिन गहरे स्तर पर, वे व्यापक दृष्टि को समझने में विफल रहे हैं। कांग्रेस लंबी दूरी की मैराथन धावक है, जिसकी किस्मत भारत से जुड़ी है। बीजेपी और आरएसएस 70 साल की तैयारी के बाद सत्ता में आए और 100 मीटर धावक की तरह राजनीतिक खेल खेल रहे हैं। आखिर एक पार्टी की जिंदगी में 10 या 15 साल क्या होते हैं? दीर्घकालिक स्तर पर कुछ भी नहीं। आरएसएस ने गर्भकाल में 70 से अधिक साल का समय बिताया, और अब कांग्रेस की शीतनिद्रा की अवधि भी समाप्त हो रही है। अगर अगले आम चुनाव में मोदी फिर से सत्ता में आते हैं, तो मोदी-शैली का शासन संस्थागत हो जाएगा। कांग्रेस पार्टी 2029-2030 तक सत्ता में लौटने की उम्मीद कर सकती है और फिर मोदी की नीतियों और 'एक नेता-एक राष्ट्र' शासन की शैली का लाभ उठा सकती है।

सब कुछ कह और करके, कांग्रेस धैर्यपूर्वक ज्वार के आने का इंतजार कर रही है, और इस बीच अपने घर को व्यवस्थित कर रही है। कांग्रेस पार्टी के पास इस लंबी सर्दी को झेलने के लिए पर्याप्त पैसा है, और वह आराम से इसके लिए खुद को तैयार किए है, जब तक कि भारतीय लोकतंत्र का वसंत नहीं आ जाता है, और मोदी की व्यवस्था का उपयोग करने के लिए गांधी की वापसी होती है। इस बीच, बड़े वित्तपोषक और भारतीय कुलीन वर्ग दोनों पक्षों को पैसा देना जारी रखेंगे, समर्थन हासिल करेंगे और सौदे करेंगे। भारतीयों को इस कॉर्पोरेट संचालित एक नेता, एक राष्ट्र योजना से मुक्त होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। नाम मोदी हो या गांधी, फिलहाल सत्ता के दलालों को इससे फर्क नहीं पड़ता।

## आप की बात

### शी की ताजपोशी

**वर्तमान** केंद्रीय सरकार को चाहिए कि वो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संचालक का सुझाव त्वरित रूप से अमल में ले आएं। क्योंकि यदि लक्ष्मी, गणेश जी की छवि भारतीय मुद्रा पर आएगी तो निश्चित ही ये एक सुखद अनुभव होगा हिन्दू समाज के लिए। अब केजरीवाल जान गए हैं कि मुस्लिम न चाहते हुए भी उन्हें वोट करने को मजबूर हैं और वो बुरा भी मान जाएं तो कहीं जा नहीं पाएंगे। साथ ही, जो हिन्दू उनके अब तक के रवैये से दुखी थे उनमें से कुछ प्रतिशत भी आए तो ये इजाफा ही होगा उनके लिए। इसलिए जनता का फैसला जनता पर छोड़ते हुए केंद्रीय सरकार को इस सुझाव पर ध्यान देते हुए इसे स्वीकार कर लेना चाहिए और लक्ष्मी गणेश नहीं तो भारतीय मुद्रा पर कम से कम देश की सांस्कृतिक पहचान और गौरव मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का चित्र ही अंकित कर देना चाहिए। यह सवाल अलग है कि केन्द्र सरकार चाहे माने या नहीं, केजरीवाल को अपने इस सुझाव का कितना चुनावी लाभ मिलेगा। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि केजरीवाल जैसे मौकापरस्त लोगों को अधिकांश जनता भाजपा के मुकाबले शायद पसंद नहीं करने जा रही है। उन्होंने रंग बदलने में कमाल किया है।

**मनोज**, मेरठ

### आस्था का पर्व छठ

**छठ पूजा** आस्था, विश्वास, भाईचारा और पारस्परिक स्नेह समय का सबसे बड़ा महापर्व है जिसमें लोग अपनी प्रकृति और संस्कृति से जुड़ते हैं। बड़ी संख्या के साथ लोगों का हुजूम इस आस्था के महापर्व में जुटता है। इसे गंगा नदी के किनारे एवं कृत्रिम घाट का निर्माण करके भी मनाया जाता है। छठ घाटों की साफ सफाई, बारकडिंग की व्यवस्था, वॉच टावर के जरिए निगरानी, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सैनिक बलों की तैनाती, अस्थाई मेडिकल, लाइट, अस्थाई शौचालय, सुविधा उपलब्ध कराने का प्रबंध, एंबुलेंस, कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए एसटीआरएफ की टीम की निगरानी, महिला चेंजिंग रूम, हेल्प डेस्क एवं कंट्रोल रूम के जरिए छठ घाटों की निगरानी बहुत जरूरी है। अतः स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चाहिए कि घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाएं और खतरनाक घाट पर लोगों को अर्घ्य देने पर प्रतिबंध लगाए एवं सामाजिक संगठन और एनजीओ संगठन ऐसे सामूहिक धार्मिक भागीदारी पर्व पर लोगों का सहारा बनकर लोगों की आस्था एवं विश्वास के महापर्व पर सहयोग बनकर उभरें।

**तारामुनी देवी**, वैशाली

### जलवायु परिवर्तन

**क्लाइमेट** ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट 2022 के मुताबिक बढ़ते वैश्विक तापमान के प्रभाव से भारत में 2016-2021 के बीच, चक्रवात, अचानक बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं ने 3.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों को नुकसान पहुंचाया है। लगता है कि आने वाला भविष्य और ज्यादा विकट पर्यावरणीय स्थितियों से भरा होगा। भारत को बढ़ते तापमान के नियंत्रण पर अल्प विकसित देशों के साथ पहल करनी तथा अर्थव्यवस्था के उन क्षेत्रों की सुरक्षा में जल्दी कदम उठाने चाहिए, जो जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं के संपर्क में हैं। सरकार के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर तक के सभी कृषि से जुड़े हुए अफसरों से लेकर आम कृषक तक मौसम के भावी मिजाज को देखते हुए अपने खेतों में पानी के संचय और अतिवृष्टि पर निकास की समुचित व्यवस्था करें। कृषकों को अब अपनी कृषि की पुरानी पद्धतियां त्याग कर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाना होगा। पशुपालन, दुग्ध उत्पादन आदि पर अधिक मेहनत करके अपनी आमदनी बढ़ाने के साथ ही साथ राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान देना चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**शिक्षा** अमीर देशों में मुफ्त है। यदि भारत को अमीर बनाना है तो हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए।
- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**भारतीय** टीम में बड़े नाम हैं और इसका कारण यह है कि वहां निरंतरता बनी हुई है।
- **अतुल वासन**
पूर्व भारतीय क्रिकेटर





**ऋषि** को मुबारकवाद। हमें उन पर गर्व है और हम उनकी सफलता की कामना करते हैं।
- **नारायण मूर्ति**
इन्फोसिस संस्थापक

### सीएम योगी हरियाणा के सूरजकुण्ड में आयोजित दो दिवसीय चिन्तन शिविर में सम्मिलित हुए

# प्रदेश में कोई ऐसा संगठित अपराधी नहीं जो जेल के बाहर हो

पायनियर समाचार सेवा। हरियाणा, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ गुरूवार को हरियाणा के सूरजकुण्ड में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय चिन्तन शिविर में सम्मिलित हुए। सीएम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कोई ऐसा संगठित अपराधी नहीं है जो जेल के बाहर स्वच्छन्द विचरण कर रहा हो। ऐसे अपराधी या तो जेल भेज दिये गये हैं अथवा गिरफ्तारी के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस कार्यवाही में मारे गये हैं। पुलिस की इन कार्यवाहियों ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर महिलाओं, बालिकाओं, कमजोर वर्गों एवं व्यापारियों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया है। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तीकरण के लिए एण्टी रोमियो स्क्वायड का गठन कर अनवरत अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के उद्देश्य से प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस को पूरे देश में सर्वाधिक अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता मिली है। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। प्रदेश की 59.1 प्रतिशत सजा की दर समस्त राज्यों में सर्वाधिक है। यह 26.6 प्रतिशत सजा की दर के राष्ट्रीय औसत से दोगुने से भी अधिक है। लखनऊ में 194.44 करोड़ रुपये की सेफसिटी परियोजना स्वीकृत की गयी है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा विगत 5 वर्षों में कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए पुलिस बल में 4 आयामों भर्ती व प्रशिक्षण, पुलिस बल का आधुनिकीकरण, अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि तथा वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में तेजी से कार्य किये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में राज्य सरकार के गठन के बाद से पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर 1 लाख 50 हजार 231 भर्ती की गई जिसमें 22 हजार 218 से अधिक महिला कार्मिक सम्मिलित हैं। नवचयनित पुलिस कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए ट्रेनिंग की क्षमता में तीन गुना विस्तार किया गया। प्रदेश पुलिस के बजट में लगभग दोगुने की वृद्धि की गयी है। वर्ष 2017-18 में कुल बजट 16 हजार 115 करोड़ 18 लाख रुपये था जो वर्ष 2021-22 में 30 हजार 203 करोड़ 92 लाख रुपये हो गया। सीएम ने कहा कि पुलिस बल को अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गयी है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में इस कार्य के लिए 2 करोड़ 81 लाख 82 हजार रुपये आवंटित किए गए थे। वर्ष 2021-22 में 131 करोड़ 79 लाख रुपये पुलिस आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किए गए। प्रदेश पुलिस बल में व्यापक सुधार किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस सुदृढ़ीकरण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के उद्देश्य से सरकार द्वारा कुल 244 थाने व 133 चौकियां स्थापित की गयी हैं। बिजली चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी 75 जनपदों में एक-एक एण्टी पावर थेफ्ट पुलिस थाना स्थापित किया गया। मानव तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 40 एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को थाना घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस के लिए अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धिए पुलिस रिफॉर्म तथा पुलिस बल को तकनीकी से जोड़ने के अच्छे नतीजे आए हैं। प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अपराध में निरन्तर कमी आ रही है। वर्ष 2016 के सापेक्ष 30 सितम्बर 2022 तक डकैती के अपराधों 80.31 प्रतिशत, लूट के अपराधों में 61.51 प्रतिशत, हत्या के अपराधों में 32.45 प्रतिशत, बलवा के अपराधों में 51.65 प्रतिशत, फिरौती के लिए अपहरण के अपराधों में 43.18 प्रतिशत तथा बलात्कार के अपराधों में 21.75 प्रतिशत कमी आयी है। वर्ष 2016 के सापेक्ष 30 सितम्बर 2022 तक निरोधात्मक कार्यवाही में बढ़ोत्तरी के तहत शस्त्र अधिनियम में 47.15 प्रतिशत, एनडीपीएस अधिनियम में 91.90 प्रतिशत, गैंगस्टर अधिनियम में 43.18 प्रतिशत, रासुका में 8.98 प्रतिशत तथा आबकारी एक्ट में 57.45 प्रतिशत निरोधात्मक कार्यवाही बढ़ी है। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से प्रदेश में साम्प्रदायिक सौहार्द का वातावरण कायम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 50 कुख्यात माफिया अपराधियों व गैंग के सदस्यों, सहयोगियों द्वारा अवैध कृत्यों से अर्जित सम्पत्तियों में 2268 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति का जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण व अवैध कब्जे से अवमुक्त कराया गया। विभिन्न माफियाओं व अन्य अपराधियों की कुल 44 अरब 59 करोड़ रुपये की सम्पत्ति का जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण किया गया। माफिया अपराधियों की अवैध सम्पत्ति का जब्तीकरण करते हुए उन पर बालिकाओं के लिए कॉलेज तथा निर्बल वर्ग के लिए आवास बनाये जा रहे हैं। इससे समाज में एक बेहतर संदेश गया है। ई-प्रोसिक्यूशन प्रणाली के उपयोग में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। प्रदेश पुलिस बल के कार्मिक अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी रात-दिन अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मानकर अपराधों पर नियंत्रण करने, कानून व्यवस्था को चुस्त.दुरुस्त रखने, सामाजिक सौहार्द स्थापित करने एवं विशेषकर बालिकाओं तथा महिलाओं की सुरक्षा करने में सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

## जेलों में उत्साह के साथ मनाया गया भाई दूज

● प्रशासन की ओर से किए गए विशेष इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाई**-बहन के स्नेह संबंधों का पावन पर्व भैया दूज प्रदेश की सभी जेलों में परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जेलों में मिलने आने वाली माताओं-बहनों को कोई असुविधा ना हो इसको दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश की सभी जेलों में जेल प्रशासन ने साफ -सफ ाई, आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल, धूप से बचाव आदि के व्यापक प्रबंध किए।

डीजी जेल आनंद कुमार ने प्रदेश के सभी जेल अधिकारियों को यह निर्देशित किया था कि जेल पर बंदियों से मिलने पहुंचने वाली माताओ-ं बहनों को मिलने और त्योहार मनाने की सुविधा प्रत्येक दशा में प्रदान की जाए कोई भी निराश ना लौटे। जेल मुख्यालय के प्रवक्ता डिप्टी जेलर संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि बंदी भाइयों को इस दिन का विशेष रूप से इंतजार रहता है। अत: आज सुबह से ही भारी संख्या में माताएं-बहने जेलों में निरुद्ध अपने भाइयों के लिए अक्षत, टीका, फल एमिष्ठान आदि लेकर पहुंचीं। दूर-दूर से आई बहने जेल में लंबे समय से बंद अपने भाइयों को देखकर भाव-विभोर हो उठीं। उन्होंने अपने-अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई तथा ईश्वर से उनके लंबी उम्र और जेल से रिहा होने तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कोविड प्रोटोकाल के चलते जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन और भाईदूज पर बहनों की मुलाकात पर रोक लगा रखी थी, जो इस बार खत्म हो गयी। प्रवक्ता ने बताया कि जेल में निरुद्ध भाइयों को टीका करने आने वाली बहनों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

जेल के बाहर महिलाओं के बैठने के लिए कुर्सियों का प्रबंध करने के साथ पानी भी रखवाया गया। दो साल से बंदियों के सूने माथे पर बहनों ने भाईदूज पर तिलक किया। जेल में बंद भाइयों से मिलने के लिए सुबह से बहनों की कतार लगी रही।

## मरम्मत के कार्यों की पीडब्ल्यूडी मंत्री आज करेंगे समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** द्वारा प्रदेश की सभी सड़कों को हर हाल में अति शीघ्र मरम्मत के लिए दिए गए निर्देशो के क्रम में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्गों के मरम्मत करने एवं विभाग के अन्य महत्वपूर्ण लंबित कार्यों की समीक्षा के लिए 28 अक्टूबर को प्रदेश के समस्त जोनल मुख्य अभियंताओं के साथ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक अति महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। जितिन प्रसाद द्वारा भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्गों के मरम्मत के लिए विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देशो के क्रम में प्रदेश में सड़कों का तेजी से सुधार/पुनर्निर्माण निर्माण कराया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने गत दिनों में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सड़कों का औचक निरीक्षण किया तथा विभगोय अधिकारियों के साथ बैठके भी की। 28 अक्टूबर को होने वाली बैठक में क्षतिग्रस्त मार्ग, सामान्य व विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्यों, पाट होल्स एवं विभिन्न लंबित कार्ययोजना की स्थिति आदि विषयों पर बैठक में विचार किया जाएगा। इस बैठक में विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ साथ प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग विभाग व शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर वित्तमंत्री सुरेश खन्ना शिष्टाचार भेंट करते हुए

## महाकुंभ से पहले पूरे कराए जाएं प्रयागराज रिंग रोड व बाई-पास के कार्य

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उप्र राष्ट्रीय राजमार्ग व परिवहन व्यवस्था के विकास की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि महाकुंभ से पहले प्रयागराज रिंग रोड व बाई-पास के कार्य को निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग सं-24बी के रायबरेली-प्रयागराज सेक्शन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग सं-330 के प्रतापगढ़-सुल्तानपुर-अयोध्या का कार्य अत्यधिक ट्रैफिक एवं धार्मिक पर्यटन क्षेत्र होने के कारण आगामी महाकुंभ से पूर्व पूर्ण करा दिया जाए। मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं परिवहन व्यवस्था के विकास से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाफामऊ में राष्ट्रीय राजमार्ग-96 पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा नए 6 लेन सेतु एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाए। कुम्भ के दृष्टिगत प्रयागराज-गोरखपुर हाईवे का सुदृढ़ीकरण होना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इन मार्गों के सुदृढ़ीकरण का कार्य एनएचएआई द्वारा जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में बताया गया कि वाराणसी मार्ग में अंदावा से लेकर हंडिया तक लगभग 25 किमी लम्बाई में 4 लेन मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसे माह जून 2024 तक पूर्ण कर लिया जाउगा। इस पर मुख्य सचिव ने इस कार्य को वर्ष 2023 के अंत तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में बताया गया कि एनएच- 76 पर जसरा बाजार के बाईपास (लगभग लम्बाई 5 किमी) की डीपीआर का कार्य प्रगति पर है, जिसमें बाईपास पर एक आरओबी का निर्माण किया जाना है। यह परियोजना सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 2022-23 के वार्षिक परियोजनाओं की सूची में सम्मिलित है। मुख्य सचिव ने कहा कि डीपीआर स्वीकृति के पश्चात बाईपास का निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करा दिया जाए। इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों को राजधानी से 4 लेन मार्ग से जोड़े जाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव अमित कुमार घोष, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव लोक निर्माण नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण, सचिव लोक निर्माण अजय चौहान समेत उप्र एवं एनएचएआई के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अखिलेश ने गोप के बड़े भाई को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप' के बड़े भाई अशोक कुमार सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बाराबंकी के निधन पर उनके बाराबंकी स्थित निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवारीजनों को सांत्वना देते हुए संवदेना व्यक्त की और उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी थे। अशोक कुमार सिंह का 26 अक्टूबर 2022 को हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। इस अवसर पर धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव विधायक, राजेश यादव पूर्व एमएलसी, रामगोपाल रावत पूर्व विधायक, निवर्तमान जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज तथा डॉ. कुलदीप सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष सपा बाराबंकी सहित हफ ीज भारती पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद बाराबंकी, हिमांशु यादव, यशवंत यादव पूर्व जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## देश में अभी तक दलित पीएम नहीं बन पायाः मायावती



**लखनऊ।** भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बनने पर राजनीतिक प्रतिक्रिया देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भारतीय मूल के ऋषि सुनक के अन्तत: ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रचने पर भारत में कांग्रेस व भाजपा में ट्विटर वॉर चल रहा है। हर तरफ आरोप-प्रत्यारोप व इधर-उधर की बात जारी है, किन्तु उस राजनीतिक हक व इंसाफ की बातें नहीं की जा रही हैं। जिस कारण देश में अभी तक कोई दलित पीएम नहीं बन पाया है। गुरुवार को अपने सिलसिलेवार ट्वीट में बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि ऐसे समय जब अमेरिका व यूरोप के अमीर व विकसित देश जबर्दस्त संकटों के बुरे दौर से जुझ रहे हैं तथा स्थिति को संभालने के लिए नित्य नए प्रयोग कर रहे हैं, भारतीय हुक्मरानों को भी देशहित व यहाँ की जनता के भविष्य के लिए अपनी संकीर्ण एवं जातिवादी सोच को त्यागना ही होगा। इसी क्रम में यह जाँच-परख जरूरी है कि दलित, पिछड़े व उपेक्षितों का सच्चा हितैषी कौन, क्या परमपूज्य बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर को भुलाकर उनके करोड़ों अनुयाइयों का कोई असली हितैषी हो सकता है। जैसाकि खड़गे सहित अन्य विरोधी नेतागण उनकी पार्टी की संकीर्ण सोच से मजबूर हैं।

### उप्र में लक्ष्य के करीब पहुंचा अमृत मिशन

## अमृत मिशन के तहत स्वीकृत 279 में 211 प्रोजेक्ट हुए 100 प्रतिशत पूर्ण

● 68 प्रोजेक्ट्स पर चल रहा कार्य, 43 प्रोजेक्ट्स को 6 माह में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहरों** व कस्बों में बुनियादी सुधार और सुविधाएं पहुंचाने के लिए शुरू की गई अमृत योजना को उत्तर प्रदेश में युद्धस्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में स्वीकृत कुल 279 प्रोजेक्ट्स में से 211 को पूर्ण कर लिया गया है। इन पूर्ण हुए प्रोजेक्ट्स की कुल लागत 5288.29 करोड़ रुपए है। वहीं 68 प्रोजेक्ट्स पर अब भी कार्य चल रहा है जिनमें से 43 प्रोजेक्ट्स को आगामी 6 माह में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जून 2015 में अमृत मिशन का शुभारंभ किया था। पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप सीएम योगी ने मिशन मोड में इस योजना को उत्तर प्रदेश में शुरू किया है। मुख्य सचिव डीएस मिश्रा के समक्ष अमृत मिशन को लेकर हुई समीक्षा बैठक में कार्य की प्रगति का पूरा खाका रखा गया। इसके अनुसार जो 211 प्रोजेक्ट पूर्ण हुए हैं उनमें सबसे ज्यादा 140 प्रोजेक्ट्स वाटर सप्लाई से जुड़े हैं। इनकी कुल लागत 2034.16 करोड़ रुपए है। इसके अलावा सीवरेज से जुड़े 3254.13 करोड़ के 71 प्रोजेक्ट्स भी पूरे किए जा चुके हैं। जिन 43 प्रोजेक्ट्स को अगले 6 माह में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है उनमें 24 वाटर सप्लाई, 16 सीवरेज और 3 सेप्टेज से जुड़े हैं। वाटर सप्लाई और सीवरेज स्कीम से जुड़े 211 प्रोजेक्ट्स पूरे हुए हैं तो 12 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जिनमें 90 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है। वहीं 23 प्रतिशत स्कीम ऐसी हैं जिनका 75 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है तो 16 स्कीम में 50 प्रतिशत से अधिक कार्य हुआ है। 12 स्कीम में 25 प्रतिशत से अधिक तो 5 स्कीम में 25 प्रतिशत से कम काम हुआ है। मंडलों की बात करें तो सबसे ज्यादा काम गाजियाबाद मंडल में हुआ है। यहां 58 स्कीम 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी हैं जबकि 3 स्कीम 90 प्रतिशत, 2 स्कीम 75 से 90 प्रतिशत और 2 स्कीम 25 प्रतिशत तक पूरी हुई हैं। इसके बाद लखनऊ मंडल की बारी आती है जहां 41 स्कीम 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी हैं तो 3 स्कीम 90 प्रतिशत से अधिक, 4 स्कीम 75 प्रतिशत से अधिक, 6 स्कीम 50 प्रतिशत से अधिक और 2 स्कीम 25 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर चुकी हैं। आगरा जोन में 34, गोरखपुर जोन में 26, कानपुर जोन में 21 और प्रयागराज जोन में 31 स्कीम्स 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी हैं। इस योजना के तहत घरेलू कनेक्शन की बात करें तो वाटर सप्लाई के लिए 10.44 लाख का लक्ष्य रखा गया था जिसके तहत 8.40 लाख घरेलू कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जबकि 2.04 लाख कनेक्शन का कार्य अभी लंबित है। वहीं सीवरेज कनेक्शन के लिए 8.38 लाख कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया था जिसमें 5.73 लाख घरेलू कनेक्शन दे दिए गए हैं तो 2.65 लाख कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है।

गोला उपचुनाव

## सपा ने भाजपा नेता पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** ने गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा नेता पर जनता के बीच दीपावली पर्व के नाम पर रुपये एवं मिठाई आदि का वितरण कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने केंद्रीय चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इसमें आरोप लगाया गया है कि भाजपा प्रत्याशी अमन गिरि के चुनाव संचालक व विधायक हरविन्दर साहनी विधायक मतदाताओं को पैसा बांट रहे हैं जो आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। सपा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि उपरोक्त के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज करवाने की कार्यवाही करें तथा निष्पक्ष चुनाव संचालित कराने की गारंटी सुनिश्चित करें।

## हाईटेक हो रही पुलिस, बाडी वार्न कैमरा व फुल बाडी प्रोटेक्टर से होगी लैस

● डेडिकेटेड मिनी टेक्निकल लैब कन्नौज में की जा रही विकसित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस को देश का नंबर एक पुलिस बनाने के लिए खजाना खोल दिया है। गृह विभाग की तरफसे साढ़े छह सौ करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर यूपी पुलिस को हाईटेक किया जा रहा है। जल्द ही यूपी पुलिस बाडी वार्न कैमरा और फुल बाडी प्रोटेक्टर से लैस होगी। साथ ही प्रदेश के 10 जिलों में हाईटेक सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल और लॉ एंड आर्डर क्यूआरटी टीम स्थापित की जाएगी। क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप की मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरूआत हो चुकी है। जल्द अन्य जिलों में भी शुरूआत होगी। गृह विभाग ने पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत 1200 बाडी वार्न कैमरा खरीदने के लिए 4.8 करोड़ और 1650 फुल बाडी प्रोटेक्टर फार वीमेन की खरीद के लिए 2.48 करोड़, 30000 पोस्टमार्टम किट खरीदने के लिए छह करोड़ की स्वीकृति दी है। 10 जिलों में करीब 641 करोड़ रुपए खर्च कर उच्चीकृत सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल की स्थापना होने वाली है और 10 अन्य जिलों में हाइटेक लॉ एंड आर्डर के लिए क्यूआरटी टीम स्थापना की जा रही है। इसके अलावा 6.75 करोड़ की लागत से एसआईटी, ईओडब्ल्यू, सीबीसीआईडी और एसीओ के जांच और विवेचना के लिए एक डेडिकेटेड एफएसएल की स्थापना की जाएगी। कन्नौज में डेडिकेटेट मिनी टेक्निकल लैब विकसित किया जा रहा है। एनसीआरबी की ओर से विकसित क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप को पहले फेज में मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरू किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में इसे लागू करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है और तकनीकी सेवा मुख्यालय पर पूरी प्रक्रिया के लिए तकनीकी समिति गठित की गई है। कन्नौज, अलीगढ़, गोंडा और बरेली में फोरेंसिक लैब संचालित की जा चुकी है। अन्य 66 जिलों में अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना हुई है। शेष जिलों में शीघ्र डेडिकेटेड अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना की जा रही है। सात परिक्षेत्रीय साइबर थानों वाराणसी, झांसी, बस्ती, अलीगढ़, आजमगढ़, गोरखपुर और बांदा के लिए कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

# सीतापुर में धूमधाम से मनाया गया भैयादूज

संवाददाता। सीतापुर



**जनपद सीतापुर** में भैया दूज का पूर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों को टीका लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को अच्छे-अच्छे उपहार दिए। सीतापुर की कारागार में भैया दूज पर कैदियों के लिए विषेश व्यवस्था की गई। कारागार के बाहर महिलाओं के बैठने के लिए पांडाल लगाया गया था जिससे किसी को कोई परेषानी न हों। उधर भैया दूज पर्व पर सुरक्षा की .ष्टि से थाना इमलिया पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जहां पर बाइक सवारों को रोंककर तलाषी ली गई। जिले के पुलिस मुखिया एसपी घुले सुशील चन्द्रभान खुद मय दलबल के साथ सुरक्षा का जायजा लेने इलाके में पहुंचे जहां पर वह हरगांव से काजी कमाल पुर, इमलिया कस्बा, कचनार कस्बा होते हुए वापस जिला मुख्यालय लौट गए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इमलिया थाना पहुंचे एडिषनल एसपी एनपी सिंह ने भी मातहतों को निर्देष दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक इमलिया सुल्तानपुर अनिल कुमार सिंह, चौकी प्रभारी काजीकमालपुर अमित पांडेय प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात कुंवर बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी शशांक पाण्डेय सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# स्टाफ नर्स द्वारा महिला मरीज के बाल पकड़कर खींचने का वीडियो वायरल

संवाददाता सीतापुर

- **सीएमएस ने फोन पर दी जानकारी महिला आपे से बाहर हो गई थी**
- **महिला मरीज बेचैनी की शिकायत को लेकर हुई थी भर्ती**

**परेशानी की** हालत में मरीज अस्पताल इस उम्मीद से आता है कि वहां उसके दर्द और बीमारी का इलाज किया जाएगा परंतु जब वहां के स्टाफ द्वारा ही ऐसी हैवानियत की घटना सामने आए तो कोई क्या करें। मामला है जिला अस्पताल सीतापुर का जहां स्टाफनर्स शशिलता वर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें नर्स ने एक महिला मरीज की चोटी पकड़कर उसे बेड पर जबरदस्ती खींच कर लिटा रही है, साथ में एक और नर्स है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें जिला अस्पताल की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं कि क्या मरीजों को उनके स्टाफद्वारा इसी तरह से संभाला जाता है। इस बार वीडियो की हकीकत जानने के लिए आए इंडिया ने सीएमएस आर के सिंह से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि मामला 19 अक्टूबर की मध्य रात्रि का है, वीडियो में दिखाई दे रही महिला बेचौनी की शिकायत से पीड़ित होकर भर्ती हुई थी ,अचानक मध्य रात्रि को वह बाथरूम के पास जोर जोर से चिल्लाने लगी और अपनी चूड़ियां तोड़ने लगी इस पर सभी स्टाफनर्स वहां आ गई उन्होंने महिला को शांत किया परन्तु वह आपे से बाहर हो गयी थी , उसे बेड पर लिटाया गया जबकि वीडियो में साफदिख रहा है कि नर्स शशिलता वर्मा द्वारा मरीज की चोटी पकड़ कर निर्मम रूप से उसे खींचते हुए जबरदस्ती उसे बेड पर लिटाया जा रहा है, और जबरदस्ती खिंचा भी जा रहा है । प्रश्न यह उठता है कि जिला अस्पताल में मरीजों के साथ इलाज के नाम पर ऐसा व्यवहार कब तक होता रहेगा।

## मनाया गया भैयादूज का पर्व

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भैया दूज का पर्व धूमधाम से परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भेट किया। इस त्यौहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। 27 वर्षों के बाद भैया दूज का पर्व दीपावली के तीसरे दिन मनाया गया। जोकि नई पीढ़ी के लिए विचित्र बात रही। भाई दूज के अवसर पर बहनों ने पूजा अर्चना कर भाइयों की सलामती की प्रार्थना की वहीं दूसरी ओर भाइयों ने बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

## क्विक न्यूज

### सिधौली में ट्रेन से कटकर वृद्ध महिला की हुई मौत

**सिधौली सीतापुर।** आज कस्बे मे रेल्वे स्टेशन से चंद कदम की दूरी पर मोहल्ला संतनगर मे एक महिला की ट्रेन कटकर मृत्यु हो गयी महिला की पहचान सत्यवती पत्नी सत्यप्रकाश उम्र 65 वर्ष निवासी दौदापुर मजरा जुधौरा के रूप मे हुई। परिजनों ने मानसिक बीमार बताया। सत्यवती के पति सत्यप्रकाश ने बताया कि उनकी पत्नी की मानसिक स्थित ठीक नही थी आज सुबह जब वह उनको तलाशते हुए अपने पुत्रों के साथ सिधौली पहुचे तो उन्हें जानकारी हुई कि कोई महिला का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है तो वहाँ पहुँचकर पहचान की प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह महिला सुबह आठ बजे के करीब रेलवे ट्रैक पार कर रही थी तभी लखनऊ की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गयी और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी जानकारी पर पहुची रेल्वे व सिधौली पुलिस ने शव का पंचनामा भर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### एलपीएस में अलुमिनायी मीट का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा में अलुमिनायी मीट अर्थात पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कई वर्षों के बाद अपने को विद्यालय परिसर एवं शिक्षकों के मध्य पुनः पाकर आए हुए सभी पूर्व छात्र.छात्राओं में खुशी के आंसू छलक उठे। सभी पूर्व छात्र.छात्राओं का स्वागत रोली.टीका लगाकर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप.प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के बच्चों ने समूह गीत एवं डांस की अनुपम प्रस्तुति की। सभी पूर्व छात्र.छात्राओं को गिफ्टए येलो स्टोल एवं विद्यालय की वार्षिक पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। उन्हें विद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से जुड़ी हुई एक वीडियो भी दिखाई गई। पूर्व स्मृतियों को पुनः संजोते हुए सभी को स्कूल टूर भी कराया गया। पूर्व छात्र छात्राओं ने स्कूल द्वारा आयोजित खेलों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूर्व छात्र.छात्राओं ने अपनी मधुर स्मृतियों को शिक्षक शिक्षिकाओं के मध्य साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने कहा कि सभी पूर्व छात्र.छात्राएं हमारे विद्यालय परिवार का एक अटूट हिस्सा है। उन्होंने पूर्व छात्र.छात्राओं की अर्जित उपलब्धियों की भूरि.भूरि प्रशंसा कीए सफल एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीनियर इंचार्ज अखिलेश सक्सेनाए उपस्थित जूनियर इंचार्ज कीर्ति धमेजा सहित शिक्षको एवं छात्र.छात्राओं को धन्यवाद दिया।

### अरविंद गिरी महान व्यक्तित्व के धनी थे: जितिन प्रसाद

**गोला गोकर्ण नाथ खीरी।** गोला विधानसभा क्षेत्र में चल रहे उपचुनाव के मद्देनजर नगर के मोहल्ला कुमारन टोला में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद उपस्थित रहे।सभा को संबोधित करते हुए जितिन प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय अरविन्द गिरि महान व्यक्तित्व के धनी थे। चाहे दल कोई भी रहा हो उन्होंने हमारी सदैव मदद की है। आज वह हमारे बीच नही है यह अकल्पनीय है। विधायक अरविंद गिरि वर्षों की जनसेवा के बाद आज उस मुकाम पर पहुंच गए थे जहां उन्होंने गोला विधानसभा को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेशके एक विशेष पहचान दिलाई। वह सदैव अपने क्षेत्र के कार्यो को पूरा करने के लिए हर मंत्री से मिलते थे और अपने क्षेत्र के लिए विकास के लिए कुछ न कुछ मांग लेते थे। जितिन प्रसाद ने कहा गोला के विकास का पथ बिल्कुल बाधित नही होगा लखनऊ से लेकर दिल्ली तक अमन गिरि के साथ मिलकर अरविंद गिरि के सपनो को साकार करेंगे। उक्त सभा में भाजपा प्रत्याषी अमन गिरि ने अपने संबोधन में कहा कि आज विपक्ष के वरिष्ठ गणमान्य उन पर और उनके पिताजी पर निम्न स्तर की राजनीतिक के चलते अनर्गल आरोप लगा रहे है इस दुःख की घ?ी में विपक्ष के ओछे आरोप उनका मनोबल नही तो? सकते क्योंकि गोला की जनता 3 नवम्बर को इंसाफकरेगी। अमन गिरि ने कहा कि उनके पिताजी ने सदैव ब?ो का आदर करना सिखाया पिताजी के संस्कारों को मैं भूल नही सकता जो भी आज उनपर और उनके परिवार पर भद्दे आरोप लगा रहे है उनसे ऐसी तुच्छ स्तर की हल्की बातों की उन्हें आशा नही थी। अमन गिरि ने आगे कहा कि उनके पिताजी जी ने विरासत में उनके लिए कोई भौतिकवादी चीजे नही बल्कि गोला वासियों के प्रेम व स्नेह का आशीर्वाद छो? गए है इस जनता के लिए वह पिताजी की ही तरह सेवा करेंगे और जनता की विश्वासरूपी पूंजी को संजो कर रखेंगे। अमन गिरि ने कहा की पिताजी स्वर्गीय अरविंद गिरि जी की ही तरह वह अपने कर्तव्यों का पालन कर क्षेत्रवासियो के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे यही उनकी अपने पिताजी के सच्ची श्रद्धांजलि होगी।सभा का संचालन श्री विश्वनाथ सिंह ने किया। साथ ही सभा में विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा विजय शुक्ला श्रीराम गुप्ता मधुकर शैदाई धर्मेंद्र गिरि विनोद राजपूत विधायक विनोद शंकर अवस्थी विधायक. धौरहरा जनार्दन गिरि;ग्राम प्रधान.लालहापुर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# 30 घण्टे बाद मिला संरायन नदी में डूबे रंजीत का शव

संवाददाता। कचनार सीतापुर

- **मंगलवार को एसडीआरएफकी टीम ने कई घण्टे किया था रेस्क्यू**
- **असफल होने के बाद बुधवार को फिर से जारी था , रेस्क्यू के दौरान ऊपर तैरने लगा था शव**

**इमलिया सुल्तानपुर** थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह रोज की भांति गांव में ही स्थित सरायन नदी के किनारे भीरानाथ बाबा के मंदिर पर घर से पूजा करने सुबह 7 बजे गया था रंजीत। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रोजहा गांव निवासी रंजीत (20) पुत्र दुलारे घर से मंगलवार को मन्दिर पर पूजा करने गया था। जिसके बाद जब वह घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। जब परिजन मन्दिर पर गए तो उन्होंने नदी के किनारे कपड़े व चप्पल मिली। लेकिन रंजीत नहीं मिला। जिस पर परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृव में एसडीआरएफ की टीम ने नदी में कई घण्टे रेस्क्यू किया। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद बुधवार को दूसरे दिन भी टीम रेस्क्यू कर रही थी। उसी दौरान भीरानाथ बाबा मंदिर के करीब नदी में पुलिस व ग्रामीणों को शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव को पुलिस ने बाहर निकालकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है वहीं परिजनों का कहना है कि रंजीत का कुछ दिनों से मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। हो सकता वह स्नान करने के लिए नदी में उतरा हो उसी में डूब गया हो। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रंजीत बीए में पढ़ाई भी कर रहा था।

# पराली जलाने वाले किसानों पर दो लाख का जुर्माना

**मोहम्मदी खीरी।** उपजिलाधिकारी ने बताया कि सेटेलाइट से प्राप्त हो रही परली जलाने की सूचना की जांच कराकर तहसील मोहम्मदी में कई व्यक्तियों द्वारा पराली जलाई गई। इन पर अर्थदंड का जुर्माना आरोपित किया गया है। मोहम्मदी में 2 लाख से अधिक का अर्थ दंड लगाया गया है। जुर्माना लगाने वाले किसानों नें रामकृपाल पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी बरखेड़ा मु0 2500ए रामवती पत्नी रामेश्वर पुत्री हजारी निवासी मुड़ा गालिब मु 15000 जुर्मानाए राम देवी पत्नी स्वर्गीय काशीराम निवासी रामपुर मक्का मजरा करौंदा मु 5000 जुर्मानाए किरण देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी हरैया 2500 जुर्माना अजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय सुंदर सिंह निवासी हरैया ?15000 जुर्मानाए रुकसाद खां पुत्र जाहिद खा निवासी मूड़ा निजाम 2500 जुर्माना श्रीमती फूलमती पत्नी ओमप्रकाश निवासी बंजरिया 2500 रुपए जुर्मानाए सुखदेव सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी बंजरिया 15000 जुर्मानाए सुखचैन सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी मझिगवां 5000 जुर्माना शाह नूर खां पुत्र सत्तार खान निवासी उमरपुर ?2500 जुर्मानाए गफूर खां व मजीद खां पुत्रगण नफीस खा निवासी उमरपुर 5000 जुर्माना पूरन लाल पुत्र द्वारिका निवासी पिपरिया खास 5000 जुर्माना यदुनाथ पुत्र श्यामलाल निवासी पिपरिया खास 5000 जुर्मानाए लखबीर सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी बंजरिया ?5000 जुर्मानाए हरभजन सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी बंजरिया 15000 जुर्मानाए गुरमीत सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी बंजरिया 15000 जुर्माना मेजर सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी बंजरिया 15000 जुर्माना चेतराम पुत्र कालिका निवासी परी 5000 जुर्मानाए दिलेर सिंह पुत्र बलकार सिंह निवासी फिरोजपुर 2500 जुर्मानाए नरेश सिंह पुत्र देशराज सिंह निवासी रामपुर राजा मजरा शंकरपुर राजा ?5000 जुर्मानाए कुलविंदर सिंह पुत्र गुरबचन सिंह निवासी रामपुर राजा 15000 जुर्माना कश्मीर सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी फत्तुहाबाद 5000 जुर्मानाए प्रहलाद सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी फत्तुहाबाद 15000 जुर्मानाए हरनेक सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी कारी 2500 जुर्मानाए बाखिद खां पुत्र लतीफ खा निवासी मूड़ानिजाम ?2500 शामिल हैं। जुर्माना वसूली के लिए तहसीलदारए नायब तहसीलदारए पुलिस विभाग और अमीन को लगाया है। यदि अर्थ दंड की राशि 2 दिन में नही जमा की गई तो इसे भू राजस्व की भांति वसूला जाएगा। अन्य लोगों की भी सूची तैयार की जा रही है जो लोग पराली जलाएंगे। सब पर अर्थदंड लगाया जाएगा। लेखपाल से सूची भी जलाने वालों की तैयार कराई जा रही है। इस बाबत विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है कि पराली न जलाई जाए। हम सब किसान इसे मानने व उसके अनुपालन के प्रति प्रतिबद्ध हैं। मगर यदि किसी ने गलती से जला दी है तो उस किसान का उत्पीड़न न करें। यदि इतना प्रयास व जनजागरण शुरू से किया होता तो शत प्रतिशत अनुपालन करते लोग। प्रशासन किसानों का उत्पीड़न न करे। कम्बाइन मशीनें जिनमे एस एम एस लगा है उनको न रोका जाये। आपके सक्रिय होने से पूर्व किसी ने खेत फूंक दिया हो तो उसके विरुद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही ठीक नहीं। किसानों से सम्मानजनक ढंग से प्रशासन बात करे व आप मोटीवेट करिए परेशान न करें।

# तेंदुआ में डीएम ने लगाई चौपाल पराली न जलाने का दिलाया संकल्प

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- **शासन प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा करते हुए न्यायालय एवं एनजीटी के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करा रहा है**

**गुरुवार की** दोपहर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह तहसील व ब्लाक लखीमपुर के ग्राम तेंदुआ पहुंचेए जहां उन्होंने परिषदीय विद्यालय में ग्रामीणों से संवाद कर पराली जलाने के दुष्प्रभाव बताएं। इस दौरान एसडीएम सदर श्रीमती श्रद्धा सिंहए तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

चौपाल को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने त्योहारों के सकुशल संपन्न होने पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी का आने वाला कल अच्छा हो। पराली‍ध्फसल अवशेष खेतों में जलाने के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान व भूमि की उर्वरा शक्ति के निरंतर क्षति के दृष्टिगत शासन व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पराली‍ध्फसल अवशेष खेत में जलाने पर कड़े प्रतिबंध लगाए है तथा सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से लिया है। साथ ही शासनध्एनजीटी द्वारा दो एकड़ से कम रकबे पर पराली जलाने पर दो हजार पांच सौ रुपएए 02 से 05 एकड़ रकबे पर पराली जलाने पर पांच हजार तथा 05 एकड़ से अधिक रकबे पर पराली जलाने पर 15 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया है। डीएम ने पराली‍ध्फसल अवशेष को जलाने के दुष्प्रभाव बताए। किसान न पराली जलाएं ना ही दूसरे को जलाने दें। खेत में आग लगाते ही सेटेलाइट के जरिए पकड़ में आ जाएंगे। उन्होंने पराली प्रबंधन के संबंध में कई उपाय भी बताएं। कंबाइन मशीन संचालक पराली ना जलाए जाने के संबंध में खेत स्वामी की लिखित सहमित लिए बिना उस खेत मे कटाई नही करेगें। शासन.प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा करते हुए पूरे जनपद में माण् न्यायालय एवं एनजीटी के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करा रहा है इसलिए पराली ना जलाकर प्रशासन को पूरा सहयोग करें। पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी समेकित जिम्मेदारी है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर पूरे जिले में सीडीओए एडीएम एसडीएम तहसीलदार विभिन्न तहसील क्षेत्रों के अलग.अलग गांव में चरणबद्ध चौपाल के जरिए पराली के दुष्प्रभाव बताकर फसल अवशेष पराली ना जलाने का संकल्प दिला रहे है। तय रणनीति के मुताबिक गांव.गांव में मुनादी के माध्यम से भी लोगों को फसल अवशेष एवं पराली न जलाए जाने के संबंध में सूचना दी जा रही है।

# सड़क दुर्घटना के पति की मौत पत्नी घायल

संवाददाता। बरेली

**ससुराल से** वापस लौट रहे ग्रामीण की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसकी पत्नी घायल हो गई उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया हरदो पट्टी निवासी

35 वर्षीय मुनीश सक्सेना पुत्र पातीराम सक्सेना की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 24 अक्टूबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि मुनीश सक्सेना अपनी पत्नी सीमा के साथ दीपावली के दिन कलान थाना क्षेत्र के गांव गोकुल नगर स्थित अपनी ससुराल गया था जहां से शाम को दोनों घर वापस लौट रहे थे कुछ दूर चलने के बाद तेजी से जारी एक पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी जिससे मुनीश सक्सेना गंभीर रूप से घायल हो गए और पीछे बैठी उसकी पत्नी सीमा को मामूली चोटें आई मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाली गाड़ी का पीछा किया तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उनके घर वालों को सूचना दे दी जो अस्पताल पहुंचे और गंभीर रूप से घायल मुनीश को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल ले आए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 4 बच्चों का पिता था।

# गोपाष्टमी महोत्सव में दूसरे दिन गौस्नान एवं पूजन

संवाददाता। गोला गोकर्ण नाथ.खीरी

- **पैरामाउंट कॉम्पटीशन क्लासेज के डायरेक्टर पटेल सुशील वर्मा ने कहा हम सभी की माता गौ माता है जो अपने बच्चे की तरह हम दूध घी दही उपले ऊर्जा दवा आदि प्रदान करती हैं**

**श्रीधर माता** समिति गौशाला के तत्वाधान में चल रहे गोपाष्टमी महोत्सव में दूसरे दिन उन्निकेश कृषि कोचिंग संस्थान व पैरामाउंट कॉम्पटीशन क्लासेज संस्थान के द्वारा गौ स्नानए गौ सेवा व पूजा अर्चना व मंत्रोच्चारण से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी ज्ञानी गुरमुख सिंह उपस्थित रहे।

उन्नकेश संस्था के संरक्षक विनीत सिंह भदौरिया ने कहा कि गौ माता की सेवा हम सभी को प्रतिदिन करनी चाहिए। पैरामाउंट कॉम्पटीशन क्लासेज के डायरेक्टर पटेल सुशील वर्मा ने कहा हम सभी की माता गौ माता है जो अपने बच्चे की तरह हम दूध घी दही उपले ऊर्जा दवा आदि प्रदान करती हैं। गौ माता के प्रति कृतज्ञता का भाव आना चाहिए। गौ सेवा करने से हमारे अंदर जो मन में सद्भाव पैदा होते हैं। उसे हम अपनी संस्कृति और समाज को आगे बढ़ा रहे हैं। डॉ राहुल वाजपेई जी ने कहा गौ संरक्षण के महत्व विषय जानकारी दी। इस पावन अवसर पर श्री धर्मादा समिति गौशाला गोला के विजय शुक्ला रिंकू ने कार्यक्रम अध्यक्ष और मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न व माल्यार्पण कर समाज में अपने योगदान के लिए सम्मानित किया। आए हुए सभी गौ भक्तों का आभार व्यक्त किया। इस पावन अवसर पर डॉ पीयूष शुक्ला एश्याम् राजपूत एश्याम सिंह कुशवाहा एकुलदीप तिवारी धीरज बाजपेई एसुनील बाजपेई सरोज जायसवाल आकाश अवस्थीआशुतोष मिश्र प्रियांशु श्याम सरोज जयसवाल आशुतोष मिश्राए प्रियांशु श्याम् राजपूत सौरभ सिंह चौहान अभिषेक यादव सरोज जसवाल नीतीश चंद वर्मा एज्ञानू तिवारी अरुण मिश्रा लव कुश अवस्थीए उपेंद्र वर्मा जगदीश वर्मा अमित यादव अनुभव पटेल पटेल सुशील वर्मा डायरेक्टर पैरामाउंट कॉम्पटीशन क्लासेस के सहयोगी छात्र उपस्थित व नगर के सम्भ्रांत के नगर गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## एफटीए को...

अलावा, वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को उदार बनाना और सीमा शुल्क को कम करना है। विशेषज्ञों के अनुसार, ब्रिटेन में राजनीतिक स्थिरता अब समझौते के लिए वार्ता को तेज करने में मदद करेगी, जो संभावित रूप से 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर सकती है।

## एलएसी पर...

अनुमति दी जाएगी, जिन्हें भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। सी-295एमडब्ल्यू समकालीन तकनीक के साथ 5-10 टन क्षमता का एक परिवहन विमान है जो भारतीय वायु सेना के पुराने एवरो विमान की जगह लेगा। इसमें त्वरित प्रतिक्रिया के लिए एक रियर रैंप दरवाजा और सैनिकों और सामान के पैरा ड्रॉपिंग की सुविधा होगी है। तुरंत उड़ान भरने और उतरने के साथ अर्द्ध तैयार सतह से भी यह उड़ान भर सकता है। विमान भारतीय वायुसेना की साजो-सामान संबंधी क्षमताओं को और मजबूत करेगा। कुमार ने कहा, परियोजना भारतीय निजी क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकी संपन्न और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी विमानन उद्योग में प्रवेश करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह घरेलू विमानन निर्माण को बढ़ावा देगी जिसके परिणामस्वरूप आयात निर्भरता कम होगी और निर्यात में अपेक्षित वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत में 13,400 से अधिक कलपुर्जे, 4,600 सब-असेंबली और सभी सात प्रमुख कंपोनेंट असेंबली का निर्माण किया जाएगा।

## सफाई के...

चलते दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर गाजीपुर के पास यातायात जाम की स्थिति बन गई। लैंडफिल को देखने के बाद मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में पूर्ववर्ती तीन नगर निगमों में अपने 15 साल के शासन काल में कचरे के तीन पहाड़ दिए और पूरे शहर को कचरे से भर दिया। उन्होंने कहा कि गाजीपुर कूड़े का ढेर एक तरह से भाजपा के बुरे कर्मों का और नगर निकायों में हुए भ्रष्टाचार का पहाड़ है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने नगर निकायों में 15 साल के शासन के दौरान दो लाख करोड़ रुपए का गबन किया। इनमें से एक लाख करोड़ रुपए दिल्ली सरकार ने दिए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में शाह ने मुझे अपशब्द कहा और आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने एमसीडी को पैसा नहीं दिया, लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्होंने केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से नगर निकायों को कितना पैसा दिया।

## गृह मंत्रालय...

घटकर 46 पर आ गया है। शाह ने कहा कि एनएलएफटी, बोडो, कार्बी आंगलांग जैसे उग्रवादी गुटों के साथ दीर्घावधि समझौतों से 9000 उग्रवादियों का आत्मसपर्पण कराया गया ताकि पूर्वोत्तर शांति स्थापित हो सके। कश्मीर का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2019 में धारा 370 हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में 34 प्रतिशत की कमी देखी गई है। सुरक्षा बलों की मौत में 64 एवं आम नागरिकों की मौत में 90 प्रतिशत तक कमी आई है। दो दिवसीय शिविर में शाह ने यह भी ऐलान किया कि आतंक विरोधी नेटवर्क तैयार करने के लिए प्रत्येक राज्य में 2024 तक एनआईए की शाखा खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि एनआईए को अधिक शक्तियां देने के लिए सरकार ने इस राष्ट्रीय एजेंसी एवं यूएपीए में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। एनआईए को कई अतिरिक्त क्षेत्राधिकार देने के साथ आतंकियों की संपत्ति जब्त करने की शक्ति भी दी गई है। शाह ने कहा कि सरकार ने विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) में भी संशोधन किया है जिसका कुछ गैर सरकारी संगठनों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा था ताकि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, धर्मांतरण, विकास परियोजनाओं का राजनीतिक विरोध करने समेत विकास के कार्य में बाधा डालने से जुड़े कृत्य किया जा सकें।

## कोयंबटूर विस्फोट...

सौंप दिए जाएंगे। केंद्र सरकार का यह कदम मुख्यमंत्री एमएके स्टालिन की उस सिफारिश के बाद उठाया गया है जिसमें दिवाली की पूर्व संध्या पर हुए इस विस्फोट की जांच एनआईए से कराने के लिए कहा गया है। पुलिस ने कहा कि इसने कोयंबटूर निवासी अफसर खान नामक एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने अपने रिश्तेदार जमीशा मुबीन की ई-कॉमर्स मंच से बड़ी मात्रा में विस्फोटक खरीदने में मदद की थी। खान इस मामले में गिरफ्तार किया गया छठा आरोपी है। पुलिस ने कहा कि खान संदेह के आधार पर पांच घंटे तक पूछताछ और बुधवार को उसके घर की तलाशी के दौरान लैपटॉप की जब्ती के बाद पुलिस के जाल में फंसा। पुलिस ने बताया कि खान के लैपटॉप को साइबर विश्लेषण के लिए भेजा गया था जिसके बाद बृहस्पतिवार की सुबह उसकी गिरफ्तारी की गई। इस बीच, पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार पांच आरोपियों, मुहम्मद तल्हा, मुहम्मद अजरुद्दीन, मुहम्मद रियास, मुहम्मद नवाज और फिरोज इस्माइल से पूछताछ शुरू कर दी है जिनकी तीन दिन की हिरासत पुलिस को पांचवें न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत से मिली है। गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को गैस सिलेंडर धमाके में मारे गए 29 वर्षीय मुबीन के घर से पुलिस ने 75 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया था।

## भड़काऊ भाषण...

के बीच शत्रुता, घृणा या वैमनस्य की भावनाएं पैदा करने के आशय से असत्य कथन) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 (चुनाव के सिलसिले में विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य बढ़ाना) के तहत दोषी करार देते हुए उन्हें तीन साल कैद और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, अदालत के फैसले के बाद संवाददाताओं से बातचीत में खां ने कहा, यह अधिकतम सजा है। इस मामले में जमानत अनिवार्य शर्त है और इस आधार पर मुझे जमानत मिल गई है। मैं इंसाफ का कायल हो गया हूं। आजम खां पर 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान मिलक कोतवाली इलाके के खातानगरिया गांव में जनसभा को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भला-बुरा कहकर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## महिला और...

ऐतिहासिक फैसला है और हम भारतीय क्रिकेट के नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। मैं बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में अपने साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड क्रिकेट समान मैच फीस लागू करने वाला पहला बोर्ड था जबकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की लैंगिक असमानता को दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। भारत समान वेतन की व्यवस्था लागू करने वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सिर्फ दूसरा देश है। कोविड-19 महामारी के कारण मुकाबलों के रद्द और स्थगित होने के बावजूद भारत की पुरुष टीम ने पिछले दो साल में 21 टेस्ट मैच खेले जबकि इसी दौरान महिला टीम ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ एक-एक टेस्ट खेला। इससे कुछ दिन पहले ही बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष और अब आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल ने घोषणा की थी कि देश के क्रिकेट बोर्ड के खजाने में पिछले तीन साल में लगभग छह हजार करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। उम्मीद के मुताबिक क्रिकेट जगत ने इस कदम का स्वागत किया है।

## मास्को में...

के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, दोनों मंत्री द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की प्रस्तावित यात्रा पर विदेश मंत्रालय की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। समझा जा रहा है कि ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हो सकती है। भारत ने पश्चिमी देशों के असंतोष के बावजूद पिछले कुछ महीने में रूस से कीमतों में छूट वाले कच्चे तेल के आयात को बढ़ाया है। फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू होने के बाद से जयशंकर और लावरोव चार बार मिल चुके हैं। रूसी विदेश मंत्री अप्रैल में भारत आए थे जिस दौरान उन्होंने जयशंकर से विस्तृत वार्ता के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पिछले साल दिसंबर में भारत-रूस वार्षिक शिखर वार्ता में भाग लेने भारत आए थे। दोनों देशों के बीच एक प्रणाली है जिसके तहत भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा के लिए सालाना शिखर बैठक करते हैं।

## भारत में...

देशों के बीच प्रति व्यक्ति उत्सर्जन में व्यापक अंतर है और भारत का उत्सर्जन जी20 के औसत का लगभग आधा है, वहीं सऊदी अरब में यह उत्सर्जन जी20 के औसत का दोगुना है।

# कश्मीर मुद्दे पर नेहरू की गलतियों को मोदी ने सुधारा: भाजपा

**भाषा। नई दिल्ली**

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को जम्मू एवं कश्मीर के भारत में विलय की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को निशाना बनाया और दावा किया कि उनके द्वारा की गई गलतियों को वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करके सुधारा है। अनुच्छेद 370 की वजह से जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और जीतेंद्र सिंह ने नेहरू पर निशाना साधा तो कांग्रेस ने भी पलटवार किया और कहा कि सत्ताधारी दल के नेताओं को समकालीन इतिहास की कोई जानकारी नहीं है और नेहरू व अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों पर आरोप लगाने के बजाय उन्हें भाजपा के शासन काल में जो कुछ हुआ, उसका हिसाब देना चाहिए। रीजीजू ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री नेहरू की अनुच्छेद 370 लागू करने और मामले को संयुक्त राष्ट्र लेकर जाने जैसी गलतियों के कारण देश ने बहुत त्रासदी झेली, देश के संसाधनों की बर्बादी हुई और आतंकवाद के चलते हजारों सैनिकों और नागरिकों ने जान गंवाई। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि अगर नेहरू ने कश्मीर मामले के समाधान का जिम्मा सरदार वल्लभभाई पटेल को दिया होता तो इस क्षेत्र का इतिहास आज कुछ और ही होता लेकिन उन्होंने पटेल को इससे दूर रखा क्योंकि उन्हें लगता था कि वह ज्यादा जानते हैं। पार्टी ने कहा कि इन गलतियों के लिए कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए।

कश्मीर के भारत में विलय की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि नेहरू ने उस क्षेत्र के राजा हरि सिंह के कश्मीर के भारत में विलय के प्रस्ताव पर कार्वाई में देरी, सहित पांच गलतियां की थीं। रीजीजू ने कहा कि नए भविष्य के निर्माण के लिए पूर्व की गलतियों को महसूस करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि साथ ही उन्होंने इतिहास से छेड़छाड़ नहीं की है, बल्कि तथ्यों को परोसा है। भाजपा पर पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्विटर पर एक लेख साझा किया और कहा कि किरेन रीजीजू और उनके जैसे

● **कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि नेहरू व अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों पर आरोप लगाने के बजाय भाजपा के शासन काल में जो कुछ हुआ, उसका हिसाब देना चाहिए**



छद्म इतिहासकार और झूठ फैलाने वालों को इसे जरूर पढ़ना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि नेहरू की इन गलतियों का खामियाजा जम्मू एवं कश्मीर के साथ देश को भी उठाना पड़ा और इनके चलते क्षेत्र का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया। नेहरू के कुछ बयानों का हवाला देते हुए भाटिया ने दावा किया कि राजा हरि सिंह ने जुलाई 1947 में पहली बार विलय का विचार सामने रखा था लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसमें हिचकिचाहट दिखाई और देश की जगह कथित तौर पर अपने मित्र को प्राथमिकता दी। मित्र से भाटिया का इशारा शेख अब्दुल्ला की तरफ था। उन्होंने कहा कि इसके बाद नेहरू ने एक आंतरिक मसले को संयुक्त राष्ट्र पहुंचा दिया और इस वजह से इस मुद्दे में पाकिस्तान शामिल हो गया।भाजपा प्रवक्ता ने कश्मीर में जनमत संग्रह कराने का विचार सामने रखने के लिए भी नेहरू को आड़े हाथों लिया और दावा किया कि स्वतंत्रता अधिनियम में इसके लिए कोई प्रावधान ही नहीं था। इसी अधिनियम के तहत सैकड़ों रियासतों का भारत में विलय हुआ था।

भाटिया ने कहा कि इतना ही नहीं, जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले प्रावधान किए गए और देश को इसका खामियाजा उठाना पड़ा।केंद्र सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को 2019 में समाप्त कर दिया और उसका विभाजन दो केंद्रशासित क्षेत्रों– जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख में कर दिया। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि तत्कालीन गृह मंत्री वल्लभभाई पटेल, नेहरू के इन फैसलों के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि अन्य रियासतों की तरह कश्मीर का भी भारत में विलय हो गया होता तो संभवत: देश में जिहादी आतंकवाद नहीं होता। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मोदी ने इन गलतियों को सुधारा है और उनके मजबूत नेतृत्व में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है।भाजपा ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा 2019 में लोकसभा में अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने के मुद्दे पर चर्चा के दौरान दिए गए एक बयान का भी उल्लेख किया और कांग्रेस पर हमला किया। उस समय चौधरी ने सवाल उठाया था कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में है, ऐसे में यह आतंरिक मसला कैसे हो सकता है। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस को इन गलतियों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन का भी मुद्दा उठाया और इसके लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। कांग्रेस ने जवाब देते हुए जम्मू–कश्मीर के शोपियां से कई कश्मीरी पंडित परिवारों के कथित पलायन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि केंद्र को श्वेत पत्र लाकर यह बताना चाहिए कि उसने कश्मीरी पंडितों की पीड़ा दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने यह दावा भी किया कि इस साल जनवरी से लेकर अक्टूबर तक कश्मीरी पंडितों की टार्गेट किलिंग की 30 घटनाएं हो चुकी हैं। कश्मीर के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के एक लेख से जुड़े सवाल पर खेड़ा ने कहा कि व्हाट्सअप नर्सरी वाले भाजपा के नेताओं को फिर से इतिहास का अध्ययन करना चाहिए।

उन्होंने कहा, अगर भाजपा नेताओं को लगता है कि उनकी बातें सही हैं तो इन दो सवालों का जवाब दें कि मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते जम्मू–कश्मीर में 75 प्रतिशत मतदान कैसे होता था और कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाकर की जाने वाली हत्याएं कैसे बंद होंगी ? कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया भाजपा नेताओं को समकालीन इतिहास के बारे में कुछ नहीं पता, तथा ऐसे में वे सिर्फ पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह को जिम्मेदार ठहराते रहते हैं। खेड़ा ने कहा कि भाजपा को 1989–1990 की स्थिति और मौजूदा स्थिति के लिए माफी मांगनी चाहिए।

## गगनयान मिशन की पहली परीक्षण उड़ान फरवरी में

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अगले साल फरवरी से भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए कई परीक्षण उड़ानें शुरू करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक आर उमामहेश्वरन ने बताया कि अंतरिक्ष एजेंसी ने चालक दल के मॉड्यूल के परीक्षण के लिए वजनी चिनूक हेलीकॉप्टर और सी–17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान को तैनात करने की भी योजना बनाई है। मॉड्यूल के जरिए गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को तीन दिनों के लिए कक्षा में ले जाएगा। यहां भारतीय अंतरिक्ष कांग्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली के डिजाइन को पूरा कर लिया है।

## किसी भी लड़की को आइटम कहना आपत्तिजनक :अदालत

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में एक व्यक्ति को डेढ़ साल कैद की सजा सुनाते हुए कहा कि किसी भी लड़की को आइटम कहना आपत्तिजनक है। अदालत ने यह आदेश 20 अक्टूबर को पारित किया था। दोषी के खिलाफ नरमी बरतने से इनकार करते हुए अदालत ने कहा कि महिलाओं को इस तरह के अवांछित व्यवहार से बचाने के लिए ऐसे सड़कछाप रोमियो को सबक सिखाना जरूरी है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पॉक्सो) संबंधी मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश ए. जे. अंसारी ने 16 वर्षीय लड़की को आइटम बुलाने और उसके बाल खींचने के मामले में 25 वर्षीय व्यक्ति को उसकी गरिमा भंग करने का दोषी पाया। यह वाकया 14 जुलाई 2015 में उपनगरीय मुंबई में लड़की के घर के पास हुआ था, जब वह स्कूल से लौट रही थी। लड़की की शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई थी। न्यायाधीश ने कहा, आरोपी का जानबूझकर लड़की के बाल पकड़ना और खींचना और उसे आइटम बुलाना साबित करता है कि उसने लड़की की गरिमा भंग की। अदालत ने कहा कि आरोपी का व्यवहार पूरी तरह आपत्तिजनक था। आदेश में कहा गया, आरोपी ने उसे आइटम कहकर बुलाया, इस शब्द का इस्तेमाल लड़के आमतौर पर लड़कियों को अपमानजनक तरीके से संबोधित करने के लिए करते हैं.... यह स्पष्ट तौर पर लड़की की गरिमा भंग करने के उसके इरादे को जाहिर करता है। न्यायाधीश ने कहा, किसी भी लड़की के लिए आइटम शब्द का इस्तेमाल करना स्वाभाविक रूप से अपमानजनक है। अदालत ने कहा कि आरोपी के प्रति नरमी नहीं बरती जा सकती क्योंकि मामला सड़क पर एक नाबालिग लड़की से बदसलूकी का है।

## झारखंड में कभी भी एटम बम फट सकता है: बैस

**भाषा। रायपुर**

● **राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लाभ के पद मामले में एक और राय मांगी है**

**झारखंड के** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा है कि उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लाभ के पद मामले में एक और राय मांगी है। दीपावली मनाने के लिए अपने गृह जिले रायपुर में मौजूद बैस ने बुधवार को एक समाचार चैनल के संवाददाता से बातचीत में कहा कि झारखंड में कभी भी एटम बम फट सकता है। बैस से जब पूछा गया कि झारखंड में सोरेन सरकार के सहयोगियों ने उन पर राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है तो उन्होंने कहा, अगर मेरी सरकार को अस्थिर करने की मंशा होती तो मैं चुनाव आयोग की जो सिफारिश आई है, उसके आधार पर निर्णय ले सकता था। लेकिन मैं बदले की भावना से या किसी को बदनाम करने के लिए कोई भी कार्वाई करना नहीं चाहता। बैस ने कहा, चूंकि, मैं एक संवैधानिक पद पर हूं, मुझे संविधान की रक्षा करनी है। संविधान के अनुसार चलना है। मेरे उपर कोई उंगली न उठाए कि इन्होंने बदले की भावना से ऐसा किया है। इसलिए मैंने एक और राय मांगी है।

हालांकि, उन्होंने चुनाव आयोग की सिफारिश के बारे में विस्तार से नहीं बताया और न ही यह स्पष्ट किया कि दूसरी राय किससे मांगी गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या एक और राय मिलने के बाद कोई बड़ा फैसला सामने आएगा, राज्यपाल ने कहा, दिल्ली में तो पटाखों पर पाबंदी है। लेकिन झारखंड में पटाखा प्रतिबंधित नहीं है। हो सकता है कि एकाध एटम बम फट जाए। लाभ के पद मामले में सोरेन को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की याचिका के बाद चुनाव आयोग ने 25 अगस्त को झारखंड के राज्यपाल को अपना फैसला भेजा था। हालांकि, चुनाव आयोग के फैसले को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन चर्चा है कि आयोग ने खनन पट्टे के मामले में एक विधायक के रूप में मुख्यमंत्री को अयोग्य ठहराने की सिफारिश की है। राज्य में ऐसी कयासों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस महीने की 15 तारीख को कहा था कि देश के इतिहास में ऐसा संभवत: पहली बार है कि अपराधी बार–बार पूछ रहा है कि उसने क्या अपराध किया है और यदि अपराध किया है तो उसकी सजा बता दें, लेकिन उसे उसका अपराध न बताकर ही एक तरह से दंडित किया जा रहा है। झारखंड में सरकार गिराने के लिए सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस के विधायकों की खरीद–फरोख्त की आशंका के बीच पिछले महीने सोरेन सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया था। इस दौरान विपक्षी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायकों ने सदन से बहिगर्मन किया था।



श्रीनगर में शौर्य दिवस समारोह के मौके पर सैन्य कर्मियों व उनके परिवारों के बीच मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



भारत-बांगलादेश की सीमा के पास स्थित बेलूरघाट में भैयादूज के मौके पर बीएसएफ जवानों को तिलक लगातीं महिलाएं

## भाजपा ने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू की

**गुजरात विधानसभा चुनाव**

**भाषा। अहमदाबाद**

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने गुजरात में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन के वास्ते राज्य में स्थानीय स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रतिक्रिया लेने की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को शुरू कर दी। गुजरात विधानसभा की सभी 182 सीटों के लिए चुनाव दिसंबर में होने हैं, और राज्य में इस बार भाजपा, विपक्षी कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। पार्टी सदस्यों ने कहा कि गुजरात के 33 जिलों और पांच प्रमुख शहरों में से प्रत्एक के लिए भाजपा द्वारा अलग–अलग नियुक्त पर्यवेक्षकों की तीन–सदस्ईय टीम ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया तीन दिनों तक चलेगी, और इस दौरान टीम हर निर्वाचन क्षेत्र से टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों के विचारों को ध्यान में रखेगी। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर पर्यवेक्षकों द्वारा फीडबैक के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे प्रदेश भाजपा को सौंपा जाएगा और यह आगामी चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन का आधार बनेगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि कुल 38 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें वर्तमान और पूर्व मंत्री, संसद सदस्य, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हैं। भाजपा के अहमदाबाद जिलाध्यक्ष हर्षद गिरि ने संवाददाताओं से कहा, आज से, प्रदेश भाजपा ने टिकट आवंटन के लिए यहां आमंत्रित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अहमदाबाद जिले में ढोलका, धंधुका और दस्क्रोई विधानसभा सीट के लिए अपनी राय देने को लेकर कार्यकर्ता आज एकत्र हुए। भाजपा की प्रदेश इकाई द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक बारी–बारी से कार्यकर्ताओं के विचार जानेंगे। पार्टी के जामनगर शहर अध्यक्ष विमल कागथरा ने कहा कि भाजपा द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के अनुसार तीन पर्यवेक्षकों का एक पैनल जामनगर की दो सीट के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की राय लेने का काम पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव की तरह जामनगर की दोनों सीट पर भाजपा सूक्ष्म योजना बनाकर जीत दर्ज करेगी। वडोदरा के महापौर केयूर रोकाडिया ने कहा कि पर्यवेक्षकों द्वारा फीडबैक एकत्र करना भाजपा की एक सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 99 सीट जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 77 सीट मिली थीं।

## क्विक न्यूज

### आतंकी संगठन गजनवी फोर्स का काला दिवस मनाने का आह्वान, प्राथमिकी दर्ज

**जम्मू** । जम्मू कश्मीर के सांबा जिले मे पुलिस ने विलय दिवस को काले दिन के तौर पर मनाने का आह्वान करने के लिए आतंकी संगठन गजनवी फोर्स द्वारा कथित तौर पर पोस्टर लगाए जाने के बाद एक प्राथमिकी दर्ज की है। जम्मू कश्मीर में 26 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विलय दिवस पर सार्वजनिक अवकाश होता है। इसी दिन 1947 मे पूर्ववर्ती राज्य के राजा महाराजा हरी सिंह ने भारत मे विलय के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सांबा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिषेक महाजन ने कहा, आज सुबह, एक विश्वस्त सूत्र ने पुलिस थाने बाड़ी ब्राह्मण को जम्मू कश्मीर के भारत मे विलय दिवस को काले दिन के तौर पर मनाने के संबंध मे म्युनिसिपल पार्क बाड़ी ब्राह्मण के प्रवेश द्वार पर आतंकवादी संगठन जम्मू कश्मीर गजनवी फोर्स द्वारा एक पोस्टर चिपकाए जाने की सूचना दी। उन्होने बताया कि बाड़ी ब्राह्मण पुलिस थाने मे गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून की धारा 13 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच चल रही है।

### जम्मू रेलवे स्टेशन के निकट पुलिस ने बरामद किए 18 डेटोनेटर , आंतकी साजिश नाकाम

**जम्मू** । पुलिस ने यहां जम्मू रेलवे स्टेशन के निकट एक बैग से 18 डेटोनेटर बरामद किए और आंतकियों द्वारा विस्फोट करने की संभावित साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टैक्सी स्टैंड के पास एक नाले मे एक लावारिस बैग मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रेलवे) आरिफ रिंशु ने संवाददाताओ को बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने बैग को कब्जे मे ले लिया। इसमे 18 डेटोनेटर , कुछ तार और करीब 500 ग्राम मोम जैसी सामग्री दो बक्सो मे भरी हुई मिली थी। उन्होंने बताया, हम इस बात की पड़ताल कर रहे है कि कही यह आईईडी तो नही था। बैग मे कोई पाउडर जैसी सामग्री नही थी, बल्कि मोम जैसा कुछ था। यह एक आईईडी नही हो सकता, क्योंकि डेटोनेटर एक अलग बक्से मे रखे हुए थे। अधीक्षक ने कहा कि एक संभावित आंतकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। उन्होने कहा, अगर वह (आंतकी) इसे अंजाम दे देते तो कोई अप्रिय घटना हो सकती थी, लेकिन हमने इसे नाकाम कर दिया। अधीक्षक ने बताया कि विस्फोटक सामग्री की बरामदगी से संबंधित कोई विशेष सूचना नही मिली थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामले के संबंध मे प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एसआईटी के समक्ष पेश हों अंडमान के पूर्व मुख्य सचिव : अदालत

**कोलकाता** । कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अंडमान-निकोबार के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण को 28 अक्टूबर तक उनके खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के कथित आरोपो की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने टिप्पणी की कि इस मामले मे तत्काल जांच करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति प्रसेनजीत बिश्वास की अवकाशकालीन पीठ ने नारायण को उस तिथि तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत भी दे दी है, जिसे कलकत्ता उच्च न्यायालय की पोर्ट ब्लेयर स्थित सर्किट पीठ द्वारा 14 नवंबर को दुर्गा पूजा की छुट्टियों की समाप्ति के बाद शुरू होने वाले नियमित कामकाज के दौरान तय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक अक्टबूर को पोर्ट ब्लेयर के अबरदीन पुलिस थाने मे एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 अप्रैल से एक मई के बीच नारायण और अन्य लोगो ने उसके साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। एसआईटी इन आरोपो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। उच्च न्यायालय ने रेखांकित किया कि 21 जुलाई को दिल्ली स्थानांतरित किए गए नारायण ने भी घोषणा की है कि वह जांच मे सहयोग देने के इच्छुक है। अदालत ने कहा कि इस मामले मे तत्काल जांच करने की जरूरत है।

### भाजपा नेता दानवे ने शिंदे गुट में बगावत की अटकलों को खारिज किया

**जालना (महाराष्ट्र)** ॥ केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने बृहस्पतिवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना गुट के कुछ विधायक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मे विलय करने की मंशा से बगावत कर अलग समूह बना सकते है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह के कदम उठाने की जरूरत नही है, क्योंकि शिंदे गुट और उनकी पार्टी का गठबंधन है और राज्य सरकार सुचारू व प्रभावी तरीके से काम कर रही है। इन कयासों के बारे मे पूछे जाने पर दानवे ने दावा किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के विधायक बगावत करने वाले है। हालांकि, उन्होंने इस बारे मे विस्तार से कुछ नही बताया। दानवे ने कहा, विपक्ष अफवाह फैला रहा है कि शिंदे गुट के कुछ विधायक पाला बदलना चाहते है। वास्तव मे इन विरोधी दलो के विधायक बगावत करना चाहते है।

## लालू गुर्दे का ऑपरेशन कराए बिना सिंगापुर से लौटे

**भाषा । पटना**

**राष्ट्रीय जनता** दल (राजद) के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव गुर्दे का ऑपरेशन कराए बिना ही सिंगापुर से लौट आए हैं। हालांकि, कुछ जरूरी जांच करवाने के बाद वह अदालत से एक बार फिर सिंगापुर जाने की अनुमति मांगेंगे। पिछले कुछ वर्षों से गुर्दे की गंभीर समस्या से पीडि़त लालू दीपावली की रात सिंगापुर से दिल्ली पहुंचे, जहां वह अपनी बड़ी पुत्री और राज्यसभा सदस्य मीसा भारती के आवास पर रह रहे हैं। मीसा ने दिल्ली से फोन पर पीटीआई–भाषा को बताया कि अदालत की अनुमति के बाद सिंगापुर गए राजद सुप्रीमो (74) ने वहां चिकित्सकीय सलाह ली और उनकी कुछ आवश्यक जांच की गई। मीसा ने बताया कि सिंगापुर में छुट्टियां होने के कारण उनकी कुछ जरूरी जांच नहीं हो पाई, जिन्हें यहां भी कराया जा सकता है। मीसा के अनुसार, ए जांच कराने के बाद लालू फिर सिंगापुर जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या अदालत द्वारा 25 अक्टूबर तक ही देश के बाहर रहने की अनुमति दिए जाने के कारण राजद सुप्रीमो बिना ऑपरेशन कराए लौट आए हैं, मीसा ने कहा, हां, यह भी एक कारण था। उन्होंने कहा कि यहां आवश्यक चिकित्सकीय जांच कराने के बाद लालू सिंगापुर जाने की अनुमति के लिए अदालत से पुन: आग्रह करेंगे। गुर्दे के इलाज के लिए अदालत से अनुमति मिलने के बाद लालू 12 अक्टूबर को सिंगापुर गए थे, जहां वह अपनी पुत्री रोहिणी आचार्य के घर पर ठहरे थे। उन्हें गुर्दे के अलावा स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं भी हैं।

## केरल के राज्यपाल अपने संवैधानिक पद का अपमान कर रहे हैं : कांग्रेस

**भाषा। तिरुवनंतपुरम**

● **राज्यपाल खान ने मुख्यमंत्री विजयन को पत्र लिखकर वित्तमंत्री के एन बालगोपाल के खिलाफ संविधान सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है**

**कांग्रेस ने** बृहस्पतिवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह अपने संवैधानिक पद का अपमान कर रहे हैं और उसने संदेह जताया कि क्या दक्षिणी राज्य में वाम सरकार और राज भवन के बीच चल रही लड़ाई पहले की तरह लड़ाई का महज दिखावा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने खान द्वारा वित्त मंत्री के एन बालगोपाल के खिलाफ कार्वाई करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को पत्र लिखने को लेकर हुए विवाद के बाद राज्यपाल पर निशाना साधा। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव (मीडिया एवं संचार) जयराम रमेश ने कहा, केरल के राज्यपाल सभी दलों के व्यक्ति हैं। वह अपने करियर में कई राजनीतिक दलों में रह चुके हैं। वह महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों में अपने समकक्षों की तरह ही अपने संवैधानिक पद का अपमान कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का खान के भाजपा के करीब आने से पहले कई अन्य दलों से रहे नाते का जिक्र करते हुए यह बयान ऐसे वक्त में दिया गया है जब एक दिन पहले केरल में खान द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे पत्र को लेकर विवाद पैदा हो गया। राज्यपाल खान ने मुख्यमंत्री विजयन को पत्र लिखकर वित्तमंत्री के एन बालगोपाल के खिलाफ संविधान सम्मत कार्वाई करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग बालगोपाल द्वारा कथित तौर पर राष्ट्रीय एकता को कमतर करने वाला भाषण देने के मामले में की है। राज्यपाल की इस मांग को मुख्यमंत्री ने खारिज कर दिया है। रमेश ने कहा, लेकिन यह पहले की तरह महज एक–दूसरे से लड़ने का दिखावा हो सकता है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार और राज्यपाल के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर लड़ाई में हस्तक्षेप करते हुए कांग्रेस का केरल नेतृत्व अक्सर यह कहता रहा है कि दोनों के बीच लड़ाई लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए है।

## फल विक्रेता ने घर में फहराया पाकिस्तानी झंडा, गिरफ्तार

**रायगढ (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में पुलिस ने एक फल विक्रेता को पाकिस्तानी झंडा फहराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सरिया थाना क्षेत्र में पाकिस्तानी झंडा फहराने के आरोप में फल विक्रेता मुश्ताक खान (52) को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस को मंगलवार शाम शिकायत मिली थी कि खान ने अटल चौक स्थित अपने घर में पाकिस्तानी झंडा फहराया हुआ है। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद खान के घर पहुंची पुलिस ने झंडा को उतारकर जब्त कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा–153(क) के तहत सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का मामला दर्ज किया गया है। उसे गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस बीच, घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सरिया थाने के बाहर प्रदर्शन किया और खान के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की।

# पुतिन ने डर्टी बम का दावा दोहराया

**भाषा।** कीव

**उत्तर अटलांटिक** संधि संगठन (नाटो) और रूस की सेना ने बुधवार को वार्षिक परमाणु अभ्यास किए। इसके साथ ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के रेडियोधर्मी डर्टी बम का इस्तेमाल करने की योजना के दावे को दोहराया। वहीं, रूसी सेना ने बुधवार को यूक्रेन के 40 से अधिक गांवों पर हमले किए। पुतिन ने अपनी सामरिक परमाणु सेना के अभ्यासों का निरीक्षण किया। इन अभ्यासों में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों का परीक्षण शामिल है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने पुतिन को बताया कि

## ● रूस और नाटो ने परमाणु अभ्यास किए



अभ्यास में रूस पर परमाणु हमला होने की स्थिति में बड़ा परमाणु हमला करने का अभ्यास किया गया। इस बीच, नाटो उत्तरपश्चिमी यूरोप में अपना वार्षिक परमाणु अभ्यास कर रहा है जिसकी योजना उसने लंबे समय से बनाई हुई थी। पुतिन ने रूसी टेलीविजन पर बिना किसी प्रमाण के कहा कि यूक्रेन की उकसावे के तौर पर तथाकथित डर्टी बम इस्तेमाल करने की योजना है। साथ ही उन्होंने दलील दी कि अमेरिका, रूस तथा उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के खिलाफ यूक्रेन का इस्तेमाल कर रहा है और उसने यूक्रेन को सैन्य-जैविक प्रयोगों के परीक्षण मैदान में बदल दिया है। यह पहली बार है जब पुतिन ने खुद डर्टी बम के आरोप लगाए हैं जिसकी अभी तक कोई पुष्टि नहीं की गई है। यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने इन दावों को खारिज किया और दलील दी कि युद्ध क्षेत्र में झटके झेल रहा रूस खुद डर्टी बम विस्फोट करने की कोशिश कर सकता है। शोइगु ने बुधवार को भारत और चीन के अपने समकक्षों को यूक्रेन द्वारा संभावित रूप से डर्टी बम इस्तेमाल किए जाने को लेकर मॉस्को की चिंता से अवगत कराया। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने रूस के अपुष्ट बयानों को बेतुका बताया। उन्होंने बुधवार को ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, नाटो सहयोगी इस घोर झूठे आरोपों को खारिज करते हैं और रूस को युद्ध आगे बढ़ाने के लिए झूठी आड़ नहीं लेनी चाहिए। पश्चिमी देशों द्वारा इनकार करने के बावजूद क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जोर दिया कि मॉस्को के पास ऐसे एक आतंकी हमले के लिए यूक्रेन में तैयारियां किए जाने की सूचना है।

# एक ऐसा ब्रिटेन बनाएंगे, जहां हमारे बच्चे, पोते-पोतियां अपने दीए जला सकें : सुनक

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और संकल्प लिया कि वह एक ऐसे ब्रिटेन के निर्माण के लिए सब कुछ करेंगे, जहां हमारे बच्चे और पोते-पोतियां अपने दीए जला सकें और भविष्य को आशा के साथ देख सकें। 42 वर्षीय सुनक ने लंदन में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में बुधवार रात आयोजित दिवाली समारोह में हिस्सा लिया। इससे एक दिन पहले उन्होंने ब्रिटेन का भारतीय मूल का पहला प्रधानमंत्री बन कर इतिहास रचा था। सुनक ने ट्वीट किया, 10 डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित दिवाली समारोह में शिरकत कर बहुत खुशी महसूस हो रही है। मैं इस पद (प्रधानमंत्री पद) पर रहते हुए एक ऐसे ब्रिटेन के निर्माण के लिए हर संभव कोशिश करूंगा, जहां हमारे बच्चे और हमारे पोते-पोतियां अपने दीए जला सकें और भविष्य को आशा के साथ देख सकें। सुनक ने इस ट्वीट के साथ 10 डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित दिवाली समारोह में ली गई अपनी तस्वीर भी साझा की।



# अमेरिका और भारत संबंधों को फिर से अगले स्तर तक लेकर जाएंगे : ट्रंप

**भाषा।** वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर वह 2024 में राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं तो भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को अगले स्तर तक लेकर जाएंगे। फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो रिजॉर्ट में रिपब्लिकन हिंदू कोलिशन (आरएचसी) द्वारा आयोजित दिवाली कार्यक्रम में शामिल करीब 200 भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके हिंदू समुदाय, भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं तो आरएचसी के संस्थापक शलभ कुमार को भारत में अपना राजदूत नामित करेंगे। आरएचसी ने बीते शुक्रवार को दिवाली कार्यक्रम में ट्रंप द्वारा दिए गए भाषण का वीडियो मंगलवार को जारी किया। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अभी तक यह घोषणा नहीं की है कि वह चुनाव लड़ेंगे कि नहीं, लेकिन अगर वह चुनाव लड़ते हैं और 2024 में जीत दर्ज करते हैं तो भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रति उनकी कुछ खास प्रतिबद्धताएं होंगी।



रिपब्लिकन हिंदू कोलिशन (आरएचसी) द्वारा आयोजित दिवाली कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

## रूसी टीवी हस्ती सोबचाक इजराइली पासपोर्ट के जरिए लिथुआनिया पहुंची

**विलनियस (लिथुआनिया) (एपी)।** रूसी टीवी हस्ती कसेनिया सोबचाक एक इजराइली पासपोर्ट के जरिए रूसी जांचकर्ताओं से भागकर लिथुआनिया पहुंच गई हैं। रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पूर्व बॉस की इस खूबसूरत बेटी के घर पर इस हफ्ते जांचकर्ताओं ने छापा मारा था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रूसी मीडिया ने दावा किया उन्होंने सरकारी अधिकारियों को भ्रमित करने के लिए पहले दुबई और तुर्की का टिकट खरीदा, लेकिन आखिरकार बेलारूस गईं और फिर यहां से लिथुआनिया पहुंच गईं। निगरानी कैमरे से लिए गए एक वीडियो में दिखाया गया है कि सोबचाक लिथुआनिया में पैदल प्रवेश कर रही हैं और सीमा पर तैनात अधिकारियों से बातचीत कर रही हैं। खबरों में दावा किया गया है कि जांचकर्ताओं को संदेह है कि सोबचाक अपने मीडिया निर्देशक के साथ एक वूसली योजना में शामिल रही हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। 40 वर्षीय सोबचाक पुतिन की आलोचक रही हैं।

# इज़राइल के राष्ट्रपति ने बाइडन को ईरान की बढ़ती चुनौती को लेकर आगाह किया

**एपी।** वाशिंगटन

**इज़राइल** के राष्ट्रपति इसाक हेरज़ोग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से बुधवार को मुलाकात की और उन्हें ईरान की बढ़ती चुनौती को लेकर आगाह किया। वहीं दूसरी ओर तेहरान युवा ईरानियों की अगुवाई वाले प्रदर्शनों को निर्ममता से नियंत्रित करने की कोशिश में है जबकि अमेरिका 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयासरत है। यहां बाइडन के दफ्तर में उनके साथ हुई बैठक में इज़राइल के राष्ट्रपति ने कहा कि महसा अमीनी की ईरान के सुरक्षा अधिकारियों की हिरासत में मौत के 40 दिन हो गए और इसी के बाद खाड़ी देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए जो अब तक जारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान परमाणु शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है तथा तेहरान रूस को ड्रोन उपलब्ध करा रहा है जो यूक्रेन में बेगुनाह लोगों की जान ले रहे हैं। हेरज़ोग ने कहा, आज, ईरानी सरकार अपने यहां प्रदर्शनकारियों के खिलाफ निर्मम रुख अपना रही है जबकि वे केवल पाबंदियों से छूट की याचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे ख्याल से ईरान की चुनौती एक बड़ी चुनौती होगी जिसकी हम चर्चा कर रहे हैं। इज़राइल के अधिकारियों ने बाइडन को यह समझाने की कोशिश की है कि विश्व शक्तियों के ईरान के साथ 2015 में हुए परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने से तेहरान को उसकी परमाणु संबंधी महत्वकांक्षाओं को हासिल करने से नहीं रोका जा सकता और इससे क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ेगी। कुछ साल पहले अमेरिका इस समझौते से अलग हो गया था और फिर ईरान ने समझौते का पालन करना भी छोड़ दिया था। बाइडन ने पत्रकारों के साथ संक्षिप्त बातचीत में ईरान का कोई जिक्र नहीं किया लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि बाइडन ने इज़राइली नेता को अपने प्रशासन के इस संकल्प की याद दिलाई है कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जाएंगे। बाइडन ने लेबनान के साथ समुद्री सीमा समझौते पर पहुंचने के लिए इज़राइल को मुबारकबाद दी।

## मेक्सिको के सभी राज्यों में समलैंगिक विवाह अब कानूनी रूप से मान्य

**एपी।** मेक्सिको सिटी

**मेक्सिको** के सीमावर्ती राज्य तमाउलिपास राज्य की विधायिका ने बुधवार को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी। इसी के साथ ही तमाउलिपास मेक्सिको का 32वां और अंतिम राज्य बन गया है जहां समलैंगिक विवाह को कानूनी रूप से वैध घोषित कर दिया गया है। समलैंगिक विवाह को कानूनी बनाने के लिए नागरिक संहिता में संशोधन हेतु पेश विधेयक को 12 के मुकाबले 23 मतों से मंजूरी दी गई जबकि दो सदस्य अनुपस्थित रहे। इसी के साथ समलैंगिक विवाह के समर्थकों के चेहरे पर खुशी छा गई। सदन में जब विधेयक को पारित करने के लिए पेश किया गया, तब दर्शक दीर्घा में इसके समर्थक और विरोधी मौजूद थे और नारेबाजी कर रहे थे जिसकी वजह से सदस्यों को बहस पूरी करने और मतदान करने के लिए दूसरे कक्ष में जाना पड़ा।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि बी.पी. सिंह उर्फ भ्राम प्रकाश चौधरी ने न्यू चंद्रावाल, दिल्ली, यूबी जवाहर नगर, दिल्ली के सामने में स्थित संपूर्ण निर्मित संपत्ति सं. 5446-ए, जिसमें भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल और एएमपी, तृतीय तल शामिल है, एरिया परिमाप 70 वर्ग गज, नोटरीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 29.12.2008 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता हैं कि सुनील कुमार गुप्ता, राहुल कुमार गुप्ता, मुन्नी देवी उपरोक्त संपत्ति को एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ बी.पी. सिंह उर्फ भ्राम प्रकाश चौधरी से खरीद रही है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL3SW2351, | DL8SR5715, | DAK1646, |
| DL3SAW5729, | DL4SBF2554, | DAA1352, |
| DHS9769, | DL4SAG0448, | DL8SAE8297, |
| DL7SAK1984, | DL8SAK2656, | DL4SAA2616, |
| DL7CE8860, | DL8SH5913, | DL4SAW7553, |
| DL3S4405, | UP14H7933, | DL8SR6222, |
| DL6SX3952, | DNU9619, | PB58B2486, |
| DNE5445, | DL8SAD7495, | OR14L0575, |
| DL7SH6409, | DL8SAK0870, | DL8SA8543, |
| DL3ST8770, | DL7SAB5542, | HR26Z5774, |
| DL7SX5447, | DL8SNB1960, | DL4CAS7786, |
| DL3SAW3599, | DL4SAB4207, | DL3CAR0402, |
| DL6SE9036, | DL8SAJ6079, | DL13C0188, |
| UP14AF4319, | DL4SZ6690, | DL7CJ0312, |
| DL6SD3174, | DL8SAE5879, | HR26M1518, |
| DL7SAA7330, | DL8SR8129, | UK08AT3467, |
| DL8CH9911, | HR26F4980, | DL1CX8592, |
| DL4SBF0628, | PB35E4133, | DL9CF4209, |
| HR08E7473, | DL8SY3099, | HR51P8094, |
| DL8SL7412, | DL8SY4265, | UP16AD5800, |
| DL8SAJ5897, | DL7SW0109, | DL3CP6894, |
| DL7SAD2582, | DL7SAS7681, | UP16M6703, |
| DL8SR1642, | DL7SAX6594, | DL3CN6880, |
| DL8SP5405, | DL7SB9359, | DL3CBV4172, |
| DL8SAH5609, | DL7SW3820, | PB03Q3321, |
| DL8SA0857, | DL7SAU1361, | DL7CF3038, |
| DL8SW5805, | DL7SAK4482, | DL3CAX3388, |
| DL8SY4969, | DL6SD8765, | DL7CD9595, |
| DL8SU6136, | DL3SAQ1324, | DL1CH5029, |
| DL8SAF3172, | DL7SAB9956, | HR01M0529, |
| DL6SX1452, | DL7SN8053, | DL2CAA7767, |
| DL8SAJ3321, | DL3SPE5227, | DL2FGN0027, |
| DL8SL8904, | DL4ST0183, | DL4SAN6435, |
| DL8SAB2129, | DL7SAQ5650, | DL3SAK1089, |
| DL8SJ6118, | DL3SAB8421, | DL9CQS2488, |
| DL1SD7440, | DL4SS8654, | DL5CC6085, |
| DLY6627, | DL7SAK6464, | DL13C0650, |
| DL8SA8280, | DL4SR3169, | DL7CD8037, |
| DL6ST8716, | UP87Q5910, | DL4CS9424, |
| DL4SAM0565, | HR51H0783, | DL4CAB4159, |
| DL4SQ3977, | NOREG63, | DL9CR0265, |
| DL3SAZ0210, | DL8SAD1377, | DL8CY0876, |
| DL1SF6591, | DL8SAK7454, | DL2FGA0300, |
| HR06Q0287, | DL8SH3485, | HR07R6160, |
| DL1LD3007, | DL8SAG2531, | DL3CU9556, |
| DHL8762, | DL4SD7849, | PB08Z6988, |
| DL7CC6414, | DL8SN9235, | DL2CM8954, |
| DL7SAA7949, | DL8SV1055, | HR26AL4408, |
| DL4CAH1065, | DL4SAU2375, | DL2FGA0001, |
| JK02W8705, | DL8SZ6207, | UP82AH3589, |
| DL8SU3794, | DL8SU1252, | DL12CB1718, |
| DL4SR6246, | DL9SU2156, | |

## पौलैंड ने रेडआर्मी के चार स्मारक हटाए

**वारसा (एपी)।** पोलैंड ने कम्युनिस्ट युग की रेड आर्मी के सैनिकों को समर्पित चार स्मारकों को नष्ट कर दिया। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद मॉस्को के दबदबे के प्रतीकों को हटाने के नवीन अभियान और पड़ोसी देश यूक्रेन के खिलाफ रूस के ताजा युद्ध की आलोचना पर ज्यादा जोर देने के लिए ऐसा किया गया। पोलैंड में चार अलग-अलग स्थानों पर वर्ष 1945 के स्मारकों को नष्ट करने के लिए श्रमिकों ने ड्रिल मशीन और भारी उपकरणों का इस्तेमाल किया। ए स्मारक कंक्रीट से बने चतुष्कोणीय स्तंभ के रूप में थे। स्मारकों को हटाने के लिए राज्य ऐतिहासिक संस्थान के प्रमुख कारोल नावरोकी को बुलाया गया था। ये स्मारक एक ऐसी प्रणाली के प्रतीक थे जो अपने लोगों के अलावा पौलैंड वासियों और अन्य देशों के नागरिकों को दास बनाने और उनकी हत्या करने की दोषी है। ग्लबजाइसे में स्मारक को तोड़ने के लिए जब श्रमिक तैयार थे, तो नावरोकी ने कहा, यह अपमान का स्मारक है।

## सुरक्षा परिषद के भारत में होने वाले आतंकवाद रोधी सम्मेलन को लेकर उत्सुक : अमेरिका

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत की** मेजबानी में होने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के दो दिवसीय आतंकवाद रोधी सम्मेलन से पहले अमेरिका ने इसे वैश्विक समस्या से लड़ने के लिहाज से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सम्मेलन बताया है। भारत पहली बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) की विशेष बैठक की मेजबानी करेगा। बैठक में आतंकवाद के उद्देश्य से नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करना के विषय पर चर्चा होगी। वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक क्रिस लू के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भारत का दौरा करेगा और 28-29 अक्टूबर को मुंबई तथा नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में भाग लेगा। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन से पहले संयुक्त राष्ट्र प्रबंधन और सुधार के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि लू ने ट्वीट किया, संयुक्त राष्ट्र के इस महत्वपूर्ण आतंकवाद रोधी सम्मेलन में भाग लेने और अमेरिका तथा भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने को लेकर आशान्वित हूं। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के मिशन ने बुधवार को मीडिया नोट में कहा, राजदूत लू आतंकवाद रोधी कार्वाई और दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों पर विचार रखेंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने कहा कि यूएनएससी-सीटीसी द्वारा भारत में यह दो दिवसीय आतंकवाद रोधी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसकी शुरूआत 28 अक्टूबर को मुम्बई से होगी। 28 अक्टूबर को मुम्बई में होटल ताजमहल पैलेस में 26-11 आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

**सार्वजनिक सूचना**
"प्रपत्र सं. आईएनसी – 26"
केन्द्र सरकार
उत्तरी क्षेत्र पीठ, दिल्ली के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा 4 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 की उप-धारा (5) के क्लॉज (क) के विषय में
तथा

मेहरोत्रा इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड के विषय में, जिसका पंजीकृत कार्यालय एचआर 29ई, 60 फीट रोड, पुलप्रहलादपुर, नई दिल्ली-110044 में स्थित है एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा बृहस्पतिवार, 27-10-2022 को सम्पन्न इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों में कम्पनी को इसका पंजीकृत कार्यालय "रा.रा.क्षे. दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में स्थानांतरित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन, केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक को बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को नीचे वर्णित पते पर स्थित इसके पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए :

पंजीकृत कार्यालय का पता : एचआर 29ई, 60 फीट रोड, पुलप्रहलादपुर, नई दिल्ली-110044

कृते एवं हिते
मेहरोत्रा इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
(निदेशक)
श्यामजी मेहरोत्रा
डीआईएन नंबर : 01430320
तिथि : 27-10-2022 दिल्ली

## आरईसी का सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ बढ़कर 2,732.12 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही मे 1.5 प्रतिशत बढ़कर 2,732.12 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने इसने पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही मे 2,692.27 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। हालांकि, कंपनी की कुल आय आलोच्य तिमाही मे मामूली घटकर 9,964 करोड़ रुपए पर आ गई। एक साल पहले की इसी तिमाही मे यह 10,056.53 करोड़ रुपए थी। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही मे कंपनी का कुल खर्च भी घटकर 6,527.76 करोड़ रुपए रह गया। एक साल पहले की समान अवधि मे यह 6,708.93 करोड़ रुपए था। कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक मे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रत्एक 10 रुपए के शेयर पर पांच रुपए की दर से अंतरिम लाभांश को भी मंजूरी दी है।

## सेल की जीईएम पर कुल खरीदारी 10,000 करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने सरकारी खरीद पोर्टल सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पर अबतक कुल 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की खरीदारी कर चुकी है। सेल ने बयान मे यह जानकारी देते हुए कहा कि वह इस आंकड़े को पार करने वाला पहला केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है। बयान मे कहा गया कि सेल ने जीईएम पोर्टल की पहुच बढ़ाने के लिए इसकी विभिन्न कार्यक्षमताओ को बनाने मे सक्रिय भूमिका निभाई है। सेल ने जीईएम पोर्टल मे वित्त वर्ष 2018-19 मे 2.7 करोड़ रुपए की खरीदारी के साथ एक छोटी सी शुरुआत की थी, जो इस साल 10,000 करोड़ रुपए के कुल मूल्य को पार कर चुकी है। सेल ने पिछले वित्त वर्ष मे कुल 4,614 करोड़ रुपए की खरीदारी की। कंपनी चालू वित्त वर्ष मे अभी तक कुल 5,250 करोड़ रुपए से अधिक की खरीदारी कर चुकी है।

# सेंसेक्स 212 अंक चढ़ा, निफ्टी 80 अंक मजबूत

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच धातु, रियल्टी एवं ऊर्जा शेयरों में जोरदार लिवाली से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में अच्छी बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 212.88 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59,756.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 415.98 अंक यानी 0.69 प्रतिशत तक उछल गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने भी 80.60 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की और यह 17,736.95



अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में बुधवार को दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर कारोबार बंद रहा था। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, मासिक वायदा एवं विकल्प के निपटान के दिन बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। लेकिन धातु, रियल्टी और तेल एवं गैस कंपनियों में तेज खरीदारी होने से घरेलू बाजारों ने बढ़त का सिलसिला

## ● धातु, रियल्टी एवं ऊर्जा शेयरों में जोरदार लिवाली

कायम रखा। भारत की वृद्धि संभावनाओं को लेकर निवेशकों के सकारात्मक बने रहने से बाजार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद बढ़त दर्शा रहा है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील ने सर्वाधिक 3.02 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। इसके अलावा पावर ग्रिड, सन फार्मा, भारती एयरटेल, टाइटन, एक्सिस बैंक, डॉ रेड्डीज लैब और एनटीपीसी भी लाभ कमाने में सफल रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और नेस्ले के शेयर नुकसान में रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि रियल्टी, धातु, तेल एवं गैस और ऊर्जा क्षेत्रों के सूचकांकों में अधिक तेजी देखी गई जबकि आईटी सूचकांक सर्वाधिक नुकसान में रहा। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.44 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, अक्टूबर महीने के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के अंतिम दिन निफ्टी एक दायरे में कारोबार करता रहा और अंत में ऊपरी स्तर के करीब जाकर बंद हुआ।

## सितंबर तिमाही में 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी अमेरिकी अर्थव्यवस्था

**वाशिंगटन।** अमेरिका की अर्थव्यवस्था वर्ष 2022 की पहली दो तिमाहियों में सिकुड़ने के बाद बीती तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 2.6 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ी है। वाणिज्य विभाग के बृहस्पतिवार को जारी अनुमान के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पहली छमाही में गिरावट के बाद तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था बढ़ी है।

## ब्याज दरों में बढ़ोतरी, वैश्विक चुनौतियों के कारण रियल्टी क्षेत्र की धारणा प्रभावित : रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**रियल एस्टेट** कंपनियां, निवेशक और वित्तीय संस्थान अगले छह महीनों में रियल्टी क्षेत्र में वृद्धि को लेकर आशान्वित हैं। हालांकि, ब्याज दरों में वृद्धि और वैश्विक मंदी की आशंकाओं के कारण धारणा में नरमी आई है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल्टी कंपनियों के निकाय नारेडको ने बृहस्पतिवार को 2022 की तीसरी तिमाही के लिए रियल एस्टेट धारणा सूचकांक रिपोर्ट जारी की। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के कारण वर्तमान धारणा स्कोर अप्रैल-जून, 2022 के 62 से जुलाई-सितंबर, 2022 में मामूली रूप से घटकर 61 हो गया है। धारणा सूचकांक कंपनियों, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के सर्वेक्षण पर आधारित है।

# दूरसंचार विधेयक के मसौदे पर ट्राई की आपत्तियां हो चुकी हैं दूर: सूत्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**दूरसंचार** विभाग ने दूरसंचार विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों को लेकर नियामक ट्राई की आपत्तियों पर गौर किया गया है और नियामक को सशक्त बनाने से संबंधित प्रावधानों पर सरकार बाद में विचार कर सकती है। दूरसंचार विभाग से जुड़े सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। दरअसल, विधेयक के प्रारूप के कुछ प्रावधानों से भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को अपने अधिकारों में कमी आने की आशंका सता रही है। उसने इस बारे में सरकार से अपनी आपत्तियां भी जताई थीं। इस बारे में पूछे जाने पर सूत्रों ने कहा कि इन आशंकाओं के बारे में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई है और सभी बकाया मुद्दों का समाधान निकाला जा चुका है। सूत्रों ने कहा कि ट्राई और दूरसंचार विभाग के बीच इस मसले पर अब कोई मतभेद नहीं रह गया है। दूरसंचार विभाग की सोच यह है कि अमेरिकी संघीय संचार आयोग या ब्रिटिश संचार नियामक ऑफकॉम की तर्ज पर ट्राई को भी सशक्त बनाने के लिए जरूरी प्रावधान तीन-चार साल बाद अलग से किए जा सकते हैं। फिलहाल सभी विवादास्पद प्रावधानों को विधेयक के मसौदे से हटाने के बारे में विचार किया जा रहा है। सरकार ने पिछले महीने इस विधेयक के मसौदे को हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक किया था। इसमें दूरसंचार एवं इंटरनेट सेवाप्रदाताओं का शुल्क एवं जुर्माना हटाने का प्रावधान रखा गया है।

### इंटरनेट पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा उपग्रह संचार: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को कहा कि उपग्रह संचार देश मे गुणवत्ता इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप मे उभर रहा है। उन्होने इंडिया स्पेस कांग्रेस 2022 मे कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य मे भारत के बढ़ते दबदबे के लिए उपग्रह संचार महत्वपूर्ण प्रासंगिकता रखता है। चंद्रशेखर ने कहा,हमारा लक्ष्य वर्ष 2025-26 तक 1.2 अरब भारतीयो को अपने उपकरण के जरिए सीधे इंटरनेट से जुड़ने की क्षमता प्रदान करना है। उपग्रह संचार और अंतरिक्ष खंड की भूमिका इसका एक अंतर्निहित हिस्सा है।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वीसीएच कार्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, नेहा चौहान, विनीत चौहान, कार्यालय सं. 511, विश्व सदन जिला केन्द्र, जनकपुरी, दिल्ली खाता नंबर – 008705500503 नई दिल्ली-110058 | फ्लैट नंबर 803, 8वां तल, ब्लॉक बी-2, सनी वैली सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 27, सेक्टर-12, द्वारका वेस्ट दिल्ली | 02-08-2022 रू. 6,38,054/- | 28-03-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 28 अक्टूबर, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज कुमार ग्रोवर, अंजलि, फ्लैट नंबर 606, बिल्डिंग नंबर सी 3, पीडब्ल्यूओ कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-43, निकट हुडा मेट्रो स्टेशन, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBZMO00002009140 | फ्लैट नंबर जी-11, 7वां तल, पाम हाइट्स गैलेक्सी डेवलपर्स, सेक्टर-125, न्यू सनी एन्क्लेव, एयर फोर्स नेवल हाउसिंग सोसायटी, मोहाली, पंजाब | 26-08-2022 रू. 39,28,959/- | 08-02-2022 |
| 2. | मनोज कुमार ग्रोवर, अंजलि, फ्लैट नंबर 606, बिल्डिंग नंबर सी 3, पीडब्ल्यूओ कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-43, निकट हुडा मेट्रो स्टेशन, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBZMO00002009640 | फ्लैट नंबर जी-12, 7वां तल, पाम हाइट्स गैलेक्सी डेवलपर्स, सेक्टर-125, न्यू सनी एन्क्लेव, एयर फोर्स नेवल हाउसिंग सोसायटी, मोहाली, पंजाब | 26-08-2022 रू. 39,28,911/- | 08-02-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 28 अक्टूबर, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गुरूग्राम — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# जमीनी विवाद में पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**हरदोई।** हरदोई जिले के शहर कोतवाली इलाके में जमीन के विवाद को लेकर पिता-पुत्र की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। परिवार के अन्य तीन सदस्यों को भी लाठी-डंडों से पीट-पीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को बताया कि शहर कोतवाली इलाके के भदैचा गांव में दो पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद था। बुधवार को उनमें से एक बाबू सिंह के घर के बाहर कुछ लोग बैठे थे तभी दूसरे पक्ष के गुड्डू सिंह के परिवार का एक सदस्य वहां से निकला जिससे बाबू सिंह पक्ष के लोगों की कुछ कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद गुड्डू सिंह घर से अपनी रायफल ले आया और करीब पांच गोलियां चलाईं। बाबू सिंह (60) और उसके बेटे लकी सिंह (23) की सिर में गोली लगने से मौत हो गई। द्विवेदी ने बताया कि गुड्डू सिंह और उनके परिवार के लोगों ने बाबू सिंह के परिवार के अन्य तीन लोगों को लाठी डंडों से पीटा। उन्हें हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर उसकी रायफल बरामद कर ली गई है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

## जमीन के टुकड़े की खातिर पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला, मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में बृहस्पतिवार को जमीन के एक टुकड़े के लिए एक व्यक्ति ने अपने बुजुर्ग पिता की कुल्हाड़ी से काटकर कथित रूप से हत्या कर दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने बताया कि जलालाबाद थाना क्षेत्र के धियरपुरा गांव में शरीफ (80) आज सुबह अपने खेत में बने ट्यूबवेल परिसर में बैठे थे तभी उनके बेटे बशीर ने उन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाजपेई ने बताया कि छह महीने पहले शरीफ के एक बेटे की मौत हो गई थी, जिसके बाद उसने अपनी एक बीघा जमीन छोटे बेटे की पत्नी के नाम कर दी थी। इसे लेकर बशीर काफी नाराज था और इसी वजह से उसने पिता की हत्या की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्यारोपी की तलाश की जा रही है।

**शादी समारोह में रसगुल्ले को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत:** आगरा। शहर के एत्मादपुर थाना क्षेत्र के एक कस्बे में शादी समारोह के दौरान रसगुल्ले को लेकर हुए झगड़े में हुई चाकूबाजी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर रात आगरा में एत्मादपुर कस्बे के विनायक भवन में खंदौली के व्यापारी वकार के बेटों जावेद और राशिद का निकाह हो रहा था। उन्होंने बताया कि निकाह से पहले ही रात के खाने के दौरान मेहमानों में रसगुल्ले को लेकर कुछ विवाद हो गया और धीरे-धीरे बात इतनी बिगड़ गई की किसी ने चाकू निकाल लिया और उससे लोगों पर वार करने लगा। पुलिस ने बताया कि इस घटना में बरात में आए सनी (20) पुत्र खलील की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि शाहरुख घायल हो गया। आगरा के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यजीत गुप्ता ने बताया की रसगुल्ले को लेकर हुए विवाद और चाकूबाजी में दो लोग घायल हुए थे, जिनमें से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आगे की कार्वाई की जा रही है और इसमें फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली जा रही है।



आगरा में बृहस्पतिवार को भाई दूज के अवसर पर ताजमहल का दीदार करने उमड़ी भीड़

## ज्ञानवापी परिसर से मिले शिवलिंग की पूजा के आग्रह वाली याचिका पर फैसला आठ नवम्बर को

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर से मिले कथित शिवलिंग की पूजा-अर्चना करने और उस स्थान पर मुसलमानों का प्रवेश निषिद्ध करने का आदेश देने का अनुरोध करने वाली याचिका की पोषणीयता (सुनवाई की जाए या नहीं) पर फास्ट ट्रैक अदालत में बृहस्पतिवार को सुनवाई पूरी हो गई। अदालत इस संबंध में अपना फैसला आठ नवम्बर को सुनाएगी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में याचिका की पोषणीयता को लेकर हिन्दू और मुस्लिम पक्ष ने अपनीअपनी बहस पूरी कर ली थी और आज इस मामले में आदेश आना था। उन्होंने बताया, मगर किन्हीं कारणों से अदालत ने इस मामले पर आठ नवम्बर तक के लिए आदेश को सुरक्षित रख लिया है। गौरतलब है कि वादी किरण सिंह ने 24 मई को जिला अदालत में यह वाद दाखिल किया था। याचिका में मुसलमानों का ज्ञानवापी परिसर में प्रवेश निषिद्ध करने, परिसर को हिंदुओं को सौपने के साथ ही परिसर में मिले कथित शिवलिंग की नियमित पूजाअर्चना करने का अधिकार देने का अनुरोध किया गया है। इस वाद में वाराणसी के जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त, अंजुमन इंतेजामिया कमेटी के साथ ही विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है। बाद में 25 मई को जिला जज ए. के. विश्वेश ने याचिका को फास्ट ट्रैक अदालत में स्थानांतरित कर दिया था, जहां इसकी पोषणीयता पर सुनवाई हुई।

## महिला मरीज के साथ बलात्कार में डॉक्टर गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस ने महिला मरीज के साथ इलाज के दौरान बलात्कार करने के आरोप में एक निजी क्लीनिक के डॉक्टर को गिरफ्तार कर क्लीनिक को सील कर दिया है। महिला के पति से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने बताया कि खरगूपुर थाना क्षेत्र की एक निजी क्लीनिक के डॉक्टर अजमल के यहां पीड़ित महिला दो दिन पहले इलाज कराने गई थी। तहरीर के मुताबिक, इंजेक्शन लगाने के लिए आरोपी चिकित्सक महिला को क्लीनिक के अंदर ले गया और इंजेक्शन लगाने के बाद उसके बलात्कार किया। तहरीर के अनुसार, आरोपी ने महिला को घटना के बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। हालांकि, इसबीच किसी ने घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया जो वायरल हो गया। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि प्रकरण में बृहस्पतिवार को चिकित्सक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) सहित अन्य में मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। वहीं, घटना के बाद पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया है।

## कल से रामलला के दर्शन-पूजन की नई व्यवस्था होगी लागू

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन समय में वृद्धि करने का निवेदन शासन व प्रशासन ने स्वीकार कर लिया है। इसके तहत दर्शन पूजन में नई व्यवस्था निर्धारित की गई है जो 29 अक्टूबर से प्रभावी होगी। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय की ओर से दी गई है। अब प्रात:काल 6.30 बजे जागरण आरती में उपस्थित रहने के लिए अधिकतम 30 भक्तों को प्रवेश पत्र दिए जाएंगे। यह प्रवेश पत्र मोहल्ला रामकोट स्थित राम कचहरी मंदिर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कैंप कार्यालय से जारी होंगे। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा जांच व अन्य सभी व्यवस्थाएं सदैव के अनुसार ही रहेंगी। अन्य सभी भक्त सदैव के समान प्रात: काल 7 बजे से दर्शन के लिए प्रवेश कर सकेंगे। यह प्रवेश अब 11. 30 बजे दोपहर तक रहेगा, भोग आरती में 30 भक्त अधिकतम प्रवेश पत्र लेकर उपस्थित रह सकेंगे। भोग आरती दोपहर 12 बजे होगी ।भगवान की विश्राम अवधि दिन में 12. 30 से दोपहर पश्चात 14 बजे तक रहेगी । समय 14 बजे से दर्शन के लिए सर्व सामान्य भक्त सदेव के समान प्रवेश कर सकेंगे। यह प्रवेश अब सायंकाल 7 बजे तक होगा। इसीक्रम में भोग आरती में सायंकाल को अधिकतम 60 व्यक्ति प्रवेशपत्र के साथ उपस्थित रह सकेंगे। भोग आरती रात्रि 7. 30 बजे होगी। यह व्यवस्था आगामी 29 अक्टूबर ज्ञान पंचमी से प्रारंभ होगी।

## किश्त पर वाशिंग मशीन नहीं मिलने से नाराज महिला, उसके साथियों ने शोरूम कर्मियों को पीटा

**बहराइच।** किश्त पर वाशिंग मशीन खरीदने पहुंची महिला को शोरूम के कर्मचारियों ने ऋण देने से मना कर दिया जिससे नाराज होकर महिला और उसके दो पुरुष साथियों ने कर्मचारियों की पिटाई कर दी। पुलिस ने इस संबंध में महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कचहरी रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मालिक ने कोतवाली नगर थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि 22 अक्टूबर को एक महिला सहित तीन लोग उनकी दुकान से किश्त पर वाशिंग मशीन लेने आए और ऋण लेने के लिए अपने दस्तावेज जमा किए। तहरीर के अनुसार, हालांकि बाद में दस्तावेजों के फर्जी होने के संदेश पर शोरूम ने महिला को किश्त पर वाशिंग मशीन नहीं बेचने का फैसला लिया। उसमें कहा गया है, महिला अपने दोनों साथियों के साथ बुधवार को वाशिंग मशीन लेने दुकान पर पहुंची और कर्मचारियों द्वारा इसके लिए मना करने पर नाराज हो गई। महिला और उसके दोनों साथियों ने गुस्से में शोरूम के कर्मचारियों से मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया।

# नहर की पटरी पर अवैध निर्माण ढहाने की तैयारी

### बीडीए ने भेजा कब्जाधारकों को नोटिस, टीम ने पहुंचकर अतिक्रमण किया चिन्हित

**बांदा।** 5 किलोमीटर लंबी नहर की पटरी पर करीब डेढ़ सौ मकान बना कर कब्जा कर लिया गया है। इसको लेकर अब विकास प्राधिकरण की नजरें टेढ़ी हो गई हैं। इसी के तहत नगर मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा के निर्देश पर बीडीए ने कब्जाधारकों को नोटिस भेजा है। नोटिस को लेकर अब हड़कंप मच गया है।

बांदा विकास प्राधिकरण के एरिया में केन नहर प्रखंड जी नगर से निकली नहर में लगभग डेढ़ सौ लोगों ने मकान खड़े कर लिए हैं विभाग की बार.बार की चेतावनी और नोटिस के बावजूद अवैध कब्जे छोड़ने को तैयार नहीं हैं बुधवार को अवर अभियंता सहायक अभियंता की टीम पहुंची और सभी को नोटिस थमा दी है और कहा है कि 1 सप्ताह के अंदर सोते अतिक्रमण हटाने पर विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चलेगा और सभी बिल्डिंग दोस्त कर दी जाएंगी जमींदोज कर दी जाएंगी। बताते हैं कि यहां कई पार्टियों के नेताओं की कोठियां हैं। एसे में सवाल उठता है कि क्या कबज हटाने की कार्रवाई उतनी आसान होगी। केन नहर विभाग की दशकों पुरानी 22 किलोमीटर लंबी माइनर शहर से होकर गुजरी है पूर्व में यह ग्रामीण इलाका रहा था और इससे खेतों की सिंचाई होती रही है द्य यह पालहरी माइनर सेसे जुड़ी है करीब चार दशक से तेजी से हुए शहरीकरण मैं नहर के बीचो.बीच हो गई इसके दोनों तरफ इंदिरा नगर बिजली खेड़ा सहित कई मोहल्ले आबाद हो गए करीब 15 फीट कहीं.कहीं तो नहर को पूरी तरह पाठ दिया गया है चौड़ी नहर अतिक्रमण के चलते सिकुड़ कर 5 फीट बची है। कहीं.कहीं तो नहर की पूरी तरह पाट लिया गया है जबकि के नहर प्रखंड के अभिलेखों में नहर का कमांड क्षेत्र पूरा आज भी दर्ज है नहर की पटरी ओ तक पाटकर लोगों ने दो मंजिला मंजिला मकान खड़े कर लिए हैं इसको लेकर नहर विभाग के कई वर्षों से नोटिस और चेतावनी का सिलसिला चल रहा है लेकिन अतिक्रमण हटाना तो दूर हूं माफिया 1 इंच भी पीछे नहीं हटे अधिशासी अभियंता अजय कौशिक के निर्देशों पर बुधवार को विभाग की टीम पहुंची और अतिक्रमण चिह्नित किया साथ ही करीब डेढ़ सौ लोगों को चेतावनी नोटिस भी दी टीम में शामिल सहायक अभियंता और अवर अभियंता ने अतिक्रमण कार यों को चेतावनी दी है कि यदि सप्ताह भर के अंदर खुद मकानध्वस्त नहीं करवाया तो विभाग बुलडोजर लेकर आएगा और अतिक्रमण हटाने में जो भी खर्च आएगा वह गृह स्वामी को भुगतना पड़ेगा।



## आग से गृहस्थी जलकर राख

**गोंडा।** बुधवार की रात अज्ञात कारणों से आग लगने से एक घर में में रखा एक लाख रुपए नकद सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। करनैलगंज तहसील के ग्राम कुम्हरौरा में अरविन्द कुमार गोस्वामी अपने परिजनों के साथ घर के बाहर सो रहे थे। रात्रि लगभग ग्यारह बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने घर से धुंआ निकलता देखा। इस पर जब वह घर के अंदर गया तो आग लगी देखकर उसके होश उड़ गये। उसके शोर करने पर दौड़े आसपास के लोगों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। तब तक लगभग एक लाख रुपये नकद सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। अग्निकांड की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गयी है। एसडीएम हीरालाल ने बताया कि सूचना के आधार पर लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है।

## अन्नकूट छप्पन भोग भंडारे का आयोजन

**करनैलगंज।** गोवर्धन पूजा अन्नकूट के मौके पर नगर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट छप्पन भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जो मध्य रात्रि तक चलता रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में छप्पन भोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। ठाकुर श्रीराम जानकी मंदिर बालकराम पुरवा में मंदिर के प्रशासक उप जिलाधिकारी हीरालाल ने भंडारे का शुभारंभ किया। उन्होंने ब्राह्मण और कन्या भोज के साथ.साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करके प्रसाद वितरण शुरू कराया। जो देर रात तक चलता रहा। यह भंडारा मंदिर निगरानी कमेटी एवं श्रद्धालुओं की तरफ से किया गया। वहीं श्री राधा कृष्ण मंदिर गाड़ी बाजार छप्पन भोग भंडारे का आयोजन हुआ। इस मंदिर के पुजारी इकलौते स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामअचल आचार्य है। मंदिर के संरक्षक सेठ शिव कुमार पुरवार द्वारा इस भंडारे का आयोजन किया गया। उधर श्रीराम जानकी मंदिर हलवाई समाजए मां गायत्री शक्तिपीठ सकरौराए हनुमानगढ़ी मंदिर गाड़ी बाजार में भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसके अलावा राधा कृष्ण मंदिर गुड़ाही बाजार एवं अन्य मंदिरों में छप्पन भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के संभ्रांत लोगों के साथ साथ एसडीएम हीरालालए कोतवाल सुधीर कुमार सिंह सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा मध्यरात्रि तक चलता रहा और मंदिरों में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ बनी रही।

## प्रयागराज में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**प्रयागराज।** जिले के गंगापार हंडिया थाना क्षेत्र में हाईवे पर बृहस्पतिवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक किशोरी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में चार लोग घायल भी हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर पहले आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक किशोरी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि टवेरा गाड़ी में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे और ए लोग सोरांव थाना क्षेत्र के शिवगढ़ से विंध्याचल की तरफ जा रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया पता चल रहा है कि ड्राइवर को नींद आने के चलते गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराई और पलट गई। पांडेय ने बताया कि इस घटना में छह लोगों की मृत्यु हुई है। चार लोगों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (हंडिया) सुधीर कुमार ने बताया कि सोरांव से टवेरा गाड़ी में सवार होकर ए लोग बच्चे मुंडन कराने विंध्याचल जा रहे थे, उसी दौरान सुबह करीब पौने छह बजे कार बिजली से खंभे से टकराकर पलट गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में रेखा देवी (45), कृष्णा देवी (70), सविता (36), रेखा (32) और ओजस (डेढ़ साल) की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि नियाशा (12) की मृत्यु अस्पताल पहुंचने पर हुई। हंडिया में हुई इस दुर्घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस के उच्चाधिकारियों को शीघ्र घटनास्थल पर पहुंचने और घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## जहरीली चाय पीने से परिवार के चार सदस्यों सहित पांच लोगों की जान गई

**मैनपुरी।** जहरीली चाय पीने से बृहस्पतिवार को दो बच्चों समेत परिवार के चार सदस्यों और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने बताया कि मैनपुरी जिले में औंछा थाना क्षेत्र के नगला कन्हई गांव निवासी शिवनंदन के घर में बनी चाय पीने के बाद शिवनंदन (35), उसके बेटों शिवांग (छह) और दिव्यांश (पांच), ससुर रवींद्र सिंह (55) और पड़ोसी सोबरन (42) की हालत बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि पांचों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने रवींद्र, शिवांग और दिव्यांश को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सोबरन और शिवनंदन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सैफई रेफर किया गया था, जहां उन दोनों की भी मृत्यु हो गई। दीक्षित ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शिवनंदन की पत्नी राममूर्ति ने धान में छिड़की जाने वाली खरपतवार नाशक दवा को अनजाने में चाय की पत्ती समझकर उसका उपयोग कर लिया जिससे चाय जहरीली हो गई और यह हादसा हुआ।

**27 पर शान्तिभंग की कार्रवाई:** फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगो के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी दो, राधानगर थाना प्रभारी चार, मलवां एक, सुल्तानपुर घोष दो, कल्यानपुर तीन, बकेवर चार, गाजीपुर तीन, थरियाव पांच तथा हथगाव थानाध्यक्ष ने तीन लोगो के विरूद्ध शान्तिभंग के तहत कार्रवाई की है।

## किशोरी को अगवा कर बलात्कार करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**महराजगंज।** महराजगंज जिले के परसामलिक थाना क्षेत्र में एक युवक को 15 साल की एक लड़की को अगवा कर उसके साथ कथि तौर पर बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि परसामलिक थाना क्षेत्र में सरवन प्रजापति नाम के 19 वर्षीय युवक ने पिछले सोमवार को पड़ोस के गांव में रहने वाली एक लड़की को अगवा कर उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया था। सूत्रों के मुताबिक, लड़की के पिता की शिकायत पर प्रजापति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि लड़की को चिकित्सीय जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा खुली



**वाराणसी।** वाराणसी मैं दीपावली के अवसर पर उज्जीवन स्मॉल फइनेंस बैंक की महमूरगंज शाखाए वाराणसीए यूपी में दीप प्रज्ज्वलित करते हुएए श्रीमती पूनम मौर्य ;जिला पंचायत अध्यक्षए वाराणसीद्ध श्री हंसराज विश्वकर्मा ;जिला अध्यक्षए वाराणसीद्ध श्री संदीप पाठक ;शाखा प्रबंधकए महमूरगंजए उज्जीवन स्मॉल फइनेंस बैंक वाराणसीद्ध एवं डॉण् राकेश सिंह मौजूद थे।

### बलात्कार की कोशिश व आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट पर डालने का मामला

## चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**कौशांबी।** जिला पुलिस ने नौकरी दिलाने के बहाने एक युवती को स्कूल बुलाकर, उसे नशीला पेय पिलाने, उसके साथ बलात्कार का प्रयास करने, उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे इंटरनेट पर डालने को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की है।अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि सैनी थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 20 दिन पहले कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज निवासी इब्राहिम ने अपनी भतीजी परवीन के जरिए स्कूल में नौकरी देने का झांसा देकर उसे बुलाया और मूरतगंज पहुंचने पर उसे नशीला पेय पिला दिया। तहरीर के अनुसार, युवती की तबियत बिगड़ने पर इब्राहिम ने उसे कार से घर छोड.ने की बात कही लेकिन रास्ते में कुछ और लोग गाड़ी में आकर बैठ गए। अधिकारी ने बताया कि तहरीर के अनुसार, कोखराज क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्यादो पर कार सवार लोगों ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाया और उसके साथ सामूहिक बलात्कार का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह भागने में सफल रही। सिंह ने बताया कि इब्राहिम ने युवती को उसका आपत्तिजनक इंटरनेट पर डालने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने का प्रयास किया, लेकिन पीड़िता के नहीं झुकने पर वीडियो इंटरनेट पर अपलोड कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर इब्राहिम, उसकी भतीजी परवीन रेशमा तथा छेद्दू सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और उसमें सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

**संभल में सोशल मीडिया पर धार्मिक द्वेष फैलाने वाला वीडियो वायरलअ मामला दर्ज:** संभल। जिले की रजपुरा थाना पुलिस ने हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इस संबंध में मामला दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में धार्मिक द्वेष फैलाने वाली बातें कही गई हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रजपुरा थाने में भीकमपुर निवासी हर प्रसाद के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्वाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आरोपी व्यक्ति हिन्दू त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु और महेश (शिव) के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है।

**टैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल :** फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर के समीप अंतिम संस्कार से वापस लौट रहे बाइक सवारो को टैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनो घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाने के करसवा गांव निवासी स्व0 सुन्दर सिंह का 42 वर्षीय पुत्र अजय गांव के ही संदीप के साथ मोटर साइकिल से अंतिम संस्कार में गया था।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाने के ऐरायां मसायक गांव में युवक की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले में जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस उपाधीक्षक खागा संजय कुमार सिंह ने बताया कि सुल्तानपुर घोष थाने के ऐरायां मसायक गांव के युवक मृतक राजकुमार मौत हो गई। वह शराब का लती था। मृतक की बहनों गुड़िया देवी और सुनीता की माने तो उसी गांव के कुछ युवकों के साथ उसका विवाद हुआ था। उन्हीं युवकों पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस की माने तो युवक शराब पीने का लती था और सुबह से शराब पीकर नशे में घूम रहा था। दोपहर को युवक नशे में चिल्ला रहा था कि उसने जहर खा लिया है। इसके बाद युवक को उसके घर वाले उठाकर ले गए। सीओ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पता चल पाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई है।

## सुनक के चयन पर वैश्य महासभा करेगी मिष्ठान वितरण

**लखनऊ।** वैश्य महासभा उत्तर प्रदेश की एक आवश्यक बैठक बृस्पतिवार को महासभा की अध्यक्ष श्रीमती डॉ वीना बंसल की अध्यक्षता में महासभा के कार्यालय 3/61 विकास नगर में हुई जिसमे प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक श्री के के बंसल, आईपीएस सेवानिवृत्त डीजीपी , इंजीनियर गोपाल प्रसाद जैसवाल, महामंत्री राज कुमार गुप्त , कोष्याध्यक्षा श्री हरी गोपाल वाष्णेय , डॉ शशि प्रभा एवं श्रीमंती किरण जैन आदि उपस्थित रहे । इस बैठक में सभी ने ब्रिटैन में हुए नेतृत्व परिवर्तन का स्वागत किया एवं भारतवंशी हिन्दू श्री ऋषि सुनक के प्रधान मंत्री चुने जाने पर हर्ष व्यक्त किया । सभी ने विश्वास व्यक्त किया की श्री सुनक के नेतृत्व में भारत व इंग्लैंड के आपसी सम्बन्ध और प्रगाढ़ होंगे । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की श्री सुनक की इस जीत के उपलक्ष्य में तथा उनके दिनांक 28.10.2022 को शपथ ग्रहण करने के उपलक्ष्य में दिनांक 29.10.2022 शनिवार को अपरान्ह 4 बजे से महासभा के कार्यालय 3/61 विकास नगर के सामने मिष्ठान एवं चाय वितरण किया जायेगा।

# शीर्षक्रम ने भारत को दिलाई लगातार दूसरी जीत

● टी-20 विश्वकप : नीदरलैंड को 56 रन से पराजित किया

● सूर्यकुमार ,विराट व रोहित का अर्धशतक

भाषा। सिडनी



**ताबड़तोड़** क्रिकेट के धुरंधर सूर्यकुमार यादव के 25 गेंद में नाबाद 51 रन, विराट कोहली और रोहित शर्मा के अर्धशतकों के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को नीदरलैंड को 56 रन से हराकर टी20 विश्व कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।
पिछले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर चमत्कारिक जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम इस बेमेल मुकाबले में नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी। कप्तान रोहित ने 39 गेंद में 53 रन बनाकर भारतीय पारी की दिशा तय की जबकि पाकिस्तान के खिलाफ असंभव लग रही जीत दिलाने वाले कोहली ने 44 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। कोहली ने दूसरे विकेट के लिए रोहित के साथ 73 और तीसरे विकेट की अटूट साझेदारी में सूर्य के साथ 95 रन जोड़े। के एल राहुल लगातार दूसरी बार नाकाम रहे और 12 गेंद में नौ रन ही बना सके। राहुल बदकिस्मत रहे क्योंकि दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज पॉल वान मीकेरेन की गेंद उनके पैड को लगी और लग रहा था कि लेग स्टम्प के बाहर है लेकिन कप्तान रोहित ने उन्हें रिव्यू लेने से मना किया। नीदरलैंड के गेंदबाजों ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया और भारतीय टीम एक विकेट पर 32 रन ही बना सकी। दस ओवर के बाद भारत का स्कोर एक विकेट पर 67 रन था जिसके बाद सूर्य ने आकर डच गेंदबाजों को आतंकित कर दिया और विश्व कप में पहला अर्धशतक बनाया। अगले दस ओवर में भारत ने 112 रन बनाए। सूर्य ने एक्स्ट्रा कवर और डीप फाइन लेग में कुछ शानदार शॉट्स खेले। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाकर दिखा दिया कि इस प्रारूप में वह भारत के नंबर एक बल्लेबाज क्यो हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने के बाद रोहित शुरू में जूझते नजर आए। किस्मत ने उनका साथ दिया जब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फ्रेड क्लासेन की गेंद पर टिम प्रिंगल ने उनका आसान कैच छोड़ा। इसके बाद रोहित ने लय में आना शुरू किया और 35 गेंद में अपना अर्धशतक चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से पूरा किया। रोहित को आक्रामक खेलते देख कोहली ने सहायक की भूमिका निभाई और इक्के दुक्के रन लेते रहे। रोहित के आउट होने के बाद कोहली ने जिम्मा संभाला और 37 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। सूर्य के आने के बाद दोनों ने विस्फोटक बल्लेबाजी का जबर्दस्त नमूना पेश किया। डच टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरू ही से दबाव में दिखी और तीसरे ही ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने उसे पहला झटका देकर विक्रमजीत सिंह को आउट किया। इसके बाद अक्षर पटेल ने दोहरे झटके देकर मैक्स ओ डाउड (16) को बोल्ड किया और बास डि लीड (16) को हार्दिक पंड्या के हाथों लपकवाया। स्पिन गेंदबाजों के दबदबे के बीच रविचंद्रन अश्विन ने नीदरलैंड के निचले मध्यक्रम को दबाव में ला दिया। उन्होंने कोलिन एकेरमैन (17) और टॉम कूपर (17) के विकेट लिए। एकेरमैन का कैच अक्षर ने और कूपर का कैच स्थानापन्न खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने लपका। भुवनेश्वर ने अपने दूसरे स्पैल में स्कॉट एडवडर्स (5) को रवाना किया जबकि टिम प्रिंगल का शानदार कैच कोहली ने शमी की गेंद पर दौड़ते हुए लपका। प्रिंगल ने डच टीम के लिए सर्वाधिक 20 रन बनाए। अर्शदीप ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर लगातार दो विकेट लिए।

### नेट में अगर आउट हो जाता हूं तो फिर बल्लेबाजी नहीं करता : सूर्यकुमार

**सिडनी।** सूर्यकुमार यादव ने कहा कि अभ्यास के दौरान मैच की परिस्थितियां पैदा करके बल्लेबाजी करने से वह दबाव झेलने में महारत हासिल कर चुके है और पिछले एक साल से उन्हे इससे शानदार नतीजे भी मिल रहे है। पिछले कुछ समय से वह बेहतरीन फॉर्म में है जब उनसे इस निरंतरता के संबंध मे की गई तैयारी के बारे मे पूछा गया तो उन्होने कहा, मै जब अभ्यास सत्र मे जाता हू तो कुछेक मे कोशिश करता हू कि मैच की परिस्थितियो के हिसाब से खुद पर काफी दबाव बनाऊंजैसे कि मैच मे ही खेल रहा हूं। इसलिए उदाहरण के तौर अगर मै कुछ गेंदो को निशाना बनाता हू और जैसे कि मुझे कुछ संख्या मे रन बनाने है और अगर मै आउट हो जाता हू तो मै बाहर आ जाता हू। उस दिन मै फिर से बल्लेबाजी नही करता। इस तरह से अभ्यास के दौरान मैच के हालात पैदा करने से उन्हे मैच की तैयारी करने मे मदद मिलती है। जब मै मैच खेलने उतरता हू तो यही चीज करता हू और मेरी योजना बहुत स्पष्ट होती है। मुझे कौन से शॉट खेलने है, मै क्रीज पर जाता हू और खेलता हू। मै कुछ भी अलग नही करता। इससे मुझे काफी मदद मिल रही है और उम्मीद है कि आगामी मैचो में भी यही चीज करने की कोशिश करूंगा।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** राहुल पगबाधा बो वान मीकेरेन 9,रोहित का एकेरमैन बो क्लासेन 53, कोहली नाबाद 62, सूर्यकुमार नाबाद 51, **अतिरिक्त** : चार रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे दो विकेट पर 179 रन, विकेट पतन :1-11, 2-84, **गेंदबाजी** : क्लासेन 4-0-33-1 प्रिंगल 4-0-30-0, मीकेरेन 4-0-32-1, डि लीड 3-0-33-0, बीक 4-0- 45- 0, अहमद 1-0- 5-0

**नीदरलैंड पारी** : विक्रमजीतबो भुवनेश्वर 1,ओडाउड बो पटेल 16,लीड का पंड्या बो पटेल 16, एकेरमैन का पटेल बो अश्विन 17,कूपर का हुड्डा बो अश्विन 9, एडवडर्स का हुड्डा बो भुवनेश्वर 5,प्रिंगल का कोहली बो शमी 20, बीक का कार्तिक बो अर्शदीप 3,अहमद नाबाद 16, क्लासेन पगबाधा बो अर्शदीप 0, वान मीकेरेन नाबाद 14, **अतिरिक्त** : छह रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 123 रन, **विकेट पतन** :1-11, 2-20, 3-47, 4-62, 5-63, 6-87, 7-89, 8-101, 9-101, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 3- 2- 9- 2, अर्शदीप 4- 0- 37- 2, शमी 4-0- 27-1, अक्षर 4- 0- 18- 2, पंड्या 1- 0- 9- 0, अश्विन 4- 0- 21- 2

# अपनी पारी से खुश नही भारतीय कप्तान रोहित

भाषा। सिडनी



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा टीम की नीदरलैंड पर गुरूवार को यहां टी20 विश्व कप में मिली जीत से काफी प्रसन्न हैं लेकिन वह खुद की 53 रन की पारी से इतने खुश नहीं हैं। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल का विकेट गंवाने के बाद भारत ने पावरप्ले में 32 रन बनाए जिसके बाद रोहित और कोहली ने मिलकर 56 गेंद में 73 रन की साझेदारी की। रोहित को पांचवें ओवर में जीवनदान मिला था जब टिम प्रिंगल ने उनका कैच छोड़ दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा, अपने अर्धशतक से ज्यादा खुश नहीं हूं। रोहित ने मैच के बाद कहा, सबसे महत्वपूर्ण रन जुटाना है, यह मायने नहीं रखता कि ए कैसे मिले। अंत में यह आत्मविश्वास बरकरार रखने की बात है। वर्ष 2022 में यह उनका तीसरा टी20 अर्धशतक है। उनके अलावा विराट कोहली (62 रन) और सूर्यकुमार यादव (51) ने टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। मुझे लगा कि यह शानदार जीत थी। उन्होंने सुपर 12 तक जिस तरीके से क्वालीफाई किया है, उसे देखते हुए श्रेय उन्हे जाता है। हम हालांकि देखते हैं कि हम खुद के प्रदर्शन के साथ क्या कर सकते हैं, हम प्रतिद्वंद्वी के बारे में परेशान नहीं होते। ईमानदारी से कहूं तो यह परफेक्ट जीत के करीब थी। हम शुरू में थोड़ा धीमा खेले लेकिन फिर मेरे और विराट के बीच बातचीत हुई, हमें पिच पर बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने स्वीकार किया कि कोहली और सूर्यकुमार के बीच साझेदारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। हम यहां जीतने के लिए और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आए थे। लेकिन इस तरह की टीमों के खिलाफ आपको अपना सर्वश्रेष्ठ करना होता है। जिस तरह से अंत में इन दोनों बल्लेबाजों ने खेल दिखाया, वे 180 रन के स्कोर तक ले गए। यह पेचीदा होना ही था। सूर्यकुमार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 25 गेंद में 51 रन की तेज तर्रार पारी खेली। उन्होंने कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने गया तो अच्छा खेलने की कोशिश कर रहा था। हालात बहुत ही सरल थे, मुझे थोड़ी तेजी बरतनी थी। हमें प्रत्एक ओवर आठ से 10 रन बनाने थे ताकि हम ऐसा स्कोर खड़ा कर सकें जिसका हमारे गेंदबाज आसानी से बचाव कर सकें।

### पारी से जीत दर्ज करने के करीब बांग्लादेश एकादश

**चेन्नई।** बांग्लादेश एकादश ने गुरूवार को यहां चार दिवसीय मैच मे फॉलोऑन देने के बाद तमिलनाडु क्रिकेट संघ एकादश का स्कोर तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी मे छह विकेट पर 133 रन कर शिकंजा कस दिया। बांग्लादेश ने पहली पारी के आधार पर 259 रन की बढ़त हासिल की थी। पहली पारी मे सात विकेट पर 82 रन के स्कोर से खेलने उतरी तमिलनाडु की टीम अपने स्कोर मे केवल 11 रन ही जोड़ सकी।

### प्रमोद भगत और सुकांत कदम की निगाहें स्वर्ण पर

**तोक्यो।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी प्रमोद भगत और सुकांत कदम की निगाहे एक से छह नवंबर तक यहां होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप मे स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है। पांच बार के विश्व चैम्पियन भगत एकल और युगल दोनों वर्गो के गत चैम्पियन है। उन्होंने 2019 मे दोनों खिताब जीते है। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कदम ने पिछले चरण मे कांस्य पदक जीता था और वह इस बार पदक का रंग बदलना चाहेंगे।

### वेड कोविड पॉजिटिव पर खेलने की संभावना

**मेलबर्न।** विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड इंग्लैड के खिलाफ टी20 विश्व कप के ऑस्ट्रेलिया के महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने वाले गत चैंपियन टीम के दूसरे खिलाड़ी बन गए। पंद्रह सदस्ईय टीम में शामिल एकमात्र विकेटकीपर 34 साल के वेड मे हल्के लक्षण नजर आ रहे है लेकिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) मे उनके इंग्लैड के खिलाफ खेलने की संभावना है।

### भारत की विश्व कप की तैयारियां शुरू

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम जब शुक्रवार को यहां कलिंग स्टेडियम में एफआईएच प्रो लीग के नए सत्र के शुरूआती मैच मे न्यूजीलैड से भिड़ेगी तो इसके साथ वह अपनी विश्व कप तैयारियां भी आरंभ करना चाहेगी। न्यूजीलैड के बाद भारतीय टीम का सामना अगले मैच मे रविवार को स्पेन से होगा। फिर वह रिटर्न मुकाबले मे चार नवंबर को न्यूजीलैड से और छह नवंबर को स्पेन से भिड़ेगी। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, प्रो लीग मे चार मैचो की तैयारियो के लिए पिछले दो हफ्ते काफी व्यस्त रहे और फिर हमे अगले महीने एडीलेड मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच भी खेलने है।

### आड़िशा एफसी ने बेंगलुरू एफसी को हराया, तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी ने गुरूवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल मैच मे बेगलुरू एफसी को 1-0 से पराजित किया। यह घरेलू सरजमी पर ओडिशा एफसी की लगातार दूसरी जीत है। इससे टीम आईएसएल तालिका मे नौ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है।

### नाती–पोतों को बताऊंगा संस्मरण: वान

**सिडनी।** नीदरलैंड के क्रिकेटर पॉल वान मीकेरेन ने कहा कि वह एक दिन अपने नाती-पोतो को बताना चाहेगे कि विश्व कप मैच मे विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसी काबिलियत के खिलाड़ियों को गेंदबाजी करके उन्हे कैसा महसूस हुआ था।

# पाकिस्तान बना उलटफेर का शिकार

● जिम्बाब्वे ने एक रन से हराया

भाषा। पर्थ



**जिम्बाब्वे ने** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए गुरूवार को यहां टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को एक रन से हराकर उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने 131 रन के लक्ष्य का अच्छा बचाव किया और पाकिस्तानी बल्लेबाजों के लगातार अंतराल पर विकेट झटककर विपक्षी टीम को आठ विकेट पर 129 रन ही बनाने दिए। पाकिस्तान में जन्में आल राउंडर सिकंदर रजा ने मध्य के ओवरों में मैच का रूख बदल दिया जिन्होंने अपने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट झटके जिसमें शान मसूद (44 रन), शादाब खान (17 रन) और हैदर अली का विकेट शामिल था। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस ने 25 रन देकर दो विकेट झटके जबकि ब्लेसिंग मुजारबानी (18 रन देकर एक विकेट) और ल्यूक जोंगवे (10 रन देकर एक विकेट) ने भी विकेट झटककर अपनी टीम को उलटफेर भरी जीत दिलाई। यह पाकिस्तान की दो मैचों में दूसरी हार है, उसे एक और रोमांचक मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे की दो मैचों में यह पहली जीत है। अफ्रीका की इस टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच में अंक बांटे थे। टूर्नामेंट में दूसरी बार पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान अच्छी शुरूआत दिलाने में नाकाम रहे। इवांस ने फुल लेंथ पर कप्तान बाबर को आउट किया। वहीं भारत के खिलाफ अर्धशतक जड़ने वाले इफ्तिखार अहमद भी ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जिससे 7.4 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 36 रन हो गया था। लेकिन शान मसूद एक छोर पर डटे हुए थे और उन्होंने शादाब खान के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 52 रन की भागीदारी से पाकिस्तान की पारी आगे बढ़ाई। लेग स्पिनर आल राउंडर रजा ने लगातार तीन विकेट झटककर जिम्बाब्वे को मैच में लौटाया जिसमें दो विकेट 14वें ओवर में लिए। पाकिस्तान का स्कोर 15.1 ओवर में छह विकेट पर 94 रन हो गया। नवाज (22 रन) ने वसीम के साथ मिलकर पाकिस्तान को दौड़ में बनाए रखा। इससे अंतिम ओवर में टीम को 11 रन की दरकार थी।
नवाज ने तीन रन बनाए और फिर इवांस की धीमी गेंद को चौके के लिए भेजा। पर इवांस ने शानदार वापसी की और अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर नवाज का विकेट ले लिया जिससे आखिरी गेंद पर तीन रन बनाने थे। शाहीन शाह अफरीदी इस अंतिम गेंद पर रन आउट हुए और स्कोर बराबर हो गया जिससे जिम्बाब्वे ने जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम (24 रन देकर चार विकेट) ने टी20 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे उन्होंने और स्पिनर शादाब ने जिम्बाब्वे को आठ विकेट पर 130 रन ही बनाने दिए। वसीम सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने और शादाब खान (23 रन लेकर तीन विकेट) मिलकर सात खिलाड़ियों को आउट किया। इससे अच्छी शुरूआत करने वाली जिम्बाब्वे की लय बिगड़ गई।

### स्कोरबोर्ड

**जिम्बाब्वे पारी** : माधेवेरे पगबाधा बो मोहम्मद वसीम 17,इरविन का मोहम्मद वसीम बो हैरिस रऊफ 19,शुम्बा का एवं बो शादाब खान 08,विलियम्स बो शादाब खान 31,रजा का हैरिस रऊफ बो मोहम्मद वसीम 09,चाकब्वा का बाबर आजम बो शादाब खान 00, बर्ल नाबाद 10,जोंगवे बो मोहम्मद वसीम 00, इवांस बो मोहम्मद वसीम 19,एनगारावा नाबाद 03,**अतिरिक्त** : 14,**कुल** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 130 रन,**विकेट पतन** :1-42, 2-43, 3-64, 4-95, 5-95, 6-95, 7-95, 8-126,**गेंदबाजी** : अफरीदी 4-0-29-0,नसीम 4-0-34-0, वसीम 4-0-24-4,रऊफ 4-1-12-1,शादाब 4-0-23-3

**पाकिस्तान पारी** : रिजवान बो मुजारबानी 14,आजम का बर्ल बो इवांस 04,मसूद का चाकब्वा बो सिकंदर रजा 44,अहमद का चाकब्वा बो जोंगवे 05, खान का विलियम्स बो सिकंदर रजा 17, अली पगबाधा बो सिकंदर रजा 00,नवाज का इरविन बो इवांस 22, वसीम नाबाद 22,अफरीदी रन आउट 01,**अतिरिक्त** : 10,**कुल** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 129 रन,**विकेट पतन** :1-13, 2-23, 3-36, 4-88, 5-88, 6-94, 7-128, 8-129,**गेंदबाजी** : रिचर्ड एनगारावा 4-0-24-0, मुजारबानी 4-0-18-1,इवांस 4-0-25-2,रजा 4-0-25-3,जोंगवे 1-0-10-1, विलियम्स 2-0-15-0, बर्ल 1-0-7-0

# रोसेयु और नॉर्किया के उम्दा खेल से दक्षिण अफ्रीका चमका

● बांग्लादेश पर 04 रन से जीत

भाषा। सिडनी



**रिली रोसेयु** के शतक और एनरिच नॉर्किया के चार विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के मैच में बृहस्पतिवार को बांग्लादेश को 104 रन से हरा दिया। रोसेयु ने 56 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों से 109 रन की पारी खेलने के अलावा क्विंटन डिकॉक (38 गेंद में 63 रन, सात चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी भी की जिसकी मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 205 रन बनाए। इसके बाद नॉर्किया ने टी20 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके 10 रन देकर चार विकेट लिए। बांग्लादेश की टीम 16.3 ओवर में 101 रन ही बना सकी। जीत के लिए विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों सौम्या सरकार (15) और नजमुल हुसैन (नौ) ने पहले दो ओवर में 26 रन बनाए जिसमें कैगिसो रबाडा के पहले ओवर में 17 रन शामिल हैं। कप्तान तेम्बा बावुमा ने रबाडा को हटाकर नॉर्किया को गेंद सौंपी जिन्होंने आते ही बांग्लादेश के शीर्षक्रम को तहस नहस कर दिया। उन्होंने अपने पहले ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। सौम्या विकेट के पीछे कैच देकर लौटे और हुसैन भी टिक नहीं सके। इसके बाद कप्तान शाकिब अल हसन (1) को नॉर्किया ने पगबाधा आउट किया। अफीफ हुसैन (1) को रबाडा ने पवेलियन भेजा।

### स्कोरबोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका**:बावुमा का नुरूल हसन बो तास्कि 02, डिकॉक का सरकार बो अफीफ 63 , रोसेयु का लिटन बो शाकिब 109 ,स्टब्स का लिटन बो शाकिब 07 ,मार्कराम का सरकार बो महमूद 10 ,मिलर नाबाद 02, पार्नेल नाबाद 00,**अतिरिक्त**: 12,**कुल**: 20 ओवर मे पांच विकेट पर: 205 रन, **विकेट पतन**:1-7, 2-170, 3-180, 4-197, 5-204,**गेंदबाजी**: , तास्किन 3-0-46-1 ,हसन 3-0-32-0, महमूद 4-0-36-1, मुस्ताफिजुर 4-0-25-0, मोसादेक 2-0-16 -0, शाकिब 3-0-33-2, अफीफा-0-11-1

**बांग्लादेश पारी** :शंटो बो नॉर्किया 9, सरकार का डिकॉक बो नॉर्किया 15, दास का स्टब्स बो शम्सी 34, हसन पगबाधा बो नॉर्किया 1, हुसैन का परनेल बो रबाडा 1,हसन मिराज का मार्कराम बो शम्सी 11, हुसैन स्ट डिकॉक बो महाराज 0,हसन का नॉर्किया बो शम्सी 2, अहमद बो नॉर्किया 10,महमूद रन आउट 0,रहमान नाबाद 9, **अतिरिक्त** : नौ रन, **कुल योग** : 16.3 ओवर मे 101 रन, **विकेट पतन** :1-26, 2- 27, 3-39, 4- 47, 5-66, 6-71, 7-76, 8-85, 9 -89, **गेंदबाजी** : रबाडा 3- 0-24-1, परनेल 2-0-18- 0, नॉर्किया 3.3-0-10-4, महाराज 4-0-24-1, शम्सी 4-0-20- 3

### पुरुष व महिला क्रिकेटरों के समान वेतन से नए युग की शुरुआत होगी : एनसीडब्ल्यू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गुरूवार को कहा कि महिला क्रिकेटरों को उनके पुरूष समकक्षों के बराबर मैच फीस मिलने से समान मौकों के नए युग की शुरूआत होगी और लैंगिक समानता हासिल करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। बीसीसीआई ने लैंगिक भेदभाव से निपटने के लिए महत्वपूर्ण फैसला करते हुए अपने केंद्रीय अनुबंधित महिला और पुरूष खिलाड़ियों को समान मैच फीस देने की घोषणा की है। अनुबंधित भारतीय महिला खिलाड़ियों को पुरुषों के समान वेतन देने के बीसीसीआई के फैसले का एनसीडब्ल्यू ने स्वागत किया है। देश भर की महिला क्रिकेट के लिए बड़ी जीत करार देते हुए एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि यह भारत में महिला क्रिकेटरों के लिए ऐतिहासिक फैसला है।आखिर महिला क्रिकेटरों की आवाज को सुना गया। एनसीडब्ल्यू ने बयान में कहा कि महिला क्रिकेटरों को उनके पुरूष समकक्षों के बराबर मैच फीस मिलने से समान मौकों के नए युग की शुरूआत होगी और लैंगिक समानता हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आयोग ने उम्मीद जताई कि इस फैसले से युवा प्रतिभा को खेल में अपने जुनून को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी।

# महिला क्रिकेटरों के लिए बोर्ड ने खोला और खजाना

● बीसीसीआई का फैसला : प्रत्येक टेस्ट के लिए 15 लाख ● वनडे के लिए छह लाख ,टी20 के लिए तीन लाख

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश के सबसे लोकप्रिय खेल में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय अनुबंधित महिला और पुरूष क्रिकेटरों को समान मैच फीस देने का फैसला किया है। नई व्यवस्था के तहत बीसीसीआई महिला क्रिकेटरों को भी अब पुरुष क्रिकेटरों के समान प्रत्येक टेस्ट के लिए 15 लाख रूपए, वनडे के लिए छह लाख और टी20 के लिए तीन लाख रूपए मैच फीस देगा। इससे पहले महिला खिलाड़ियों को प्रत्एक एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए एक लाख रुपए दिए जाते थे जबकि टेस्ट मैच की फीस चार लाख रुपए थी। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की आपात बैठक में यह फैसला किया गया। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, इस फैसले से क्रिकेट की प्रगति और विकास का मंच तैयार होगा। मेरा मानना है कि यह महिला क्रिकेट और कुल मिलाकर खेल के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, यह एक ऐतिहासिक फैसला है और हम भारतीय क्रिकेट के नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। मैं बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में अपने साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड क्रिकेट समान मैच फीस लागू करने वाला पहला बोर्ड था जबकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की लैंगिक असमानता को दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। भारत समान वेतन की व्यवस्था लागू करने वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सिर्फ दूसरा देश है। कोविड–19 महामारी के कारण मुकाबलों के रद्द और स्थगित होने के बावजूद भारत की पुरुष टीम ने पिछले दो साल में 21 टेस्ट मैच खेले जबकि इसी दौरान महिला टीम ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ एक–एक टेस्ट खेला। इससे कुछ दिन पहले ही बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष और अब आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल ने घोषणा की थी कि देश के क्रिकेट बोर्ड के खजाने में पिछले तीन साल में लगभग छह हजार करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। उम्मीद के मुताबिक क्रिकेट जगत ने इस कदम का स्वागत किया है। भारत की महान क्रिकेटर मिताली राज ने कहा , यह ऐतिहासिक कदम है। महिला क्रिकेट के लिए यह नया सवेरा है। समान मैच फीस और महिला आईपीएल महिला क्रिकेट को वहां तक ले जाने की दिशा में उठाए गए कदम हैं जहां पुरूष क्रिकेट आज है। महिला क्रिकेट समुदाय का हिस्सा होने के नाते मैं बीसीसीआई और सचिव जय शाह को इसके लिए धन्यवाद देती हूं। हम 2017 से महिला क्रिकेट की लोकप्रियता और विकास देखते आ रहे हैं। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। शीर्ष परिषद की निवर्तमान सदस्य और भारत की पूर्व खिलाड़ी शांता रंगास्वामी ने कहा , यह क्रांतिकारी फैसला है। इससे साबित होता है कि भारत में महिलाओं को बराबरी की नजर से देखा जाता है और कोई पक्षपात नहीं है।मैं जय शाह, रोजर बिन्नी और राजीव शुक्ला को धन्यवाद देता हूं। भारत के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह ने भी बीसीसीआई के फैसले का स्वागत किया। बीसीसीआई ने दूसरे खेल संघों के लिए मानक स्थापित किए हैं।

### समान वेतन सही दिशा में उठाया गया कदम लेकिन महिला आईपीएल से ज्यादा मौके मिलेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंधित महिला और पुरूष क्रिकेटरों को समान मैच फीस देने के फैसले की क्रिकेट जगत ने प्रशंसा की है लेकिन विशेषज्ञो का कहना है कि यह खेल को लैंगिक समानता की ओर पहुंचाने के लिए महज एक कदम है और अधिक समावेशिता तभी हासिल की जा सकती है जब मार्च मे महिलाओ की शुरूआती इंडियन प्रीमियर लीग आयोजित की जाएगी। भारत के लिए पांच टेस्ट, 116 वनडे और 41 टी20 मैच खेलने वाली पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अमिता शर्मा ने कहा, यह स्वागत योग्य कदम है, यह सकारात्मक कदम है, लेकिन अगर हम पुरूष और महिलाओ के केंद्रीय अनुबंध देखें तो हम अब भी लैंगिक समानता से काफी दूर है। मुझे पूरा भरोसा है कि बीसीसीआई भविष्य मे इसे देखेगा। पूर्व भारतीय कप्तान डायना एडुल्जी ने कहा, मै बीसीसीआई को महिलाओ की मैच फीस पुरूषो के बराबर करने के लिए बधाई देती हूं। महिलाओ की आईपीएल भी जल्द ही आ रही है, इससे काफी बड़ी संख्या मे हमारी महिला क्रिकेटरो पर सकारात्मक असर पड़ेगा जिसमे घरेलू क्रिकेटर भी शामिल है। यह कई अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिए जीवन बदलने वाला हो सकता है।

# बोपन्ना और मिडेलकूप एर्स्टे बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**वियना।** भारत के रोहन बोपन्ना और नीदरलैड के मेटवे मिडेलकूप ने अर्जेंटीना के पेड्रो कोचिन और डिएगो श्वार्त्जमैन को सीधे सेटो मे हराकर एर्स्टे बैक ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बोपन्ना और मिडेलकूप ने 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना आंद्रेस मोल्टेनी और सैंटियागो गोंजालेस से होगा जिन्होने वेसले कूलहोफ और नील स्कूप्स्की को 7-6, 7-5 से हराया।

### अल्कारेज स्विस टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**बासेल।** शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने बुधवार को यहां बोटिक वान डि जेंडशुल्प को सीधे सेट मे हराकर स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्पेन के 19 साल के अल्कारेज ने दूसरे दौर के मुकाबले मे 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। उन्होने इस मुकाबले के दौरान 20 विनर लगाए जबकि सिर्फ नौ सहज गलतियां की। तीसरे वरीय फेलिक्स ऑगर एलियासिम ने पहले दौर के मुकाबले मे स्विट्जरलैड के वाइल्ड कार्ड धारक मार्क एंड्रिया ह्युसलर को 6-7 (3), 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। सातवे वरीय एलेक्स डि मिनोर को 25वे वरीय होल्गर रूने ने 6-2, 7-5 से हराया। आठवे वरीय लोरेंजो मुसेटी को भी स्पेन के 34 साल के अल्बर्ट रामोस विनोलास के खिलाफ 6-1, 3-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### बार्सीलोना और एटलेटिको चैंपियन्स लीग से बाहर, लीवरपूल आगे बढ़ा



**जिनेवा।** बार्सीलोना की टीम बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 0-3 की हार के साथ चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। एटलेटिको मैड्रिड की टीम भी बायर लीवरकूसेन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में जगह बनाने में विफल रही। एटलेटिको को अंतिम लम्हों में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन इसके बावजूद टीम गोल करने मे नाकाम रही और पोर्टो ने नॉकआउट मे जगह बनाई। पोर्टो ने इससे पहले ग्रुप में शीर्ष पर चल रहे ब्रुज को 4-0 से हराया था। स्पेन की दो दिग्गज टीम बार्सीलोना और एटलेटिको मैड्रिड अब यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता के प्री क्वार्टर फाइनल का हिस्सा नही होगी। लीवरपूल ने ग्रुप ए मे अजैक्स को 3-0 से हराकर एक मैच शेष रहते नॉकआउट में जगह पक्की की।